Follow us on: @TheDailyPioneer facebook.com/dailypioneer instagram.com/dailypioneer/

# पायनियर

Established 1865

रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

वर्ष-09, अंक-257

रायपुर, शनिवार 10 मई 2025

पृष्ठ-12, मूल्य ₹ 3.00

www.dailypioneer.com


## क्विक न्यूज

### जेपी नड्डा ने आपातकालीन स्वास्थ्य प्रणाली की समीक्षा



**नयी दिल्ली।** पाकिस्तान के साथ बढ़ते सैन्य तनाव के बीच केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नडडा ने देश में सभी चिकित्सा आपातकालीन और स्वास्थ्य सेवा प्रणालियों को हर समय तैयार रहने का निर्देश दिये हैं। नड्डा ने आपातकालीन एवं स्वास्थ्य सेवा प्रणालियों की तैयारियों की एक समीक्षा बैठक में कहा कि पूरे देश में स्वास्थ्य सेवाओं और प्रणालियों का संचालन और कार्यशील होना सुनिश्चित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी राज्य सरकारों, विशेषकर सीमावर्ती राज्यों के साथ जमीनी स्तर पर संपर्क प्रभावी ढंग से स्थापित किए जाएँ, ताकि आवश्यकता पड़ने पर तत्काल आपातकालीन स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित की जा सके।

### भारत पाक तनाव में निवेशकों के डूबे सात लाख करोड़ से अधिक

**मुंबई।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम की गयी क्रूर आतंकी कार्रवाई के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच उत्पन्न युद्ध जैसी स्थिति से हतोत्साहित निवेशकों द्वारा शेयर बाजार में की जा रही बिकवाली से पिछले दो दिनों में निवेशकों के सात लाख करोड़ रुपये से अधिक डूब गये हैं। सात मई को देश के प्रमुख शेयर बाजार बीएसई का बाजार पूंजीकरण 42350633.78 करोड़ रुपये था जो गुरूवार को हुयी बिकवाली के दबाव में घटकर 41850596.04 करोड़ रुपये पर आ गया था और यह गिरावट लेकर 41640850.46 करोड़ रुपये पर आ गया।

### बघेल के विस निर्वाचन को चुनौती देने वाली याचिका पर रोक लगाने से इंकार

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री व पाटन विधायक भूपेश बघेल के 2023 विधानसभा निर्वाचन को चुनौती देने वाली याचिका पर रोक लगाने से इंकार कर दिया है। अब बघेल के निर्वाचन को चुनौती देने वाली चुनाव याचिका पर हाईकोर्ट में सुनवाई जारी रहेगी। अदालत ने बघेल को चुनाव याचिका के तकनीकी बिंदुओं को लेकर दायर याचिका के खारिज करने की मांग खारिज कर दी है। इस मामले की अगली सुनवाई 18 जून को होगी। पाटन विधानसभा चुनाव में आदर्श आचार संहिता और चुनाव आयोग के निर्देशों की अवहेलना करने का आरोप लगाते हुए दुर्ग से भारतीय जनता पार्टी सांसद विजय बघेल, जो पाटन विधानसभा से भाजपा के प्रत्याशी थे।



# बाज नहीं आ रहा पाकिस्तान, तुर्किए के ड्रोनों से भारतीय ठिकानों पर हमले की कोशिश

एजेंसी ◄ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

भारत ने कहा है कि पाकिस्तान ने को एक बार फिर भड़काने वाली नापाक हरकत करते हुए भारतीय सीमाओं का उल्लंघन किया तथा तुर्किए के करीब 300 से 400 ड्रोन से भारतीय सैन्य ठिकानों को निशाना बनाने तथा 36 जगहों पर घुसपैठ की असफल कोशिश की जिसका भारतीय सशस्त्र बलों ने करारा जवाब दिया और पाकिस्तान के चार वायु रक्षा ठिकानों पर जोरदार कार्रवाई की। भारत ने कहा कि पाकिस्तान ने हमले के दौरान जानबूझ कर नागरिक हवाई क्षेत्र को बंद नहीं किया और नागरिक विमानों का ढाल के रूप में इस्तेमाल किया। साथ ही भारत ने ननकाना साहिब गुरूद्वारे पर हमले के पाकिस्तान के आरोप को भ्रामक बताते हुए खारिज कर दिया और कहा कि इस तरह के भ्रामक दुष्प्रचार से पाकिस्तान भारत में सांप्रदायिक विवाद पैदा करना चाहता है। विदेश सचिव विक्रम मिस्री, सेना की कर्नल सौफिया कुरैशी और वायु सेना की विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने एक संवाददाता सम्मेलन में पहलगाम हमले के बाद सशस्त्र सेनाओं द्वारा चलाये जा रहे ऑपरेशन सिंदूर के बारे में जानकारी दी। कर्नल कुरैशी ने कहा कि पाकिस्तानी सेना ने गुरूवार रात भारत के सैन्य ठिकानों को निशाना बनाने के इरादे से पश्चिमी सीमा पर कई बार भारतीय हवाई क्षेत्र का उल्लंघन किया। पाकिस्तानी सेना ने नियंत्रण रेखा पर भारी कैलिबर के हथियारों से भी गोलीबारी की और 36 स्थानों पर घुसपैठ की कोशिश करने के लिए लगभग 300 से 400 ड्रोन का इस्तेमाल किया। उन्होंने कहा कि भारतीय सशस्त्र बलों ने स्थिर और गतिशील हथियार प्रणाली का उपयोग करके कई ड्रोन को मार गिराया।



### बीएसएफ के जवानों ने सांबा सेक्टर में सात आतंकवादियों को ढेर किया



**नयी दिल्ली।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों ने जम्मू फ्रंटियर के सांबा सेक्टर में रात घुसपैठ की कोशिश करने वाले सात आतंकवादियों को ढेर कर दिया। बी एस एफके प्रवक्ता ने बताया कि निगरानी ग्रिड को सांबा सेक्टर में घुसपैठ की कोशिश करने वाले आतंकवादियों की भनक लगी। पाकिस्तान के रेंजर्स ढांढर पोस्ट से गोलीबारी कर आतंकवादियों को कवर दे रहे थे। बीएसएफ के सतर्क जवानों ने घुसपैठ की कोशिश को नाकाम करते हुए कम से कम 7 आतंकवादियों को मार गिराया और पाक पोस्ट ढांढर को भारी नुकसान पहुंचाया। बीएसएफ ने पाकिस्तानी चौकी को ध्वस्त करने का वीडियो भी जारी किया है।

### पाकिस्तान में हवाई यातायात बुरी तरह प्रभावित, कई उड़ानें रद्द

**इस्लामाबाद।** भारत के साथ बढ़ते तनाव के बीच पाकिस्तान में उड़ानें निलंबित हैं, जिससे देश के हवाई अडडों पर सैकड़ों यात्री फंसे हुए हैं और कई लोगों की उड़ानें आखिरी समय में रदद कर दी गयी है। पाकिस्तानी समाचारपत्र डॉन की रिपोर्ट के मुताबिक लाहौर, इस्लामाबाद, कराची और सियालकोट के हवाई अडडे विशेष रूप से प्रभावित हुए हैं। पाकिस्तान एयरपोर्ट अथॉरिटी (पीएए) ने पहले कहा था कि कराची के जिन्ना इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर उड़ान संचालन आधी रात तक निलंबित रहेगा, लेकिन उड़ानें निर्धारित समय से पहले फिर से शुरू हो गयीं। इस्लामाबाद, लाहौर और सियालकोट हवाई अडडों पर उड़ान संचालन शाम तक फिर से शुरू हो गया। पीआईए ने पुष्टि की है कि देश में चल रही सुरक्षा स्थिति ने पूरे देश में हवाई परिचालन को बुरी तरह से बाधित किया है। पीआईए के प्रवक्ता ने कहा कि हवाई सुरक्षा के हित में एहतियात के तौर पर कुछ मार्गों को प्रतिबंधित किया गया है, जिससे कई उड़ानें प्रभावित हुई हैं।

### पाकिस्तान ने पंजाब के कई शहरों पर किया ड्रोन हमला, फिरोजपुर में परिवार के तीन सदस्य झुलसे

**जालंधर।** पंजाब में अंधेरा होते ही पाकिस्तान ने फिरोजपुर, फाजिल्का, अमृतसर, होशियारपुर और पठानकोट पर हमला कर दिया जिन्हें सेना के डिफेंस सिस्टम ने उन्हें आसमान में ही मार गिराना शुरू कर दिया। पाकिस्तान लगातार ड्रोन भेज रहा है। आसमान में लगातार धमाकों की आवाज सुनाई दे रही है। हमले के बीच पठानकोट, फिरोजपुर, अमृतसर, गुरदासपुर, होशियारपुर, जालंधर, फाजिल्का और पटियाला में ब्लैकआउट भी कर दिया गया है। फिरोजपुर के एसएसपी वरिंदर सिंह ने बताया कि पाकिस्तान की ओर से फिरोजपुर के गांव खाई बेमैंके में पांच से छह ड्रोन आए थे जिन्हें सेना ने मार गिराया है। इस हमले में एक घर पर ड्रोन गिरने से एक महिला सहित तीन लोग झुलस गए हैं। घायलों में लखविंदर, उसका बेटा मोनू और उसकी पत्नी शामिल हैं। घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस अधिकारी घटना स्थल पर पहुंच गए हैं।

# ईमानदारी से काम करने वाली हमारी सरकार ने जनता के सामने रखा है अपना रिपोर्ट कार्ड : मुख्यमंत्री साय

पायनियर संवाददाता ◄ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

ईमानदारी से काम करने वाली सरकार ही जनता के सामने अपना रिपोर्ट कार्ड रख सकती है। हमने ये काम किया है। हमारी पारदर्शी सरकार सुशासन तिहार के माध्यम से समस्याओं का समाधान करने के लिए आपके बीच पहुंच रही है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सुशासन तिहार के अंतर्गत गरियाबंद जिले की ग्राम पंचायत मड़ेली में आयोजित समाधान शिविर को संबोधित करते हुए यह बातें कही। सीएम साय ने कहा कि सुशासन तिहार के तीसरे चरण के पांचवें दिन 10 वें जिले में आप सभी के बीच आया हूं ताकि योजनाओं के क्रियान्वयन की जमीनी हकीकत का पता चल सके। इस दौरान मुख्यमंत्री ने 75 करोड़ की लागत से ग्राम पंचायत मड़ेली में 132 केवी सब स्टेशन और विद्युत लाइन विस्तार तथा 147 करोड़ रुपए की लागत से राजिम से छुरा (बेलटुकरी होते हुए) 43 किमी सड़क चौड़ीकरण और पिपरछेड़ी जलाशय के अधूरे निर्माण को पूर्ण कराए जाने की बड़ी घोषणा की। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने भगवान राजीव लोचन के जयकारे के साथ अपने संबोधन की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार को लगभग डेढ़ साल पूरे होने वाले है। इस दौरान हम मोदी की सभी गारंटियों को पूरा करने का काम कर रहे हैं। सीएम साय ने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री ने सभी से वादा किया था कि सरकार बनते ही मुख्यमंत्री का पहला काम होगा कि वे सभी गरीब व जरूरतमंद परिवारों को पक्का छत मुहैया कराएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने पहली कैबिनेट में 18 लाख गरीब परिवारों के आवास को स्वीकृति दी थी और लगातार अब भी आवास देने का काम कर रहे हैं। सीएम साय ने कहा कि आगामी 13 तारीख को केंद्रीय पंचायत मंत्री की मौजूदगी में 3.5 लाख आवास गरीब परिवारों को और मिलने वाले हैं। उन्होंने कहा कि आवास प्लस प्लस की सर्वे तिथि को भी बढ़ा दिया गया है और आवास की पात्रता नियमों को भी शिथिल कर दिया गया है। उन्होंने सभी से आवास प्लस प्लस सर्वे में शामिल होने का आग्रह किया। सीएम साय ने कहा कि हमारी सरकार ने 3100 रूपये प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी, धान के बकाया बोनस की राशि देने और महतारी वंदन योजना के माध्यम से प्रदेश की माताओं-बहनों को आर्थिक संबल देने का काम किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि रामलला दर्शन योजना और मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के माध्यम से हम अपने प्रदेशवासियों और वृद्धजनों को तीर्थ यात्रा करवा रहे हैं। सीएम साय ने शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी साझा करते हुए अधिक से अधिक लोगों को इसका लाभ लेने को कहा। समाधान शिविर में मुख्यमंत्री साय ने दिव्यांगजनों को ट्राइसाइकिल और विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत हितग्राहियों को अन्य उपकरण और सामग्रियां वितरित किए। ➤विस्तृत पेज 12 पर..

### जान है कीमती, हेलमेट जरूर लगाएं : मुख्यमंत्री साय



**बलौदाबाजार।** सुशासन तिहार के दौरान शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन के औचक निरीक्षण हेतु बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के बलदाकछार पहुँचे मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने गाँव के दो युवाओं को अपने हाथों से हेलमेट पहनाकर सड़क सुरक्षा का संदेश दिया। उन्होंने बरगद के नीचे लगी चौपाल में बलदाकछार के 24 वर्षीय धनंजय पटेल और 28 वर्षीय हेमलता चंद्राकर को हेलमेट पहनाया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री साय ने शिविर में उपस्थित सभी लोगों से अपील की कि वे दोपहिया वाहन चलाते समय अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति की जान अनमोल है। सड़क पर वाहन चलाते समय दुर्घटना की स्थिति में हेलमेट सिर में गंभीर चोटों से बचाता है। उन्होंने कहा कि हेलमेट लगाना न केवल यातायात नियमों का पालन है, बल्कि स्वयं की सुरक्षा के लिए भी अत्यंत आवश्यक है।

## प्राकृतिक खेती का वैश्विक संदेश कुरुक्षेत्र से दिया जा रहा है : जिंदल

पायनियर संवाददाता ◄ कुरुक्षेत्र
www.dailypioneer.com



हरियाणा के कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में आयोजित कृषि-तकनीकी प्रदर्शनी एवं स्टार्टअप कॉन्क्लेव में सांसद नवीन जिंदल ने कहा कि कुरुक्षेत्र की पावन भूमि से प्राकृतिक खेती का संदेश दिया जा रहा है। जिंदल ने कहा कि कहा कि जब तक किसानों में प्राकृतिक खेती के प्रति जागरूकता नहीं होगी, तब तक यह अभियान सफल नहीं हो सकता। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल को गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत और पद्म डॉ. हरिओम मिलकर आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने बताया कि नेशनल मिशन ऑन नेच्युरल फार्मिंग के तहत 2,481 करोड़ रुपये की योजना शुरू की गयी है, जिसका उददेश्य रसायन मुक्त खेती को प्रोत्साहित करना और पोषक अनाज का उत्पादन बढ़ाना है। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे पहले अपने परिवार के लिए प्राकृतिक खेती अपनायें और फिर इसे बड़े स्तर पर फैलायें। आज की उपभोक्ता पीढ़ी प्राकृतिक उत्पादों को प्राथमिकता देती है, जिससे इसकी बाजार में मांग बढ़ रही है। जिंदल ने किसानों से कहा कि प्रदर्शनी और कॉन्क्लेव संवाद और प्रशिक्षण का एक बेहतरीन अवसर है। देशभर से आये प्रगतिशील किसान नयी तकनीकों और प्रयोगों की जानकारी सांझा कर रहे हैं। उन्होंने किसानों से आह्वान किया कि वे रासायनिक खेती से होने वाले नुकसान को समझें और प्राकृतिक खेती अपनायें। उन्होंने बताया कि पशुपालकों और युवाओं के लिए विशेष सेमिनार आयोजित किए जायेंगे। उन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दे पर कहा कि भारत आतंकवाद के हर रूप का सख्ती से जवाब देगा। उन्होंने पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की निंदा की और पीएम मोदी, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और भारतीय सेना पर गर्व जताया।

## भागवत ने सरकार की कार्रवाई का किया समर्थन, कहा 'सभी भारतीय एक साथ हैं

पायनियर संवाददाता ◄ बेलगावी
www.dailypioneer.com



राष्ट्रीय स्वयं सेवक सरसंघचालक मोहन भागवत ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत चल रही सैन्य कार्रवाई के मददेनजर राष्ट्रीय एकता को रेखांकित करते हुए घोषणा की कि इस समय सभी भारतीय एक साथ हैं। सांब्रा हवाई अडडे पर संवाददाताओं को संबोधित करते हुए भागवत ने ऑपरेशन के विवरण पर टिप्पणी करने से परहेज किया, लेकिन सामूहिक संकल्प पर जोर देते हुए कहा, सब लोग साथ हैं इस समय। भागवत की टिप्पणी दिन के पहले दिए गए एक बयान के बाद आई है जिसमें उन्होंने पहलगाम आतंकी हमले के लिए ऑपरेशन सिंदूर को एक निर्णायक और सम्मानजनक प्रतिक्रिया बताया था। उन्होंने पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के खिलाफ लक्षित हमलों के माध्यम से त्वरित न्याय करने के लिए केंद्र और सशस्त्र बलों की सराहना की, इस कदम को राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए 'आवश्यक और अपरिहार्य' दोनों बताया। आरएसएस ने सीमा पर धार्मिक स्थलों और नागरिक बस्तियों पर पाकिस्तान द्वारा किए गए 'अमानवीय' हमलों की कड़ी निंदा की। शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए संगठन ने नागरिकों से सतर्क रहने, सरकारी सलाह का पालन करने और सामाजिक सदभाव को बनाए रखने में योगदान देने का आग्रह किया। उन्होंने लोगों से इस महत्वपूर्ण समय में नागरिक और सैन्य अधिकारियों की सहायता करने और देश की एकता को भंग करने की राष्ट्र विरोधी ताकतों की किसी भी कोशिश को विफल करने का आह्वान भी किया।

## मोदी ने राजनाथ और शीर्ष सैन्य नेतृत्व के साथ बैठक की

पायनियर संवाददाता ◄ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



भारत और पाकिस्तान के बीच चल रही सैन्य कार्रवाई के कारण निरन्तर बढ़ते तनाव के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और शीर्ष सैन्य नेतृत्व के साथ बैठक में स्थिति की समीक्षा की। प्रधानमंत्री कार्यालय में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इस बैठक के बारे में जानकारी दी। बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के अलावा राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान और तीनों सेनाओं के प्रमुखों तथा अधिकारियों ने हिस्सा लिया। रक्षा मंत्री तथा अधिकारियों ने प्रधानमंत्री को पाकिस्तान की ओर से संघर्ष विराम का उल्लंघन कर की जा रही कार्रवाई तथा उसके जवाब में भारतीय सेनाओं की कार्रवाई की जानकारी दी। उल्लेखनीय है कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद से पाकिस्तानी सेना संघर्ष विराम का उल्लंघन कर भारतीय सीमाओं में लगातार हमले करने की कोशिश कर रही है। आज भी भारतीय सशस्त्र सेनाओं ने सांबा और जैसलमेर आदि क्षेत्रों में पाकिस्तान की ओर से भेजे गए ड्रोन को नष्ट कर हमले की कोशिशें को नाकाम कर दिया।

## शिवराज सिंह चौहान 13 मई को अम्बिकापुर आएंगे, उपमुख्यमंत्री शर्मा एवं वित्त मंत्री चौधरी ने अधिकारियों की बैठक ली

पायनियर संवाददाता ◄ अंबिकापुर
www.dailypioneer.com




केंद्रीय ग्रामीण विकास तथा कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान 13 मई को अम्बिकापुर के दौरे पर आएंगे। उनके प्रस्तावित कार्यक्रम को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा आवश्यक तैयारियां शुरू कर दी गई है। इसी सिलसिले में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा एवं वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने सरगुजा संभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक लेकर तैयारियों की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### आर्थिक स्थिरता सुनिश्चित करने में बैंकिंग और वित्तीय क्षेत्र की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया

## बैंकों को किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार रहने के निर्देश

पायनियर संवाददाता ◄ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com




केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने पाकिस्तान सीमा पर तनाव से उत्पन्न सुरक्षा चिंताओं के बीच सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के बैंकों तथा बीमा कंपनियों को किसी भी स्थिति या संकट से निपटने के लिए पूरी तरह से तैयार रहने के निर्देश दिये। सीतारमण ने बैंकिंग क्षेत्र की परिचालन और साइबर सुरक्षा तैयारियों की समीक्षा के दौरान यह निर्देश दिये। इस बैठक में इंटरनेट बैंकिंग और यूपीआई जैसे डिजिटल अनुप्रयोग को लेकर साइबर सुरक्षा तैयारियों की भी समीक्षा की गयी। इसमें सरकारी और निजी बैंकों तथा बीमा कंपनियों के प्रबंध निदेशकों और सीईओ ने भाग लिया। वित्तीय सेवा विभाग, वित्त मंत्रालय, सीईआरटी इन, भारतीय रिजर्व बैंक, भारतीय बीमा एवं विकास विनियमाक प्राधिरकण और एनपीसीआई के अधिकारियों ने भाग लिया, जिसमें बैंकिंग क्षेत्र की परिचालन और साइबर सुरक्षा तैयारियों की समीक्षा पर ध्यान केंद्रित किया गया। इस दौरान सीतारमण ने भू-राजनीतिक तनाव और चुनौतीपूर्ण समय के दौरान आर्थिक स्थिरता सुनिश्चित करने में बैंकिंग और वित्तीय क्षेत्र की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने सभी बैंकों को किसी भी स्थिति या संकट से निपटने के लिए पूरी तरह से सतर्क और तैयार रहने का निर्देश दिया, ताकि देश भर में नागरिकों, खासकर सीमावर्ती क्षेत्रों में बैंकिंग और वित्तीय सेवाओं तक निर्बाध पहुंच सुनिश्चित हो सके। उन्होंने दोहराया कि भारत सरकार राष्ट्रीय सुरक्षा और आर्थिक स्थिरता के लिए दृढ़ता से प्रतिबद्ध है, और उन्होंने कहा कि देश की बैंकिंग और वित्तीय प्रणाली मजबूत और लचीली बनी हुई है। सीतारमण ने कहा कि बैंकिंग सेवाएं, भौतिक और डिजिटल दोनों, बिना किसी व्यवधान और गड़बड़ी के काम करनी चाहिए और किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए आपातकालीन प्रोटोकॉल को अपडेट और परखा जाना चाहिए। उन्होंने सीमावर्ती क्षेत्रों के आसपास की शाखाओं में काम करने वाले बैंक कर्मचारियों और उनके परिवारों की सुरक्षा के बारे में चिंता व्यक्त की और बैंकों को सुरक्षा एजेंसियों के साथ प्रभावी समन्वय करके उनकी पर्याप्त सुरक्षा सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। वित्त मंत्री ने बैंकों से यह सुनिश्चित करने को कहा कि किसी भी परिस्थिति में नागरिकों और व्यवसायों को परेशानी न हो, तथा एटीएम में निर्बाध नकदी उपलब्धता, निर्बाध यूपीआई और इंटरनेट बैंकिंग सेवाएं और आवश्यक बैंकिंग सुविधाओं तक निरंतर पहुंच को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। सीतारमण ने बैंकों को अपने साइबर सुरक्षा प्रणालियों और डेटा केंद्रों का नियमित ऑडिट करने और यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि सभी डिजिटल और कोर बैंकिंग बुनियादी ढांचे को पूरी तरह से फायरवॉल किया गया है।

## राष्ट्रधर्म सर्वोपरि और सर्वप्रथम : धनखड़

पायनियर संवाददाता ◄ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा है कि राष्ट्रधर्म सर्वोपरि और सर्वप्रथम है तथा कोई भी व्यक्तिगत, राजनीतिक एवं आर्थिक हित राष्ट्र से ऊपर नहीं हो सकता। धनखड़ ने एक कार्यक्रम में पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं हरियाणा के राज्यपाल बंडारु दत्तात्रेय ने पुस्तक 'जनता की कहानी-मेरी आत्मकथा' का लोकार्पण करते हुए कहा, बिना अभिव्यक्ति के प्रजातंत्र जीवित नहीं रह सकता और अभिव्यक्ति करने वाला व्यक्ति यदि यह समझे कि मैं कह रहा हूं वही सही है और कुछ सही नहीं है तो अभिव्यक्ति सार्थक नहीं है। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर, जी किशन रेडडी और एस पी सिंह बघेल, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान भी मौजूद थे। उन्होंने कहा कि अभिव्यक्ति करने वाला व्यक्ति जब दूसरे की बात सुनता है तो उसको बहुत जल्दी बोध हो जाता है कि उसका मत सही नहीं है। अभिव्यक्ति करने वाले व्यक्ति को हमेशा तत्पर रहना चाहिए कि वह दूसरे का मत सुने। प्रजातांत्रिक व्यवस्था में अभिव्यक्ति और वाद विवाद एक दूसरे के पूरक हैं। एक दूसरे के बिना जीवित नहीं रह सकते। उन्होंने पाकिस्तान के विरुद्ध भारतीय सैन्य कार्रवाई पर कहा कि आज के दिन हर भारतीय शासन की ताकत और दृष्टिकोण तथा सोच को महसूस कर रहा है। उन्होंने कहा, इस मामले में हम किसी देश के मोहताज नहीं है और आज जो भारत में हो रहा है वह हर भारतीय के मन को ऊंचा कर रहा है। उन्होंने कहा कि हम भारतीय हैं, भारतीयता हमारी पहचान है, राष्ट्रधर्म सर्वोपरि है, राष्ट्र प्रथम है। कोई भी हित, चाहे वह व्यक्तिगत हो, राजनीतिक हो या आर्थिक राष्ट्र हित से ऊपर नहीं हो सकता।

## बीसीसीआई ने पाकिस्तान से तनाव के बीच आईपीएल एक सप्ताह के लिये किया स्थगित

वार्ता ◄ मुम्बई
www.dailypioneer.com



भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव को देखते हुये इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के शेष मैचों को एक सप्ताह के लिये स्थगित कर दिया है। बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने अपराह्न जारी एक बयान में कहा कि आईपीएल 2025 को तत्काल प्रभाव से एक सप्ताह के लिए स्थगित कर दिया है। बीसीसीआई के वरिष्ठ अधिकारियों और आईपीएल गवर्निंग काउंसिल ने सभी प्रमुख हितधारकों के साथ परामर्श के बाद आईपीएल को एक सप्ताह के लिए स्थगित करने का फैसला लिया गया। बैठक में आईपीएल के अध्यक्ष अरुण धूमल भी शामिल थे। सैकिया ने कहा कि संबंधित अधिकारियों और हितधारकों के परामर्श से स्थिति का व्यापक आकलन करने के बाद टूर्नामेंट के नए कार्यक्रम और स्थलों के बारे में आगे की जानकारी उचित समय पर दी जायेगी। लखनऊ से प्राप्त जानकारी के अनुसार रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और लखनऊ सुपर जायंट्स के बीच होने वाले मैच की टिकटों के पैसे लौटाये जा रहे हैं और स्टेडियम के सभी गेट बंद कर दिये गये हैं। सभी 10 फ्रेंचाइजी और प्रमुख हितधारकों को इस फैसले के बारे में सूचित कर दिया गया है। माना जा रहा है कि खिलाड़ियों की सुरक्षा के मद्देनजर यह फैसला लिया गया है। इससे पहले गुरुवार को धर्मशाला में पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच चल रहे मैच को रद्द कर दिया गया था। मैच के बाद आईपीएल के अध्यक्ष अरुण धूमल ने कहा था कि बोर्ड स्थिति पर बारीकी से नजर रखे हुये है और कोई भी आखिरी फैसला केंद्र सरकार के परामर्श से ही लिया जायेगा। आईपीएल 2025 में अभी तक 58 मैच हो चुके हैं, जिसमें धर्मशाला में मैच रदद होना भी शामिल है।

# जनजातीय कला और कलाकारों पर है मां सरस्वती का आशीष: मोहन यादव

पायनियर संवाददाता ➤ भोपाल
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश के जनजातीय कला और कलाकारों ने देश-विदेश में अपनी पहचान बनाई है। जनजातीय समृद्ध कला विरासत और इसके कलाकारों को मां सरस्वती का आशीष प्राप्त है। जनजातीय कलाकारों की कल्पनाशीलता प्रशंसनीय है। डॉ यादव यहां रवीन्द्र भवन में तीन दिवसीय राज्य स्तरीय आदि शिल्पग्राम महोत्सव के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक सधे और गढ़े हुए हाथों से बारीक चित्रकारी कर जनजातीय कलाकारों ने पूरी दुनिया को अपना हुनर दिखाया है। हमारी सरकार सभी जनजातीय कलाओं के संरक्षण और कलाकारों को प्रोत्साहन देने के लिए हर जरूरी कदम उठा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि हमारी सरकार विरासत से विकास की ओर बढ़ने के संकल्प के अनुरूप सभी प्राचीन कला, संस्कृति, परंपराओं और इनके कलाकारों को संरक्षण दे रही है। गोंड चित्रकला को जीआई टेग प्राप्त हो चुका है, जो इस चित्रकला और इससे संबंधित चित्रकारों को वैश्विक सम्मान मिलने का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार सभी प्रकार की जनजातीय शिल्प, चित्रकारी और कलाकारों को उनकी कला प्रदर्शन एवं बाजार उपलब्ध कराने के लिए विभिन्न आयोजनों के जरिए समुचित मंच प्रदान करने का प्रयास कर रही है। हमने केंद्र सरकार के साथ मिलकर प्रदेश के संपूर्ण जनजातीय वर्ग को विकास मुख्य धारा से जोड़ने के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं और विकास कार्यक्रम प्रारंभ किए हैं। इन योजनाओं को जमीन पर उतारने का काम तेजी से प्रगति पर है। डॉ यादव ने जनजातीय पराक्रम, शौर्य और बलिदान के प्रतीक राजा शंकर शाह, कुंवर रघुनाथ शाह और राजा हृदय शाह के मंडला स्थित प्राचीन किले के जीर्णोद्धार के लिए 15 करोड़ रुपये देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि जनजातीय समुदाय की महान विभूतियों को समूचित सम्मान मिले, इसके लिए राजधानी भोपाल में अत्याधुनिक रेलवे स्टेशन का नाम रानी कमलापति स्टेशन रखा गया है। क्रांतिसूर्य टंट्या मामा के नाम से खरगौन में विश्वविद्यालय की शुरुआत भी की गई है। रानी दुर्गावती की धरती पर मंत्रि-परिषद की बैठक कर हमने उन्हें सम्मान दिया है। उन्होंने देश के सीमा पार से बढ़ती आतंकवादी घटनाओं पर सख्ती से अंकुश लगाने के लिए की जा रही प्रतिरक्षा कार्यवाही के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भारतीय सेना को बधाई।

# मध्यप्रदेश कृषि के क्षेत्र में तेजी से बढ़ रहा है आगे: कंषाना

एजेंसी ➤ भोपाल
www.dailypioneer.com

किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री एदल सिंह कंषाना ने कहा है कि मध्यप्रदेश कृषि के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। प्रदेश ने कृषि के क्षेत्र में नये कीर्तिमान स्थापित किये हैं। साथ ही फसलों के उत्पादन में रिकार्ड बनाया। प्रदेश को लगातार 7 बार कृषि कर्मण अवार्ड मिला है। आधिकारिक जानकारी में कंषाना ने कहा कि प्रदेश दालों के उत्पादन में प्रथम स्थान पर, खाद्यान उत्पादन में द्वितीय स्थान पर एवं तिलहन उत्पादन में तृतीय स्थान पर है। तृतीय फसली क्षेत्र में तेजी से वृद्धि हो रही है। नरवाई जलाने को हतोत्साहित करने कुछ प्रतिबंध भी लगाये गये है। इसमें नरवाई जलाने की घटना वाले कृषकों को आगामी एक वर्ष के लिए मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि की राशि 6 हजार रूपये का भुगतान नहीं किये जाने साथ ही आगामी एक वर्ष के लिए उनकी उपज का उपार्जन न्यूनतम समर्थन मूल्य पर नहीं करना भी शामिल है। राज्य सरकार द्वारा किसानों के हित में कृषि उद्यानिकी एवं खाद्य प्र-संस्करण विभाग, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण अंतर्गत कई कार्यक्रम किये जा रहे है, जिससे प्रदेश के किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ है। खरीफ 2024 के धान उत्पादक कृषकों को जिन्होंने न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान का विक्रय किया है, उन्हें प्रोत्साहन राशि प्रदान की जायेगी। चार हजार रूपये प्रति हैक्टेयर की दर से प्रोत्साहन राशि का वितरण किया जायेगा, जिसमें एक कृषक को अधिकतम दस हजार रूपये की राशि प्रोत्साहन के रूप में प्रदाय की जायेगी। राज्य सरकार द्वारा रबी 2024-25 में उपार्जित गेहूँ पर 175 रुपए प्रति क्विंटल प्रोत्साहन राशि प्रदाय की जा रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि में लगभग 83.50 लाख से अधिक किसानों को लगभग 1770 करोड़ रुपए उनके खाते में सिंगल क्लिक के माध्यम से 24 फरवरी, 2025 को जमा किए गए है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा 10 फरवरी 2025 को मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना में 81 लाख से अधिक किसानों को 1624 करोड़ रुपए उनके बैंक खाते में सिंगल क्लिक से जमा किए गए हैं।

# कश्मीर में शहीद हुए इटावा के जवान सूरज सिंह का हुआ अंतिम संस्कार

एजेंसी ➤ इटावा
www.dailypioneer.com



जम्मू कश्मीर के कुपवाडा जिले के करनाह सेक्टर में टीटवाल की ओर जाते समय मंगलवार को वाहन गहरी खाई में गिरने के कारण शहीद हुए इटावा के जवान हवलदार सूरज सिंह यादव का पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार कर दिया गया। आठ साल के बेटे विजय प्रताप उर्फ़ अज्जू ने शहीद पिता की चिता को मुखाग्नि दी। पत्नी नीलम ने सैल्यूट कर शहीद को अंतिम विदाई दी। राजकीय सम्मान के साथ शहीद का अंतिम संस्कार किया गया। सेना के जवानों ने सलामी दी। शहीद के अंतिम दर्शन के लिए जनसैलाब उमड़ा। हाथ में तिरंगा लिए हर कोई भारत माता की जय और वीर शहीद अमर रहे के नारे लगा रहा था। सुबह पांच बजे सैनिक टुकड़ी सैनिक कल्याण बोर्ड के अधिकारी पूर्व कर्नल हयात उल्लाह की निगरानी में सेना वाहन से शहीद सैनिक के शव को अंतिम संस्कार को रवाना हो गए। 6 मई को सैनिक वाहन के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद दो सैनिक शहीद हो गए थे और दो अन्य घायल हो गए थे। उनमें सूरज सिंह यादव भी शामिल थे। शहीद सैनिक के शव के सैनिक कल्याण बोर्ड से रवानगी के वक्त इटावा के अपर जिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव, उप जिलाधिकारी विक्रम सिंह राघव, पुलिस क्षेत्राधिकारी प्रेम कुमार थापा समेत तमाम अधिकारी मौजूद रहे। अंतिम यात्रा के दौरान जगह-जगह पुष्पवर्षा की गई। व्यापारियों ने शहीद के सम्मान में चकरनगर व हनुमंतपुरा बाजार बंद रखा। शहीद की अंतिम यात्रा के दौरान जब तक सूरज चाँद रहेगा, सूरज तेरा नाम रहेगा, वीर शहीद भाई अमर रहे के जयघोष गूंजते रहे। सूरज सिंह मूल रूप से इटावा जिले की चकरनगर तहसील के प्रेम का पुरा के निवासी थे। वह भारतीय सेना में साल 2010 में भर्ती हुए थे। सूरज सिंह की शादी वर्ष 2009 में अकोड़ा निवासी नीलम के साथ हुई थी। इनके दो बच्चे हैं। बडी बेटी 12 साल की शीतल और बेटा आठ साल का विजय प्रताप उर्फ़ अज्जू है।

# कांग्रेस ने सेना का मनोबल बढ़ाने के लिए जयपुर में निकाली तिरंगा रैली

एजेंसी ➤ जयपुर
www.dailypioneer.com

भारतीय सेना के पराक्रम एवं शौर्य के सम्मान तथा देश के सशस्त्र बलों का मनोबल बढ़ाने के लिए राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने राजधानी जयपुर में तिरंगा यात्रा निकाली। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली के नेतृत्व में यह तिरंगा यात्रा कांग्रेस के प्रदेश कार्यालय से शहीद स्मारक तक निकाली गई। इस अवसर पर जूली ने भारतीय सेना के पराक्रम और शौर्य से भरे मिशन सिंदूर और देश के सशस्त्र बलों के अदम्य साहस और वीरता को सलाम करते हुए कहा कि भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर को जिस तरह अंजाम दिया वह इसकी उच्च रणनीतिक क्षमता, जमीनी खुफिया नेटवर्क और नैतिक कर्तव्य का परिचायक है। उन्होंने कहा कि हमारी सेना ने देश की सुरक्षा के लिए जो कदम उठाया है वह हर भारतीय के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि तिरंगा लेकर सड़कों पर उतरना हमारा गौरव है और प्रत्येक भारतीय सेना के साथ हैं। उन्होंने कहा कि भारत ने हमेशा आतंकवाद का पूरी मजबूती से सामना किया और आतंकवाद के संरक्षणदाता पाकिस्तान को सबक सिखाया। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने यह दिखा दिया कि भारत आतंकवाद और आतंक को पनाह देने वाले को कतई माफ नहीं करेगा। जूली ने कहा कि आतंकवादियों के नापाक इरादों पर भारतीय सेना का प्रहार इस बात का प्रमाण है कि भारतीय सेना मातृभूमि की रक्षा के लिए बलिदान देने को तैयार है। उन्होंने कहा कि जम्मू कश्मीर के पहलगाम क्षेत्र में हुए कायरतापूर्ण आतंकवादी हमले के विरुद्ध भारतीय सेना का यह सशक्त अभियान है। उन्होंने कहा कि यह ऑपरेशन मात्र एक सैन्य कार्रवाई नहीं बल्कि राष्ट्रीय आत्मा की रक्षा का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से सेना द्वारा आतंकवादियों के विरुद्ध सफल कार्यवाही की गई, जिसमें देश के निर्दोष नागरिकों की हत्या में शामिल आतंकवादियों के मंसूबों को नेस्तनाबूद कर दिया गया। उन्होंने कहा कि सेना और सशस्त्र बलों के सम्मान में आयोजित की जा रही है। इस तिरंगा यात्रा का उद्देश्य न केवल शहीदों को नमन करना है बल्कि देश की रक्षा में तैनात जवानों के मनोबल को नई ऊर्जा देना है। तिरंगा यात्रा में पूर्व मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास सहित कई कांग्रेस के नेता और कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

## केदारनाथ धाम में आपरेशन सिंदूर की सफलता को विशेष पूजा, रूद्राभिषेक

**केदारनाथ धाम।** भारत सरकार द्वारा पहलगाम घटना के विरुद्ध पाकिस्तान में शुरू किए गए ऑपरेशन सिन्दूर और भारतीय सेना की सफलता के लिए केदारनाथ धाम में विशेष पूजा, अर्चना तथा बाबा केदार्वक रुद्राभिषेक किया गया। बद्रीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) की ओर से कराई गई इन विशेष पूजाओं में उसके प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर नवनियुक्त अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी ने अपने संदेश में कहा कि आपरेशन सिंदूर शौर्य का प्रतीक बताया है। उन्होंने बताया कि देश की रक्षा के निमित्त आठ मई को बदरीनाथ तथा केदारनाथ धाम में विशेष पूजा-अर्चना संपन्न हुई है। विशेष पूजा और रुद्राभिषेक में शामिल बीकेटीसी के मुख्य कार्याधिकारी विजय प्रसाद थपलियाल ने कहा कि हम अपने वीर सैनिकों की कुशलता की कामना करते है। उन्होंने बताया कि केदारनाथ यात्रा सकुशल चल रही है। रूद्राभिषेक के दौरान, वेदपाठी स्वयंबर सेमवाल, यशोधर मैठाणी, केदारसभा अध्यक्ष राजकुमार तिवारी, सीओ पुलिस, अभिनव चौधरी, थानाध्यक्ष राजीव चौहान, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी यदुवीर पुष्पवान एवं डीएस भुजवाण, अंकित सेमवाल, पंकज शुक्ला, विपिन तिवारी, प्रकाश पुरोहित कुलदीप धर्म्वाण, विक्रम रावत आदि भी मौजूद रहे।

## अरबों रुपये की साइबर ठगी करने वाले गिरोह के तीन आरोपी गिरफ्तार

एजेंसी ➤ भरतपुर
www.dailypioneer.com

राजस्थान में भरतपुर रेंज मुख्यालय की साइबर वाररूम टीम ने ऑन लाइन गेम के माध्यम से साइबर ठगी करने वाले गिरोह के तीन आरोपियों को गिरफ्तार करके 400 करोड़ रुपये से अधिक की ठगी का खुलासा किया है। भरतपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक राहुल प्रकाश ने बताया कि केंद्रीय एजेंसी भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (आईसीसीसीसी) के सहयोग से की गयी जांच में एक हज़ार करोड़ रुपये से ज़्यादा की ठगी की रकम के खुलासे की संभावना है। प्रकाश ने बताया कि रविन्द्र सिंह (54), दिनेश सिंह (49) और उसकी पत्नी कुमकुम (38) को गिरफ्तार किया गया है। तीनों नयी दिल्ली के निवासी हैं। उन्होंने बताया कि गत छह मार्च को धौलपुर के साइबर थाने में पीड़ित हरीसिंह ने फिनो पेमेंट बैंक के खाते के विरुद्ध साइबर ठगी की शिकायत दर्ज कराई। इस पर साइबर दल ने 1930 पर दर्ज शिकायतों का विश्लेषण किया गया तो फिनो पेमेंट के खाते के विरुद्ध 1930 पर उस समय करीब तीन हजार शिकायत दर्ज थी जो अब बढ़कर चार हजार से भी अधिक हो गई। प्रकाश ने बताया कि मामले की गहन जांच-पड़ताल के बाद इन आरोपियों तक पुलिस पहुंच गयी। इन्होंने कई फर्जी कम्पनियां बनाई थी जिनके जरिये ये साइबर ठगी करते थे। इन कम्पनियों के खातों को तत्काल फ्रीज करवाया गया। ये लोग गेमिंग एप के फर्जी लिंक, शेयर बाजार में निवेश का झांसा देकर लोगों से ठगी करते हैं।

## 95 साल के सेवानिवृत सूबेदार लच्छीराम बोले देश बुलाए तो सरहद पर जाने को तैयार

**बागपत।** पाकिस्तान के साथ देश के बढ़ते तनाव के बीच उत्तर प्रदेश में बागपत के ढिकौली गांव के रहने वाले 95 वर्षीय पूर्व सूबेदार लच्छीराम ने देश सेवा का अनूठा जज्बा दिखाया है। 1971 के भारत पाक युद्ध में हिस्सा लेने वाले लच्छीराम ने कहा कि वर्तमान में सरहद पर तनाव के बीच अगर सेना उन्हें बुलाएगी तो वह भी सेवा के लिए तैयार हैं। दरअसल, ढिकौली गांव की विशेषता है कि यहां की करीब दस हजार की आबादी में लगभग हर घर से कोई न कोई सदस्य सेना में सेवारत है या सेवानिवृत्त हुआ है इसलिए इसे फौजियों का गांव भी कहा जाता है। गांव के अन्य पूर्व सैनिकों ने भी सूबेदार लच्छीराम के विचारों का समर्थन किया है। रिटायर्ड सैनिक जयकुमार सहरावत ने कहा कि वह अपनी वर्दी तैयार रखकर सेना के आदेश का इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वह रिटायर्ड है थके नहीं हैं। पूर्व सूबेदार भीष्म ने भी देश सेवा के लिए तत्पर रहने की बात कही।

## गन्ना पेराई में त्रिवेणी समूह की खतौली चीनी मिल रही देश में अव्वल

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश के सहारनपुर मंडल की खतौली चीनी मिल ने इस सीजन में सबसे ज्यादा 148 लाख क्विंटल गन्ना पेराई करके नया रिकॉर्ड बनाया है। गन्ना उपायुक्त ओम प्रकाश सिंह ने बताया कि कर्नाटक की गोदावरी चीनी मिल अबकी कुल 146 लाख क्विंटल पेराई कर बंद हो गई है जबकि त्रिवेणी समूह की खतौली चीनी मिल 148 लाख क्विंटल गन्ना पेराई करके अभी भी चल रही है। इसकी पेराई क्षमता एक लाख 60 हजार क्विंटल प्रतिदिन है। गन्ना उपायुक्त ओपी सिंह ने कहा कि त्रिवेणी समूह की देवबंद इकाई इस बार भी गन्ना मूल्य भुगतान में अव्वल रही। देश में 525 चीनी मिले हैं। पेराई सत्र 2024- 25 में 472 चीनी मिलों ने पेराई की। गन्ना उपायुक्त ने बताया कि सहारनपुर मंडल में अबकी सभी 19 चीनी मिलों ने पेराई की है। सबसे ज्यादा गन्ना पेराई का रिकॉर्ड बनाने वाली खतौली चीनी मिल उत्पादन और भंडारण क्षमता के मामले में एशिया की सबसे बड़ी मिल है। यह 1933 से चल रही है। सहारनपुर मंडल की चीनी मिलों ने अबकी 180 लाख बोरा चीनी बनाई है। पिछले सीजन में 177 लाख बोरा चीनी बनी थी। पिछले सीजन में मंडल में 164 8.86 लाख क्विंटल गन्ना पेराई की थी। अबकी 1795.12 लाख क्विंटल गन्ना पेराई हुई है। जो पिछली बार से 146.46 लाख क्विंटल ज्यादा है।



## श्रीगंगानगर जिले में महाविद्यालयों, कोचिंग सेंटर्स, लाइब्रेरी में आगामी आदेश तक अवकाश घोषित

एजेंसी ➤ श्रीगंगानगर
www.dailypioneer.com

राजस्थान में वर्तमान परिप्रेक्ष्य में श्रीगंगानगर जिले में विशेष सतर्कता एवं ऐहतियाती उपाय सुनिश्चित कराने के संबंध में श्रीगंगानगर के संवेदनशील भौगोलिक स्थिति के मददेनजर जिले के समस्त राजकीय और गैर राजकीय महाविद्यालय एवं सभी प्रकार के कोचिंग सेंटर्स और लाइब्रेरी में आगामी आदेश तक अवकाश घोषित किया गया है। जिला कलेक्टर एवं जिला आपदा एवं प्रबंधन प्राधिकरण अध्यक्ष डॉ मंजू ने आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यह अवकाश घोषित किया हैं। जिला कलेक्टर ने समस्त संस्था प्रधानों को निर्देशित किया है कि इन आदेशों की अक्षरशः पालना सुनिश्चित की जाए। समस्त शैक्षणिक कार्मिक महाविद्यालय में उपस्थित रहकर विभागीय कार्यों का निर्वहन करेंगे। यह आदेश सम्पूर्ण श्रीगंगानगर जिले में तुरंत प्रभाव से लागू होगा। इस आदेश का उल्लंघन करने पर नियमानुसार कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। उधर महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय बीकानेर के कुलपति के निर्देशानुसार विश्वविद्यालय के विभिन्न पाठ्यक्रमों की समस्त परीक्षाएं नौ मई से आगामी आदेशों तक स्थगित कर दी गई हैं।

## राजस्थान सोलर पम्प स्थापना में देश के प्रथम तीन राज्यों में शामिल: किरोड़ीलाल

एजेंसी ➤ जयपुर
www.dailypioneer.com

राजस्थान के कृषि एवं उद्यानिकी मंत्री डॉ किरोड़ी लाल मीणा ने उत्तराखण्ड राज्य के कृषि मंत्री गणेश जोशी से यहां मुलाकात की और इस दौरान एग्रो प्रोसेसिंग यूनिट, ऑर्गेनिक खेती, बीज उत्पादन, जी आई टैग, जैतून और मिलेट्स उत्पादन पर चर्चा की गई। इस दौरान राजस्थान और उत्तराखण्ड में विविधिकरण और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने की संभावनाओं पर भी चर्चा की गई। बैठक में दोनों राज्यों में जो भी फसल, फल एवं सब्जियां आदि जलवायु उपयुक्त हैं, उन्हें बढ़ाने पर जोर दिया गया। जोशी ने बताया कि वहां नेचुरल फार्मिंग, औषधिय पौधे और सुगन्धित फूल, शहद और ड्रेगन फ्रुट आदि की अच्छी पैदावार होती है, जिनमें से जलवायु अनुकूल पौधों की किस्मों को राजस्थान में भी लगाया जा सकता है। उन्होंने राजस्थान से एक प्रतिनिधि मण्ड़ल को उत्तराखण्ड और उत्तराखण्ड से एक प्रतिनिधिमण्ड़ल को राजस्थान भेजने का भी प्रस्ताव रखा। प्रतिनिधिमण्ड़ल एक-दूसरे राज्य की योजनाओं एवं उत्पादित की जा रही फसलों एवं फलों का अध्ययन कर अपने-अपने राज्य में जनकल्याणकारी योजनाओं को अपनाकर किसान हित में कार्य कर सकेंगे। डॉ मीणा ने बताया कि सोलर पम्प संयंत्र स्थापना में हमारा प्रदेश देश के प्रथम तीन राज्यों में से एक है और मिलेट्स उत्पादन में भी सर्वोपरि है। प्रदेश में रासायनिक उर्वरकों का उपयोग कम से कम करने और नैनो यूरिया और डीएपी के उपयोग पर जोर दिया जा रहा है। सरकार द्वारा अधिक से अधिक कृषि उत्पादों को जी आई टैग दिलाये जाने के प्रयास किये जा रहे हैं, जिससे कृषकों को जी आई टैग प्राप्त फसलों का उचित मूल्य मिल सकेगा और प्रदेश का कृषक आर्थिक रूप से मजबूत बन सकेगा।

# मोदी की सफल विदेश नीति से पाकिस्तान पूरे विश्व में अलग थलग पड़ा: असीम

एजेंसी ➤ देवरिया
www.dailypioneer.com



उत्तर प्रदेश सरकार में समाज कल्याण मंत्री और पूर्व पुलिस महानिदेशक असीम अरूण ने यहां कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सफल विदेश नीति का परिणाम है कि पाकिस्तान पूरे विश्व में अलग थलग पड़ गया है। उत्तर प्रदेश के देवरिया में मंत्री अरूण ने महाराणा प्रताप की जयंती पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करने के बाद कहा कि भारत की इस धरती ने ऐसे वीर सपूतों को जन्म दिया है। जिन्होंने घास की रोटी खाना मंजूर किया लेकिन, मुगलों की अधीनता मंजूर नहीं की तथा वीरतापूर्वक दुश्मनों का सामना किया और देश पर आंच नहीं आने दी। उन्होंने कहा कि जिस तरह प्रधानंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की तीनों सेनाओं ने मिलकर पाकिस्तान को सबक सिखाया है। वह पहले की सरकारों में ऐसा नहीं होता था। उन्होंने कहा कि ये नया भारत है, जो देश के दुश्मनों को उनके घर में घुस कर मारता है। उन्होंने कहा मीडिया में जिस तरह दिखाया जा रहा है कि पाकिस्तानी सेना के अधिकारी आतंकियों के जनाजे पर बिलख रहे हैं। वो ये प्रमाणित करता है कि पाकिस्तान आतंकवाद को हमेशा से प्रश्रय देता आ रहा है, लेकिन अब उसको उसकी औकात दिखाने का वक्त आ गया है और हमारी सेना इसे बखूबी अंजाम दे रही है।

## महिला के साथ मारपीट करने वाले को सजा

**भोपाल।** भोपाल जिले की एक अदालत ने महिला के साथ मारपीट करने के मामले में दोषी पाए जाने पर योगेश यादव नाम के व्यक्ति को एक वर्ष का सश्रम कारावास और एक हजार रुपए अर्थदंड सुनाया है। प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट राहुल सिंह यादव ने भोपाल के पिपलानी थाना क्षेत्र के जनवरी 2024 के मामले में सजा सुनायी। अभियोजन के अनुसार एक महिला ने रिपोर्ट दर्ज करायी थी कि जब वह अपने घर में खाना बना रही थी, तभी पास ही में रहने वाले आरोपी योगेश यादव ने उसके साथ घर में घुसकर डंडे से मारपीट की। महिला के परिजनों ने उसे किसी तरह बचाया। आरोपी का कहना था कि महिला उसके खिलाफ पूर्व में दर्ज करायी गयी रिपोर्ट वापस ले, अन्यथा वह उसे जान से भी मार देगा।



# देश का मस्तक विश्व मे ऊंचा बनाए रखने के लिए भारतीय सेना पर हमें गर्व है: केशव महतो कमलेश

एजेंसी ➤ रांची
www.dailypioneer.com




भारतीय सेना द्वारा ऑपरेशन सिंदूर के तहत आतंकवादियों और पाकिस्तान पर की गई कार्रवाई के समर्थन में सशस्त्र सैन्य बल का मनोबल बढ़ाने के लिए झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के नेतृत्व मे तिरंगा यात्रा यहां कांग्रेस भवन से अल्बर्ट एक्का चौक तक निकाली गई। इस अवसर पर कमलेश ने कहा कि हमारे देश का मस्तक विश्व मे ऊंचा बनाए रखने के लिए भारतीय सेना पर हमें गर्व है। पहलगाम में 26 निर्दोष नागरिकों की हत्या का बदला लेने के लिए सैनिकों ने पाकिस्तान के अंदर स्थित आतंकी ठिकानों को जिस तरह ध्वस्त किया है वह अनुकरणीय है। आतंकवाद को प्रश्रय देने वाले देश या व्यक्ति के खिलाफकिसी भी तरह की सैन्य कार्रवाई के हम समर्थक है। पूरे देश की जनता सेना के साथ खड़ी है। आतंकवाद को नेसतनाबूद करने में सरकार के हर निर्णय में सरकार के साथ हैं। देश पर जब संकट का दौर आया तब भारतीय सेना ने अपने साहस और शौर्य से देश पर मंडराते खतरे को दूर किया। भारतीय सेना संयम के साथ पाकिस्तानी सेना को जवाब दे रही है। कमलेश ने कहा कि भारतीय सेना ने आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया था,लेकिन पाकिस्तान द्वारा नागरिक इलाकों पर हमला किया जा रहा है जो उनकी कायरता का प्रतीक है। शहीद सैनिकों नागरिकों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। पूर्व मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि भारतीय सेवा की कार्रवाई से देशवासियों के बीच उत्साह का माहौल है और तिरंगा यात्रा के सेना के साथ अपनी एकजुटता प्रदर्शित करने की है। भारतीय सेना ने हमेशा से अपने शौर्य और साहस के द्वारा पूरी दुनिया में अपनी एक पहचान कायम की है, इस नाजुक मौके पर देश का हर नागरिक पुरिया गुप्ता के साथ सेना के साथ खड़ा है।

## ट्रेलर की टक्कर से एक व्यक्ति की मौत, एक घायल

**भीलवाड़ा।** राजस्थान में भीलवाड़ा जिले के रायला थाना क्षेत्र में ट्रेलर की टक्कर लगने से मोटर साइकल पर सवार एक व्यक्ति की मौत हो गयी जबकि उसका पुत्र घायल हो गया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि मंगलपुरा गांव के शंकर लाल (53) अपने पुत्र नरेश (16) के साथ गांव से मोटरसाइकिल से लांबिया के लिये निकला था। अजमेर राजमार्ग पर डीलक्स होटल के सामने भीलवाड़ा से अजमेर की ओर जा रहे ट्रेलर ने मोटरसाइकिल को को पीछे से टक्कर मार दी। पुलिस ने बताया कि इससे शंकर लाल की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि नरेश घायल हो गया। नरेश को जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया। शंकरलाल का शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। हादसे के बाद ट्रेलर को चालक मौके से भगा ले गया।




# वरूण गांधी ने सराहा मोदी के नेतृत्व को और की सेना के साथ खड़े होने की अपील

एजेंसी ➤ पीलीभीत
www.dailypioneer.com



पीलीभीत के पूर्व सांसद वरुण गांधी ने एक लंबे अरसे के बाद सोशल मीडिया पर साझा किये अपने संदेश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रशंसा की और देश के नागरिकों से सेना के साथ एकजुट होने की अपील की। उनकी यह पोस्ट 28 मार्च 2024 के बाद अब देखने में आयी है। गांधी ने अपने संदेश में देश के नागरिकों से सेना के साथ एकजुट होने की अपील करते हुए कहा कि यह दो विचारधाराओं का टकराव है। एक तरफ भारत है,जो मानवता, शांति और लोकतंत्र का प्रतीक है। दूसरी तरफ पाकिस्तान है जो कट्टरता, अस्थिरता और आतंक का प्रतीक बन चुका है। उन्होंने कहा कि भारत स्थिर नेतृत्व के साथ आतंकवाद के विरुद्ध निर्णायक लड़ाई लड़ रहा है जबकि पाकिस्तान राजनीतिक रूप से अस्थिर होने के साथ आतंकी एजेंडों का मोहरा बना है। गांधी ने भारतीय सेना की प्रशंसा करते हुए कहा कि वह राष्ट्रभक्ति, अनुशासन और सेवा-भाव से प्रेरित है। गांधी के एक्स पर अपने संदेश में लिखा कि मोदी ने दृढ़ संकल्प के साथ दुनिया को दिखा दिया है कि मानवता और न्याय की रक्षा में भारत कभी पीछे नहीं हटेगा। नया भारत निर्णय लेने से नहीं डरता हर नागरिक की सुरक्षा को सर्वोच्च मानता है।

# राष्ट्रहित सर्वोपरि के सिद्धांतों को चरितार्थ करते हुए विश्व की सबसे बड़ी श्रम संघ बीएमएस हड़ताल में नहीं होगा शामिल, सीजीएम को दिया गया

पायनियर संवाददाता किरंदुल
www.dailypioneer.com



दुनिया की सबसे बड़ी ट्रेड यूनियन भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध खदान मजदूर संघ शाखा किरंदुल के पदाधिकारियों और सदस्यों ने राष्ट्रहित सर्वोपरि के सिद्धांत पर चलते हुए अन्य संगठनों के द्वारा 20 मई को प्रस्तावित हड़ताल में सम्मिलित न होने एवं कार्यस्थल तक सुरक्षित पहुंचाने की सुव्यवस्था हेतु एनएमडीसी किरंदुल परियोजना के मुख्य महाप्रबंधक संजीव साही को ज्ञापन सौंपा, जिसकी प्रतिलिपि केंद्रीय इस्पात मंत्री, बस्तर सांसद, एनएमडीसी अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक, निदेशक (उत्पादन), कलेक्टर जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा, पुलिस अधीक्षक, थाना प्रभारी को आवश्यक आगामी कार्रवाई हेतु संप्रेषित की जाएगी। प्रेषित पत्र में उल्लेख किया गया है कि हमारा श्रमसंघ वर्तमान परिस्थितियों में पूरी तरह से अपने राष्ट्र, केन्द्र सरकार, भारतीय सेना एवं उद्यम एवं समस्त देशवासियों की भावनाओं के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। हमारा श्रम संघ भारत माता की जय घोष के साथ देश के हित में करेंगे काम, काम के लेंगे पूरे दाम जैसे प्रतिबद्धता के साथ कार्य करने वाला संघ है न कि आपदा में अवसर तलाशने वाले अन्य संगठनों की तरह चाहे जो भी मजबूरी हो, मांग हमारी पूरी हो के सिद्धांतों पर चलने वालों की तरह है। भारतीय मजदूर संघ ने सन् 1971 में आर्डिनेंस फैक्ट्री कानपुर में श्रमिकों के हितों को लेकर हड़ताल किया था, इसी दौरान भारत और पाकिस्तान का युद्ध छिड़ गया, जिससे अन्य यूनियनों को यह लगा कि अब तो सरकार की मजबूरी है, अब मांग अवश्य ही पूरी कर दी जायेगी। किंतु तात्कालिक परिस्थितयों को दृष्टिगत रखते हुए भारतीय मजदूर संघ के सदस्यों ने राष्ट्रहित सर्वोपरि के अपने सिद्धांतों पर अमल करते हुए हड़ताल को टालकर बिना किसी अतिरिक्त वेतन के 16-16 घंटे कार्य कर देशभक्ति के अपने नारे को चरितार्थ करते हुए यह सिद्ध किया कि राष्ट्रहित, उद्यम हित, श्रमिक हित हमारा संकल्प भी है। अतः हमारे श्रम संघ के समस्त पदाधिकारी एवं सदस्यगण अपने गौरवशाली इतिहास और सिद्धांतों पर चलते हुए 20 मई 2025 को कतिपय संगठनों द्वारा प्रस्तावित हड़ताल में सम्मिलित नहीं होंगे तथा अन्य कार्यदिवस की भांति अपने कार्यस्थल पर उपस्थित होंगे। इस दौरान हमारे समस्त पदाधिकारियों एवं सदस्यों को कार्यस्थल पर सकुशल पहुंचाने की जिम्मेदारी स्थानीय परियोजना प्रबंधन की होगी। सीजीएम को ज्ञापन देते समय खदान मजदूर संघ शाखा किरंदुल के अध्यक्ष बी. दिल्ली राव, राजेंद्र यादव, दानेश्वर जोशी, अनूप बिश्वास, सुधा बाघ, दिव्या चुन्नम, नितेश, मधुसूदन उपस्थित थे।

# कलेक्टर और एसपी की अध्यक्षता में सर्व समाज की बैठक आयोजित



पायनियर संवाददाता कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

कलेक्ट्रेट परिसर स्थित प्रथम तल के सभाकक्ष में कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना और पुलिस अधीक्षक वाय. अक्षय कुमार की अध्यक्षता में सर्व समाज की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के सभी समाज प्रमुखों ने भाग लिया और नवपदस्थ कलेक्टर से विभिन्न मुद्दों पर संवाद किया। बैठक का मुख्य उद्देश्य समाज और प्रशासन के बीच समन्वय स्थापित कर जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी रूप से ज़मीनी स्तर तक पहुँचाना था। इस अवसर पर कलेक्टर ने कहा कि यदि सभी समाज के लोग मिलकर कार्य करें, तो जिला निश्चित रूप से प्रगति करेगा। हम सबसे पहले भारतीय हैं, फिर किसी समाज के सदस्य। इसलिए यह हम सभी की जिम्मेदारी है कि हम एकजुट होकर देश के साथ खड़े रहें और उसकी सुरक्षा से लेकर विकास तक में सक्रिय योगदान दें। कलेक्टर ने समाज प्रमुखों से अपील की कि वे अपने नवयुवकों को सोशल मीडिया पर फैल रही भ्रामक जानकारियों से सचेत करें और स्वयं भी ऐसी जानकारियों के प्रसार से बचें। साथ ही उन्होंने रोड सेफ्टी को लेकर चिंता जताते हुए कहा कि जिले में हर रोज कहीं न कहीं दुर्घटना हो रही है जिससे बचने के लिए समाज के स्तर पर युवाओं को यातायात नियमों के पालन के लिए जागरूक किया जाना चाहिए। समाज प्रमुखों ने भी इस दिशा में सुझाव दिए और कहा कि जो व्यक्ति वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग करता है, बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाता है या नशे की हालत में गाड़ी चलाता है, उन पर कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए। इससे जिले में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सकेगी। बैठक में रोजगार के मुद्दे पर भी चर्चा हुई।

# जिला शिक्षा अधिकारी पहुंचे टॉपर प्रिंयका मुचकी से मिलने

पायनियर संवाददाता सुकमा
www.dailypioneer.com



माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा जारी कक्षा 10 वीं, 12 वीं की परीक्षा परिणाम के पश्चात टॉपर बच्चों से मिलने पहुंचे। जिला शिक्षा अधिकारी मंडावी कक्षा 10 वीं में राज्य में 6 वां स्थान एवं जिला में प्रथम स्थान पाने वाली छात्रा कुमारी प्रियंका मुचाकी से मिलने उनकी संस्था मदर टेरेसा स्कूल पहुंचे। उन्होंने प्रियंका मुचाकी को गुलदस्ता देकर मुँह मीठा कर सम्मानित किया। इनके साथ कक्षा 12वीं में जिले में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा कुमारी फलक सारा से मिलने उनके घर पहुंच कर उन्हें शुभकामना एवं बधाई दी। उनके पिता फारुख अली, प्रिंसिपल जयकुमार, जिला परियोजना समन्वयक परीक्षा प्रभारी आशीष राम एवं संस्था के स्टॉफ साथ में थे। उल्लेखनीय है कि सुकमा जिला में कक्षा दसवीं में 89.76 प्रतिशत के साथ राज्य में 6 वां स्थान एवं 12 वीं 84.11 प्रतिशत के साथ राज्य में 11 वां स्थान मिला।

# बस्तर को रेल नेटवर्क से जोड़ने केंद्र सरकार की ऐतिहासिक पहल : केदार कश्यप

पायनियर संवाददाता नारायणपुर
www.dailypioneer.com



भारत सरकार के रेल मंत्रालय ने रावघाट-जगदलपुर नई रेल लाइन (140 किमी) परियोजना को लेकर अहम फैसला लिया है। केंद्र सरकार ने इस परियोजना के लिये 3513.11 करोड़ रुपए की बजट स्वीकृति दी गई। इस परियोजना का वहन केन्द्रीय बजट से किया जाएगा। इस स्वीकृति को लेकर छत्तीसगढ़ के वनमंत्री केदार कश्यप ने कहा कि यह निर्णय बस्तरवासियों के लिये एक ऐतिहासिक फैसला है। बस्तर क्षेत्र के सामाजिक, आर्थिक और औद्योगिक विकास में यह निर्णय नीव का पत्थर बनेगा। मंत्री केदार कश्यप ने बस्तरवासियों की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त किया. उन्होंने कहा कि बस्तर के अंचल और भिहड़ क्षेत्रों को रेल नेटवर्क से जोड़ने के लिया गया यह निर्णय बस्तर वासियों के लम्बे समय की मांग को पूरा करने वाला निर्णय है। विकास की दिशा में कदम जो बढ़ाया गया है बस्तर को नई ऊंचाईयों तक लेकर कर जाएगी। वनमंत्री केदार कश्यप ने कहा कि बस्तरवासियों के लिये इन्तजार का क्षण अब समाप्त हो रहा है। यह परियोजना रावघाट-जगदलपुर रेललाइन से न केवल कोंडागांव और नारायणपुर जिलों को जहाँ रेल मानचित्र पर स्थान मिलेगा वहीं हमारे आदिवासी अंचलों में यात्रा, पर्यटन और व्यापार की सम्भावनाएं भी बढ़ेंगी।

# कोण्डागांव में दो नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण दोनों पर था आठ-आठ लाख रुपए का इनाम

पायनियर संवाददाता कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

वर्ष 2009 में जिला राजनांदगांव के मदनवाड़ा कोरकोटटी के पास हुए नक्सली हमले में शामिल एक सक्रिय नक्सली सहित दो नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर दिया। इस घटना में तत्कालीन पुलिस अधीक्षक समेत कुल 29 जवान शहीद हुए थे। आत्मसमर्पण करने वाले दोनों माओवादी लंबे समय से विभिन्न जिलों में नक्सली घटनाओं में सक्रिय थे। इनमें से एक ने वर्ष 2011 में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश पवार पर हमले की घटना में भी भाग लिया था, जिसमें 9 जवान शहीद हुए थे। वहीं वर्ष 2007 में कोण्डागांव के विश्रामपुरी थाने पर हमले और आगजनी की घटना में भी इन नक्सलियों की संलिप्तता पाई गई थी, जिसमें तीन जवान शहीद हुए थे और एक गंभीर रूप से घायल हुआ था। आत्मसमर्पित नक्सलियों में पहला नाम रैसिंग कुमेटी उर्फ रतनसिंह कुमेटी (35 वर्ष), निवासी ग्राम देवगांव थाना आमाबेड़ा जिला कांकेर का है। दूसरा नाम पुनाय आचला उर्फ हिरोंदा (34), निवासी ग्राम आलप्रस थाना कोयलीबेड़ा जिला कांकेर का है। दोनों पर छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आठ-आठ लाख रुपये का इनाम घोषित था। दोनों ने पुलिस अधीक्षक कोण्डागांव के समक्ष आत्मसमर्पण किया। उन्हें तत्काल शासन की पुनर्वास नीति के अंतर्गत 50-50 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई। इनके विरुद्ध कांकेर जिले के विभिन्न थानों में कई गंभीर प्रकरण दर्ज हैं, जिनमें हत्या, शस्त्र अधिनियम, आगजनी और साजिश की धाराएं शामिल हैं। दोनों नक्सली वर्ष 2002 और 2005 से लेकर 2023 तक माओवादी संगठन में सक्रिय रहे हैं। वे कोण्डागांव, कांकेर, राजनांदगांव, गरियाबंद, धमतरी और नारायणपुर के कई इलाकों में गंभीर वारदातों को अंजाम दे चुके हैं। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, नक्सली आत्मसमर्पण कर शासन की पुनर्वास नीति से जुड़ रहे हैं। लगातार हो रही सुरक्षा बलों की कार्यवाहियों और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार के चलते अब माओवादी संगठन के भीतर डर और असंतोष का माहौल है।

# सुभाष नगर में पार्षद ने सार्वजनिक नल कनेक्शन का किया उद्घाटन



पायनियर संवाददाता किरंदुल
www.dailypioneer.com

किरन्दुल वार्ड क्रमांक 01 सुभाष नगर में 70 परिवार निवासरत हैं। जहां पेयजल के लिए लोगों को काफी तकलीफें झेलनी पड़ती थीं। वार्डवासियों ने इस समस्या को नगरपालिका अध्यक्ष रूबी सिंह को अवगत कराया तथा सार्वजनिक नल कनेक्शन की मांग की थीं। नगरपालिका अध्यक्ष ने त्वरित कार्यवाही करते हुए उक्त वार्ड में 02 सार्वजनिक नल कनेक्शन स्थापित करवाया।जिसका उद्घाटन शुक्रवार वार्ड पार्षद लक्ष्मी ठाकुर ने किया। इस कार्य के लिए वार्डवासियों ने अध्यक्ष एवं पार्षद का आभार व्यक्त किया।

# शिशु वाटिका की मासूम ने मांगी जिला शिक्षा अधिकारी की कुर्सी

पायनियर संवाददाता जगदलपुर
www.dailypioneer.com



कहते हैं बच्चों की मासूम बातें कभी-कभी बड़े संदेश छोड़ जाती हैं। ऐसा ही एक वाकया तब हुआ जब शिशु वाटिका (प्री-प्राइमरी) की एक नन्ही बच्ची ने जिला शिक्षा अधिकारी बी. आर. बघेल से सीधा सवाल कर डाला क्या मैं आपकी कुर्सी पर बैठ सकती हूँ? यह बात उस समय की है जब जिला शिक्षा अधिकारी सरकार कि सुशासन कार्यक्रम पर आए थे। बच्चों से बातचीत करते समय एक बच्ची ने हाथ उठाकर पूछा कि वह उनकी कुर्सी पर बैठ सकती है या नहीं। बच्ची की इस मासूम मांग पर पहले तो सभी मुस्कुरा दिए, लेकिन फिर अधिकारी ने उसे कुर्सी पर बैठाकर कहा – अगर तुम मन लगाकर पढ़ाई करोगी, तो एक दिन यही कुर्सी तुम्हारी हो सकती है। इस छोटे से क्षण ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को यह सोचने पर मजबूर कर दिया कि बच्चों की सोच को प्रेरणा में बदलना कितना जरूरी है। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है, और लोग बच्ची के आत्मविश्वास की सराहना कर रहे हैं। हम बच्चों को न केवल पढ़ाई, बल्कि आत्मविश्वास और नेतृत्व की भावना भी सिखाते हैं। यह घटना हमारे लिए गौरव की बात है।

# शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बड़े मोरठपाल का बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन



पायनियर संवाददाता जगदलपुर
www.dailypioneer.com

बड़े मोरठपाल, उच्चतर माध्यमिक विद्यालयके छात्रों ने इस वर्ष की 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर क्षेत्र में शिक्षा के क्षेत्र में एक नया मानक स्थापित किया है। विद्यालय के छात्रों ने न केवल उत्तीर्णता दर में बल्कि जिला स्तरीय मेरिट सूची में भी उल्लेखनीय स्थान प्राप्त किए हैं। 10वीं कक्षा के छात्रों की उत्तीर्णता दर 86.24% रही, जिसमें से 50 छात्रों ने प्रथम श्रेणी में सफलता प्राप्त की। 12वीं कक्षा में भुमेश्वरी कश्यप ने 91% अंक प्राप्त कर जिले में पाँचवां स्थान हासिल किया है, जिससे विद्यालय का नाम पूरे जिले में रोशन हुआ है। इस तरह 12वीं में 93% छात्रों ने सफलता हासिल की। विद्यालय के प्राचार्य ज्योति जगत ठाकुर ने इस सफलता का श्रेय विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, सभी शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के सहयोग को दिया। उन्होंने कहा, यह परिणाम हमारे विद्यालय की गुणवत्ता और अनुशासन का प्रमाण है। हम भविष्य में भी इसी तरह की उपलब्धियों के लिए प्रयत्नशील रहेंगे। गांव और आसपास के क्षेत्रों में इस सफलता से उत्साह का माहौल है।

## अधिक से अधिक शासकीय योजनाओं का लाभ लेने ग्रामीणों को किया प्रोत्साहित

# महिला आयोग की सदस्य दीपिका सोरी पहुंची समाधान शिविर

पायनियर संवाददाता सुकमा
www.dailypioneer.com



सुशासन तिहार के तृतीय चरण में आदिवासी बाहुल्य सुकमा विकासखण्ड के कलस्टर ग्राम पंचायत जीरमपाल में समाधान शिविर आयोजित किया गया। इस कलस्टर पंचायत में ग्राम पंचायत जीरमपाल, गादीरास, मूरतोंडा, नागारास, सोनाकुकनार, रामपुरम शामिल थे। ग्रामीणों के द्वारा सुशासन तिहार में प्राप्त लगभग 980 आवेदनों के निराकरण की जानकारी दी गई। सभी विभागों के द्वारा अपने विभाग में चल रहे शासकीय योजनाओं की जानकारी दी गई और विभाग में प्राप्त आवेदनों के निराकरण की स्थिति से अवगत कराया गया। छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की सदस्य दीपिका सोरी शिविर में विशेष रूप से शामिल हुईं। सोरी शिविर ने ग्रामीणों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आप सभी के समस्याओं के समाधान के लिए सरकार खुद चलकर आपके द्वार तक आई है। आप सभी अपनी मांग और समस्याओं के समाधान हेतु आवेदन कर सकते हैं। इसके बाद वे महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यक्रम में शामिल हुईं। कार्यक्रम में महिलाओं के अन्न प्रासन्न और गोदभराई की रस्म अदा की गई। कार्यक्रम में महिलाओं को सम्मानित करते हुए मुँह मीठा करवाया गया। कार्यक्रम में जिला सीईओ सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी ग्रामीणों को संबोधित किया। इस अवसर पर राज्य महिला आयोग की सदस्य अधिवक्ता दीपिका सोरी, जिला पंचायत सदस्य माड़े बारसे, जिला पंचायत सदस्य गीता कवासी, जनपद अध्यक्ष संतोष ईड़ो, जनपद उपाध्यक्ष रीना पेद्दी, जनप्रतिनिधि धनीराम बारसे, दिलीप पेद्दी सहित अन्य जनप्रतिधिगण और कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव, सीईओ जिला पंचायत नम्रता जैन, एसडीएम सुकमा मधु तेता, तहसीलदार अनिल ध्रुव सहित अन्य विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

# एड़का में आयोजित समाधान शिविर में पहुंचे जिले के प्रभारी सचिव टोप्पो

पायनियर संवाददाता नारायणपुर
www.dailypioneer.com

सुशासन तिहार 2025 में प्राप्त आवेदन पत्रों के मांग एवं शिकायतो का 31 मई 2025 तक समाधान शिविर आयोजित कर प्राप्त आवेदनो का समाधान किया जाएगा, जिसके परिपालन में विकासखण्ड नारायणपुर में 8 कलस्टर में शिविर आयोजित किया जा रहा है। चौथे चरण में शिविर 09 मई को ग्राम पंचायत एड़का में जिले के प्रभारी सचिव राजेश सुकुमार टोप्पो की उपस्थिति में आयोजित किया गया। एड़का समाधान शिविर में ग्राम पंचायत एड़का, ईरको, बोरपाल, दुगाबेंगाल, देवगांव, ताड़ोपाल, तेरदुल, आमासरा, गढ़बेंगाल और गरांजी के ग्रामीणों ने समाधान शिविर में आकर अपने समस्याओं का निराकरण कराया। जिले के प्रभारी सचिव सुकुमार टोप्पो द्वारा समाधान शिविर में विभागो द्वारा लगाये गये स्टालो को अवलोकन करते हुए अधिकारियों को सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों को गुणवत्तापूर्वक निराकरण कराने के निर्देश दिए। प्रभारी सचिव के उपस्थिति में समाधान शिविर में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा गोद भराई एवं अनप्राशन कार्यक्रम आयोजित किया गया, विभाग द्वारा लगाए गए स्टॉल में व्यंजनों का भी स्वाद चखा। समाज कल्याण विभाग के द्वारा वृद्धजनों को छड़ी एवं एड़का के दिव्यांगजन नीलकंठ को कृत्रिम उपकरण एवं व्हीलचेयर दिया गया। जिला पंचायत सदस्य सन्तराम उसेण्डी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि समाधान शिविर में किसी भी प्रकार की समस्या या मांग हेतु आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। आपके गांव में सरकार पहुंची है सड़क, पुल पुलिया, बिजली, पानी स्वास्थ्य संबंधी कोई भी किसी भी प्रकार की समस्या हो तो आवेदन कर निराकरण किया जा सकता है।

आईआरईएस (इंडिया) लिमिटेड
IREL (India) Limited
(A Govt. of India Undertaking - Department of Atomic Energy)
Manavalakurichi, Tamil Nadu, E-mail : purchase-mk@irel.co.in
Ref : MK/P. ADVT/2025-26/01
निविदा सूचना / TENDER NOTICE
IREL Manavalakurichi Unit invites tender for the following:

| Tender No. | Description |
|---|---|
| GEM/2025/B/6186960 | Supply of Liquefied Petrolieum Gas (LPG) filled in cylinders of 400-450 kgs capacity. |
| IREL/MK/ET/01/2526 | Reconstruction of various Godown and store yard in MK Plant. |

Bidder may download the tender document from https://gem.gov.in, https://www.irel.co.in and CPP Portal, Any corrigendum / extension to above tender shall be hosted in above websites only.
G-48147/12/0002/2526 CGM & Head, MK / मुख्य महा प्रबंधक एवं प्रधान, एमके

# दाऊ कल्याण महाविद्यालय में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा एवं नशा मुक्ति सेमिनार संपन्न







पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

जिले में उच्च शिक्षा विभाग रायपुर एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के संयुक्त तत्वावधान में सड़क सुरक्षा एवं नशा मुक्ति विषय पर एक दिवसीय जागरूकता सेमिनार एवं प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य आम नागरिकों, विशेषकर युवाओं को सड़क सुरक्षा नियमों के पालन और नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि डॉ नीता बाजपायी राज्य एनएनएस अधिकारी एवं अदेन उपसचिव उच्च शिक्षा विभाग के मार्गदर्शन, डॉ विजयलक्ष्मी टंडन समाजसेवी, अमृत कुजूर उप पुलिस अधीक्षक यातायात, प्राचार्य डॉ एआरसी जेम्स के उपस्थिति में दीप प्रज्वलन के साथ हुई। सेमिनार में परिवहन विभाग के अधिकारी अमृत कुजूर ने सड़क सुरक्षा के नियम, हेलमेट और सीट बेल्ट के महत्व, ट्रैफिक संकेतों की जानकारी, तथा सड़क दुर्घटनाओं के प्रमुख कारणों पर प्रस्तुति दी। नशा मुक्ति केंद्र के विशेषज्ञ विजयलक्ष्मी टंडन ने नशे की लत के सामाजिक, मानसिक एवं शारीरिक प्रभावों पर प्रकाश डाला। जिले के विभिन्न कॉलेज के छात्रों द्वारा पोस्टर, रंगोली, स्लोगन प्रतियोगिता के माध्यम से भी जागरूकता फैलाई गई। विजेता छात्रों को नगद पुरस्कार, प्रमाण पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया गया। प्राचार्य जेम्स ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी प्रतिभागियों का नशा मुक्ति एवं सड़क सुरक्षा के बारे में जागरूकता के लिए प्रेरित किया एवं विजयी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं प्रदान किए। अंत में कार्यक्रम संयोजक नरेंद्र देव मिर्झा ने सभी प्रतिभागियों और सहयोगियों का धन्यवाद ज्ञापन किया और आशा जताई कि ऐसे कार्यक्रम समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में मदद करेगा। मंच संचालन ज्योति दीवान के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्रोफेसर अशोक कुमार उपाध्याय, रोशनी लता राकेश, राजाराम ध्रुवे, प्रकाश जोशी, अजय मिश्रा, रूपेश देवांगन, गणेश राम कुर्रे, मोहन लाल वर्मा, तारा पटेल, सिम्मी मिंज, डॉ अजय अजय अधोलिया, योगेंद्र कंवर, अभिषेक बंजारे, अमृत लाल चौधरी, योगेश पटेल एवं बलौदाबाजार जिले के विभिन्न महाविद्यालय के छात्र छात्रा उपस्थित थे।

## सिंदूर मिटाने वालों का काल बना अभियान सिंदूर : उमेश साहू



धमतरी। जिस तरीके से देश के भीतर धर्म पूछ कर नरसंहार की घटना सामने आई है, हमारे बहनों के माथे से सिंदूर छीना गया है, यह घटना पूरे विश्व में मानवता को शर्मसार करने वाली घटना है। उसके बाद जवाबी कार्यवाही के रूप में भारत के द्वारा अभियान सिंदूर के माध्यम से उनके ठिकानों में घुसकर उनको सजा दी गई यह इस बात का परिचायक है कि भारत अब ऐसा कत्लेआम कभी नहीं सहेगा। इस देश के नागरिकों के ऊपर असुरक्षा जब भी मंडराएगी यह निश्चित है ऐसी घटनाओं को अंजाम देने वाले किसी भी हाल में बक्से नहीं जाएंगे उनका अंत होना निश्चित है। यह बात कही भाजपा नेता पूर्व मंडल अध्यक्ष पूर्व सांसद प्रतिनिधि रहे उमेश साहू ने। साथ ही उन्होंने यह बात भी कही की इस घटना से हम सबको सतर्क होने की जरूरत है, जागरूक होने की जरूरत है। परिवार के साथ जब भी हम बाहर जाते हैं तो सुरक्षा के उपाय भी हमें करनी चाहिए और सिर्फस्वयं की सुरक्षा ही नहीं बल्कि आत्मसुरक्षा के अलावा और भी लोगों को हम सुरक्षित कर सकें और भी लोगों का हम मदद कर सके इतनी क्षमता हम सबको अपने भीतर लानी पड़ेगी। जब से केंद्र में भारतीय जनता पार्टी की सरकार है और राज्यों में भी जहां पर भारतीय जनता पार्टी की सरकार है तब से उन राज्यों के भीतर के गरीब परिवारों के उत्थान के लिए अनेक प्रकार की योजनाएं पूरे देश के भीतर लागू हुई और सिर्फ उनका आर्थिक विकास ही नहीं बल्कि शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी काफी रा हत सभी परिवार को मिला है और पूरे देश के लोगों ने यह महसूस किया है कि अब हमारा देश भी एक सुरक्षित हाथों में है।

## ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर भाजपाईयों ने मनाया जश्न



पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी बलौदाबाजार शहर मंडल द्वारा गार्डन चौक बलौदाबाजार में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी एवं भारतीय सेना के कुशल नेतृत्व में पाकिस्तान में की गई सफल एयर स्ट्राइक की गौरव पूर्ण उपलब्धि के उपलक्ष्य में भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा भव्य विजय उत्सव का आयोजन किया गया। इस ऐतिहासिक क्षण में न केवल भारत की शैन्य शक्ति को विश्व पटल पर सिद्ध किया बल्कि यह भी दर्शाया कि देश की सुरक्षा और आत्म सम्मान के लिए भारत किसी भी हद तक जा सकता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृढ़ दूरदर्शी एवं निर्णायक नेतृत्व में देश ने यह सहासिक कदम उठाकर पूरे विश्व को संदेश दिया कि भारत अब किसी भी सुरत में आतंकवाद और उसके समर्थकों को बर्दाश्त नहीं करेगा। कैबिनेट मंत्री टंक राम वर्मा ने कहा कि ये नया भारत है आपरेशन सिन्दूर ने यह दिखा दिया कि भारत अब किसी भी चुनौती का मुह तोड़ जवाब देने में सक्षम है। विजय उत्सव के दौरान कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर भारत माता की जय, वंदे मातरम, हिन्दुस्तान जिन्दाबाद जैसे नारो के साथ राष्ट्र प्रेम की भावना को सजीव किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा, जिलाध्यक्ष आनंद यादव, भाजपा नेता विजय केसरवानी, पूर्व विधायक प्रमोद शर्मा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष द्वय नरेश केसरवानी, नीलम सोनी, भाजपा जिला मंत्री सुनीता वर्मा, शशिभूषण शुक्ला, शहर मंडल अध्यक्ष राकेश ध्रुव, नगर अध्यक्ष अशोक जैन, उपाध्यक्ष जितेन्द्र महाले, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष रवि वर्मा, शहर महामंत्री मणीकांत मिश्रा, संजय श्रीवास, हरिशचंद्र वर्मा, राजेश वर्मा, कपिल कश्यप, राहुल सोनी, संतोष पटेल, नेतराम साहू, दिनेश साहू, महेन्द्र साहू, मनीष कश्यप, अजय गर्ग, नीरज सोनी, पार्षद जितेन्द्र डड़सेना, गौतम चैहान, तरूण वर्मा, वेदांत रजक, भूपेन्द्र मनहरे, योगेश अग्रवाल, सरिता मार्के, धीरज बाजपेयी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं नागरिकगण व शहर के युवा वर्ग उपस्थित रहे।

## हाई स्कूल रोहिना का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत

पायनियर संवाददाता ◄ भंवरपुर
www.dailypioneer.com

शासकीय हाई स्कूल रोहिना का दसवीं बोर्ड का परीक्षा परिणाम इस वर्ष भी शत प्रतिशत रहा जिसमें पांच छात्रों ने प्रथम स्थान हासिल की। कामिनी राणा ने 77.5% अंक हासिल कर कक्षा में प्रथम एवं नेहरू बारिक 68% अंक लेकर द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। प्राचार्य अजय कुमार जायसवाल ने बताया कि वर्ष 2023 में भी परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत एवं वर्ष 2024 में 94% परीक्षा परिणाम आने के बाद इस वर्ष छात्रों को मिली शानदार सफलता उत्साह को बढ़ाने वाला है। शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष नेपाल साहु ने कहा कि शिक्षकों की मेहनत एवं स्कूल के प्रति समर्पण के चलते लगातार उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम देखने को मिल रहा है। व्याख्याता कमलेश साहू ने बताया कि जिला शिक्षा अधिकारी महासमुंद द्वारा इस वर्ष बढ़ते कदम के नाम से एक अभिनव पहल करते हुए साप्ताहिक एवं मासिक टेस्ट परीक्षा लिया गया जिसका सकारात्मक प्रभाव छात्रों पर पड़ा। साथ में स्कूल में वर्ष भर सहसंज्ञानात्मक गतिविधियां संचालित की गई जिसका सुखद परिणाम देखने को मिला। परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम का भी सीधा प्रसारण किया गया जिसके चलते परीक्षा को लेकर छात्रों में झिझक एवं भय दूर हुआ। परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत आने पर सरायपाली विधायक चातुरी नंद, विकासखंड शिक्षा अधिकारी जेआर डहरिया बीआरसीसी डॉ पूर्णानंद मिश्रा, एबीईओ बद्री विशाल जोल्हे, विनोद कुमार शुक्ला, लोकेश्वर कंवर एवं संकुल प्रभारी पी एन ठाकुर, संकुल समन्वयक संतलाल चौहान एव एसएमडीसी अध्यक्ष नेपाल साहू, सरपंच धनुर्जय मरकाम, व्याख्याता क्रांति कुमार साहू, सहायक शिक्षक कैलाश कमार, सियाराम साहू, लीला पटेल, कन्हैया बरिहा, प्रधान पाठक अनिल पटेल एवं शिक्षक एसके पटेल आदि ने बधाई दी है।

## मेरिट लिस्ट में आए सौरभ और समीर का कलेक्टर ने किया सम्मान

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com



कक्षा दसवीं के घोषित परीक्षा परिणामों में राज्य की मेरिट लिस्ट में धमतरी जिले के दो विद्यार्थी सौरभ और समीर भी शामिल हैं। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने इन दोनों विद्यार्थियों को कार्यालय में बुलाकर सम्मानित किया। अपने परिजनों के साथ आए इन दोनों विद्यार्थियों को कलेक्टर ने इस उपलब्धि के लिए बहुत बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने दोनों विद्यार्थियें को मिठाई भी खिलाई और गिफ्ट देकर उनका उत्साह बढ़ाया। कलेक्टर ने बच्चों के साथ आए पालकों डोमन जोशी और भुवन साहू का भी हौसला बढ़ाया। कलेक्टर ने दोनों बच्चों की इस उपलब्धि के लिए पालकों को भी बधाई दी और कहा कि बच्चों की पढ़ाई के लिए प्रशासन द्वारा हरसंभव मदद की जाएगी। कलेक्टर ने बच्चों को पढ़ाई में होने वाली किसी भी प्रकार की परेशानी को भी बताने को कहा। मिश्रा ने बच्चों की मांग पर दोनों स्कूलों में विज्ञान विषय के शिक्षकों की पर्याप्त संख्या में नियुक्ति सुनिश्चित करने के भी निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी टी आर जगदल्ले को दिए। उल्लेखनीय है कि कल ही छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल ने दसवीं और बारहवीं कक्षा के परिणाम घोषित किए हैं। कक्षा दसवीं के परिणामों में कुरूद विकासखण्ड और मगरलोड विकासखण्ड के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले दो विद्यार्थियों सौरभ जोशी और समीर साहू ने राज्य की प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त किया है। मगरलोड विकासखण्ड के बुढेनी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्र सौरभ जोशी ने 98.37 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश छठवां और कुरूद विकासखण्ड के चरमुड़िया शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्र समीर साहू ने 97.83 प्रतिशत अंकों के साथ नौवां स्थान प्राप्त किया है। सौरभ जोशी बुढ़ेनी निवासी डोमन जोशी और सीमा जोशी के पुत्र हैं। सौरभ ने अपनी अथक मेहनत और माता-पिता के सहयोग से दसवीं कक्षा की प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त किया है। सौरभ ने अपनी सफलता का श्रेय विद्यालय के शिक्षकों की रणनीति, विषयों को गंभीरता से पढ़ने और मोबाईल फोन आदि के सीमित उपयोग को दिया है। भविष्य में सौरभ इंजीनियरिंग के क्षेत्र में कुछ अच्छा करना चाहते हैं। उन्होंने कलेक्टर को बताया कि वे आगे जेईई की तैयारी कर किसी अच्छी ब्रांच में इंजीनियरिंग करेंगे। चरमुड़िया निवासी समीर साहू, भुवन साहू और देहुति साहू के पुत्र हैं। समीर ने नियमित अभ्यास कर यह सफलता प्राप्त की है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय पालकों और विद्यालय के शिक्षकों को दिया है। समीर ने पूछे जाने पर कलेक्टर मिश्रा को बताया कि भविष्य में वे प्रशासनिक सेवा के लिए यूपीएससी-पीएससी की परीक्षाओं की तैयारियां करेंगे। वे इन परीक्षाओं में सफल होकर एक अच्छा प्रशासनिक अधिकारी बनना चाहते हैंए ताकि देश की सेवा कर सकें।

## राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजनांतर्गत विभिन्न संविदा रिक्त पदों पर भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित

**गरियाबंद।** राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजनांतर्गत जिला पंचायत स्तर पर सहायक जिला समन्वयक 01, संकाय सदस्य-01 एवं लेखापाल-01 कुल 03 संविदा रिक्त पदों पर भर्ती हेतु वांछित अर्हताधारी एवं इच्छुक अभ्यर्थियों से आवेदन 30 मई 2025 तक आमंत्रित किये गए है। आवेदन कार्यालयीन समय में पंजीकृत डाक/ स्पीड पोस्ट के माध्यम से ही कार्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत गरियाबंद, जिला गरियाबंद के पते पर आमंत्रित किया गया है। निर्धारित शैक्षणिक योग्यता एवं अन्य जानकारी तथा आवेदन पत्र प्रारूप जिला गरियाबंद के ऑफिशियल वेब-साईट पर देखा जा सकता है तथा डाउनलोड किया जा सकता है। अन्य जानकारी जिला पंचायत गरियाबंद के सूचना पटल पर चस्पा किया गया है।

## विश्व रेडक्रॉस दिवस पर रक्तदान सहित विविध कार्यक्रम संपन्न




पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

रेडक्रॉस दिवस के उपलक्ष्य में जिले में विविध कार्यक्रम आयोजित किये गये। कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर इस वर्ष भी 8 मई 2025 को जिले में रेडक्रॉस दिवस मनाया गया। जिला रेडक्रॉस समिति के तत्वावधान में एक वृहद रक्तदान शिविर का आयोजन स्थानीय नगर भवन में किया गया, जिसमें सिविल सर्जन डॉ अशोक कुमार वर्मा सहित डॉक्टरों एवं चिकित्सा स्टाफ, विद्यार्थियों, शिक्षकों और युवा वर्ग ने अपना रक्तदान किया। शिविर में कुल 21 यूनिट रक्त दान में मिली। तीन महिलाओं ने भी रक्तदान किया। जिला रेडक्रॉस समिति के माध्यम से ही पुलिस के पेट्रोलिंग स्टाफ को 10 नग प्राथमिक उपचार किट (फर्स्ट एड) वितरित किया गया। जिसका उपयोग सड़क दुर्घटना में किसी घायल को प्राथमिक उपचार देने में किया जाएगा। पूर्व में पेट्रोलिंग स्टाफ को प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण भी दिया गया है। उक्त दिवस को मनाते हुए जिला रेडक्रॉस समिति ने टीबी का उपचार ले रहे 43 नए टीबी मरीजों को अतिरिक्त पोषण आहार सहायता देने का भी निश्चय करते हुए आज इस कड़ी में आज 10 मरीजों को फूड बास्केट वितरित किया। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ अशोक कुमार वर्मा सहित जिला रेडक्रॉस समिति के चेयरमैन अरविंद शुक्ला, सदस्य बुधराम अग्रवाल, मोरध्वज श्रीवास्तव सहित नगर के गणमान्य नागरिक शालीन शुक्ला उपस्थित रहे।

## भारतीय सेना पर हम सब भारतवासियों को गर्व है : कविता योगेश बाबर

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com



जम्मू कश्मीर में पहलगाम पर आतंकी हमला और उसमें निर्दोष लोगों की जो हत्या हुई वह बहुत ही निंदनीय है। भारत जैसे सर्व धर्म समभाव वाले देश में आतंकवादियों द्वारा धर्म पूछकर जो हत्या की गई है वो पाकिस्तान की घृणित मानसिकता का परिचायक है। भारत देश शुरू से ही शांतिप्रिय देश रहा है। जियो और जीने दो की कथन को परिभाषित करने वाला देश है। लेकिन पिछले आधे दशक से पाकिस्तान द्वारा रह रह कर छद्म रूप से भारत की आंतरिक सुरक्षा व्यवस्था पर चोट करता रहा है चाहे वह मुंबई धमाके हो चाहे पुलवामा का अटैक हो अब तक उसने भारतीय सेना के सैन्य प्रतिष्ठानों को निशाना बनाया लेकिन इस बार आतंकवाद एक नए रूप में आकर पर्यटकों के साथ जिस प्रकार की घिनौनी हरकत की गई वह निंदनीय हैं। आज पूरा भारत देश इस कृत्य की घोर निंदा करता है आज सारा जन समुदाय सरकार के साथ खड़ा है कि पाकिस्तान उसके किए की सज़ा मिलनी चाहिए भारतीय सेना ने विगत दिनों पाकिस्तान के आतंकवादी ठिकानों पर वार करके उनके प्रशिक्षण कैंप व लॉन्चिंग पैड को नष्ट कर अपनी अदम्य साहस और वीरता का परिचय दिया है जोकि प्रशंसनीय है ऐसी सेना को हम सब भारतवासी सैल्यूट करते हैं आज हम अपने घरों में सुरक्षित इसलिए है क्योंकि भारतीय सेना जल थल और वायु में चौबीसों घंटे सतर्क रहते हुए हमारी सुरक्षा कर रही है। हमें जरूरत इस बात की है कि हम सभी जनमानस भारतीय सेना के साथ कंधे से कंधा मिलाकर उनके इन कार्यों को सराहे, जिससे कि सेना का मनोबल ऊँचा बना रहे। हम सब भारतवासी सरकार से यह निवेदन करते हैं कि सिर्फ आतंकवादी ठिकानों को नष्ट करने से ही इस समस्या का समाधान संभव नहीं है बल्कि उनके पीछे उनके आकाओं का हाथ है। उन्हें समूल नष्ट कर करना बहुत जरूरी है जिससे कि भविष्य में वो और सर ना उठा सके ये तो निश्चित है कि इन घटनाओं के पीछे पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी एवं पाकिस्तानी सेना का हाथ है ऐसी स्थिति में भारत के द्वारा उनको करारा जवाब दिया जाना चाहिए।

## राज्य छात्रवृत्ति योजना के लिए आधार से लिंक बैंक खाते जरूरी

**गरियाबंद।** राज्य छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत एसटी, एससी एवं ओबीसी वर्ग के विद्यार्थियों की राज्य छात्रवृत्ति योजना हेतु आधार की अनिवार्यता के संबंध में छ.ग. शासन द्वारा योजनावार आधार संसूचना जारी कर दी गयी है। आधार संसूचना शासन की वेब साइट ईजीएजेडईटीटीई डाट एनआईसी डाट इन से भी प्राप्त की जा सकती है। शासन के द्वारा शत् प्रतिशत हितग्राहियों का ई-केवायसी अनिवार्य किया गया है। जिसके तहत् वर्तमान सत्र 2025-26 से राज्य छात्रवृत्तियों हेतु लाभार्थियों का ई-केवायसी व आधार आधारित डीबीटी किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी ने विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं प्राचार्यो को पत्र के माध्यम से सूचित किया है। इसके अनुसार प्रत्येक लाभार्थी हेतु आधार व आधार से लिंक बैंक खातों हेतु विद्यार्थियों/पालकों को सूचित करने के साथ शाला प्रबंधन समिति की बैठकों, पालक शिक्षक बैठकों/ ग्राम सभा व स्थानीय स्तर पर प्रचार प्रसार करें। विद्यार्थियों के आधार व आधार से लिंक बैंक खातों हेतु प्रत्येक लाभार्थियों को आधार व आधार से लिंक बैंक खातों की उपलब्धता सुनिश्चित किया जाना अनिवार्य हैं। उक्त संबंध में सर्व संबंधितों को निर्देशित किया गया है कि वर्तमान में सुशासन तिहार 2025 के शिविरों में इसका व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाये ताकि विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति मिलने में असुविधा न हों।

### पर्याप्त मात्रा में किया जा रहा भण्डारण

## जिले के किसान बीज एवं रासायनिक उर्वरकों का करें अग्रिम उठाव

पायनियर संवाददाता ◄ गरियाबंद
www.dailypioneer.com





जिले में आगामी खरीफ की तैयारी जोरों पर है। कृषकगण खेतों की जोताई कर बीज खाद की व्यवस्था में लग गये है। सहकारी समितियों के माध्यम से किसानों को शून्य प्रतिशत ब्याज पर कृषि ऋण, बीज एवं उर्वरकों का वितरण प्रारम्भ हो चुका है। 06 मई 2025 की स्थिति में जिले के डॅबल लॉक एवं सहकारी समितियों में यूरिया 5913, सुपर फास्फेट 2252, डी.ए.पी. 1181, पोटाश 770 तथा एन.पी.के. 1183 मिट्रिक टन उर्वरक उपलब्ध है। भारत सरकार द्वारा यूरिया 266.50, एस.एस.पी. पाउडर 469.00, एस.एस.पी. दानेदार 510.00, डी.ए.पी. 1350.00, एन.पी.के. 1470.00 एवं पोटाश 1500.00 रूपये प्रति बैग निर्धारित किया गया है। खरीफ मौसम के निकट आते ही एक साथ खाद की मांग बढ़ जाने के कारण उर्वरक की आपूर्ति प्रभावित होती है। वर्तमान में पर्याप्त मात्रा में उर्वरक की आपूर्ति हो रही है एवं आसानी से खाद उपलब्ध है। भविष्य में किसी भी प्रकार की समस्या से बचने के लिए किसान भाई बीज एवं उर्वरक का अग्रिम उठाव अवश्य करें। शून्य प्रतिशत ब्याज दर होने के कारण किसानों को अग्रिम उठाव करने पर कोई अतिरिक्त राशि देना नही होगा। वर्तमान में धान के विभिन्न किस्म जैसे- स्वर्णा, एमटीयू-1001, एमटीयू-1010 के साथ-साथ इनके विकल्प एमटीयू -1318, एमटीयू -1156, एमटीयू -1153, विक्रम -टीसीआर जैसे अधिक उपंज देने वाले बीज सहकारी समितियों में उपलब्ध है। विगत वर्ष में भी जिले के कृषकों द्वारा इन नवीन किस्मों का उपायोग कर अधिक उत्पादन प्राप्त किया गया है। इसी प्रकार स्फूर खाद के लिए कृषकों द्वारा डीएपी के स्थान पर सुपर फास्फेट, 20:20:0:13, 28:28:0 का उपयोग किया जा कर अधिक उत्पादन प्राप्त किया गया है क्योंकि इन उर्वरकों में नत्रजन एवं स्फूर के साथ-साथ सल्फर की पर्याप्त मात्रा होती है, जो हमारी भूमि को उर्वरा बनाती है। फसलों की बुआई प्रभावित ना हो इसके लिये फसलवार उर्वरक अनुशंसा के आधार पर फसलों में संतुलित उर्वरक उपयोग किया जाना चाहिए। शासन के दिशानिर्देशानुसार उर्वरक विक्रय हेतु पी.ओ.एस. मशीन की अनिवार्यता एवं निर्धारित दर पर उर्वरकों का विक्रय सुनिश्चित करने हेतु संबंधितो को निर्देशित किया गया है। समस्त कृषकों से अपील है कि नत्रजन एवं स्फूर उर्वरकों के साथ-साथ म्यूरेट ऑफ पोटाश का उपयोग अवश्य करे जिससे फसलों में कीड़े बिमारी की समस्या अपेक्षाकृत कम आती है। साथ ही जिंक ईडीटीए एवं बोरॉन का छिडकाव निर्धारित अनुपांत में अवश्य करें जिससे फसलों की गुणवत्ता एवं उपज में वृद्धि से कृषकगण अधिक से अधिक लाभान्वित हो सकते है।

## अवैध शराब परिवहन कर बिक्री करने ले जा रहे आरोपी को किया गिरफ्तार

**धमतरी।** धमतरी पुलिस थाना कुरूद को मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति एक बजाज प्लेटिना मो.सा. क्र. सीजी 04 एमसी 0692 में पेट्रोल टंकी के उपर हरे रंग के प्लास्टिक बोरी में शराब रखकर ग्राम भरदा मोड़ के तरफ जा रहा है। सूचना पर हमराह स्टॉफ पहुंचकर बताये बजाज प्लेटिना मो.सा. क्र. सीजी 04 एमसी 0692 में पेट्रोल टंकी के उपर हरे रंग के प्लास्टिक बोरी रखकर ले जा रहा था, जिसको पकड़कर उनका नाम पता पूछने पर अपना नाम प्रकाश सोनकर पिता पंचू राम सोनकेर निवासी नारी का रहने वाले बताया। हरे प्लास्टिक बोरी की तलाशी लेने पर अंदर 35 पौवा देशी मसाला शराब प्रत्येक में 180-180 एमएल कुल बल्क लीटर 6.300 मिली0 कीमती 3500 रूपये एवं बजाज प्लेटिना मो.सा. क्र. सीजी 04 एमसी 0692 कीमत 10,000 रूपये कुल 13,500 रूपये को समक्ष गवाहों के जप्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना कुरुद में अप. क्र. 117/25 धारा 34-2 आबकारी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी प्रकाश सोनकर पिता पंचूराम सोनकर निवासी नारी थाना कुरूद को विधिवत् गिरफ्तार न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

## यूरो किड्स इंटरनेशनल धमतरी में एनुअल कम ग्रेजुएशन सेरेमनी धूमधाम से मनाई गई




पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com

यूरोकिड्स धमतरी में एनुअल कम ग्रेजुएशन सेरेमनी धूमधाम से मनाई गई। यह कार्यक्रम डॉक्टर प्रफुल्ल सिंह पैकरा एवं दीपक सिंह ठाकुर प्रांत युवा प्रमुख हिन्दू जागरण मंच के मुख्य अतिथि में संपन्न हुआ। डॉक्टर अखिलेश देवांगन स्पेशल गेस्ट रहे। तत्पश्चात स्कूल के नन्हे मुन्ने बच्चों ने सिंड्रेला स्टोरी का सफल मंचन किया। मास्टर हिमाचल मिथिलेश एवं नमन मिथिलेश ने अपनी मधुर आवाज से सभी को बांधे रखा। कार्यक्रम द्वितीय चरण में लिनेस अध्यक्ष जानकी गुप्ता की उपस्थिति में नन्हे मुन्ने बच्चों का नृत्य कार्यक्रम संपन्न हुआ। मास्टर अक्षत देवांगन ने पापा कहते हैं... गाने पर मधुर नृत्य प्रस्तुत किया। कु अंशिका एवं अनन्या पैकरा ने कश्मीरी नृत्य प्रस्तुत किया। मास्टर ईहान साहू एवं प्रिशा ध्रुव ने कृष्ण एवं राधा नृत्य किया। शुभी सिन्हा ने मैंने चूड़ी जो खानकाई.. गीत पर नृत्य प्रस्तुत किया। समस्त कार्यक्रम का सफल निर्देशन पलक नामदेव एवं प्राची नामदेव द्वारा किया गया है एवं आशा नामदेव के अथक सहयोग से संपन्न हुआ। यूरोकिड्स इंटरनेशनल स्कूल समस्त देश में 1600 जगह पर संचालित है। यह देश की सबसे बड़ी प्रीस्कूल एक्सपर्ट है। यह उत्तम एवं गुणवता पूर्ण शिक्षा प्रदान करके नए आयाम रच रही है।

# 21 दिवसीय नि:शुल्क ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर

पायनियर संवाददाता ∢ दुर्ग
www.dailypioneer.com



जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग दुर्ग द्वारा 09 से 29 मई 2025 तक 21 दिवसीय निःशुल्क ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। प्रशिक्षण शिविर पूर्णतः निःशुल्क होगा। जिसमें सबजूनियर/ जूनियर वर्ग के बालक/ बालिकाएं भाग ले सकते हैं। शिविर में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों का पंजीयन, संबंधित मैदान पर किया जाएगा, जिसमें पालक की सहमति होना अनिवार्य है। पंजीयन हेतु खिलाड़ी एक नग पासपोर्ट साईज नवीन फोटो के साथ संबंधित खेल मैदान पर प्रशिक्षक से सम्पर्क कर सकते हैं। प्रशिक्षण हेतु विभाग द्वारा निःशुल्क खेल सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी। शिविर प्रतिदिन प्रातः 5.30 बजे से 7.30 बजे एवं संध्या सूर्यास्त होने के पूर्व मौसम व गर्मी को देखते हुए बच्चों की सुविधा अनुसार प्रशिक्षक समय निर्धारित करेंगे। प्रशिक्षण पूर्व ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर आयोजन वर्ष 2025-26 के संबंध में बैठक 07 मई 2025 को आयोजित की गई। शिविर के सुचारु आयोजन हेतु विलियम लकड़ा सहायक संचालक खेल एवं युवा कल्याण विभाग दुर्ग की अध्यक्षता एवं तनवीर अकील जिला क्रीडा अधिकारी जिला दुर्ग, व्यायाम शिक्षकों, खेल संघों एवं खेल प्रशिक्षकों की 07 मई 2025 को कार्यालय सहायक संचालक खेल एवं युवा कल्याण रविशंकर स्टेडियम दुर्ग में बैठक में विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। जिले के विभिन्न खेल मैदानों पर प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जाएगा। जिसमें हॉकी के लिए शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला कुरूद, समृद्धि बाजार के पास दुर्ग में प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जाएगा। इसी तरह व्हालीबॉल के लिए हॉस्पिटल सेक्टर हुड़कों, बजरंग पारा कोहका में। खो-खो के लिए नेशनल स्कूल मैदान दुर्ग, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला पुरई, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला झीट पाटन, खो-खो मैदान पाउवारा में। फुटबॉल के लिए रविशंकर स्टेडियम दुर्ग, साइंस कालेज मैदान दुर्ग, हाउसिंग बोर्ड भिलाई में। कबडडी के लिए शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला मर्रा पाटन, बैगापारा स्टेडियम दुर्ग, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला जोन-2 खुर्सीपार, दशहरा मैदान उतई में। साफ्टबॉल के लिए नवीन कालेज मैदान खुर्सीपार में। बेसबॉल के लिए खेल मैदान भिलाई-03 में, साइकल पोलो के लिए साइकल पोलो मैदान भिलाई में। साइक्लिंग के लिए भिलाई निवास के सामने में। भारोत्तोलन के लिए शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला मर्रा, झीट मैदान में। कुश्ती के लिए महात्मा गांधी उच्चतर माध्यमिक शाला दुर्ग में। एथलेटिक्स के लिए खेल मैदान खम्हरियां में। बास्केटबॉल के लिए राजेश पटेल मैदान सेक्टर-02, सेंट थामस कॉलेज मैदान रिसाली में। नेटबॉल के लिए एन.सी.आर.टी. स्कूल सेक्टर-06, भिलाई विद्यालय सेक्टर-02 में, ताईकंडो के लिए जे.पी. नगर भिलाई, महावीर खेल मैदान दुर्ग में। मार्शल आर्ट के लिए जुनवानी वार्ड क्र. 01 भिलाई और कुडों के लिए प्राथमिक शाला कसारीडीह दुर्ग में निःशुल्क ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा। इच्छुक खिलाड़ी संबंधित मैदान पर उपस्थित होकर पंजीयन करवाने उपरान्त निःशुल्क प्रशिक्षण का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

# सुशासन तिहार बना किसान ऐश्वर्य सिंह की उम्मीद की किरण

पायनियर संवाददाता ∢ दुर्ग
www.dailypioneer.com



ऐश्वर्य सिंह अरसनारा गांव का एक मेहनती किसान, वर्षों से खेती कर रहे हैं। लेकिन एक छोटी सी चीज फटी-पुरानी ऋण पुस्तिका, उनकी परेशानियों का कारण बन गई थी। बैंक के काम बार-बार अटकते और सरकारी योजनाओं का लाभ भी समय पर नहीं मिल पाता था। ऐश्चर्य ने बताया कि मेरी पुरानी ऋण पुस्तिका इतनी खराब हो चुकी थी कि पन्ने अलग हो जाते थे, हस्ताक्षर और खाते की जानकारी तक पढ़ना मुश्किल था। बैंक में कई बार लौटाया गया। फिर आया साल 2025 और साथ आया सुशासन तिहार। सुशासन तिहार अंतर्गत समाधान शिविर सिरसाखुर्द में ऐश्वर्य ने सबसे पहले आवेदन किया। आवेदन पर त्वरित कार्यवाही करते हुए संयुक्त कलेक्टर हरवंश मिरी एवं नायब तहसीलदार ज्योत्सना कलिहारी ने उन्हें नई, साफ-सुथरी, व्यवस्थित ऋण पुस्तिका प्रदान की। जब ऐश्वर्य ने नई ऋण पुस्तिका हाथ में ली, तो उसे लगा जैसे उसकी पहचान लौट आई हो। अब मेरी जमीन की स्थिति भी स्पष्ट है। यह सिर्फकागज़ नहीं है, ये मेरी मेहनत और हक की पहचान है। इससे अब मुझे सरकारी योजनाओं का लाभ आसानी से मिलने लगेगा। अन्य किसानों ने भी पुस्तिका नवीनीकरण कराया। ऐश्वर्य ने कहा कि सरकार की तरफ से मिला ये एक छोटा-सा कागज नहीं, बल्कि किसानों की पहचान है।

# केयर टेकर को फटकार, कहा सुबह पांच बजे खोले शौचालय: महापौर

## नल में लो प्रेसर की शिकायत पर जांच के निर्देश

पायनियर संवाददाता ∢ रिसाली
www.dailypioneer.com



महापौर शशि सिन्हा ने सार्वजनिक शौचालय के केयर टेकर को जमकर फटकार लगाई। दरअसल उसके खिलाफ एचएससीएल कालोनी मरोदा के नागरिकों ने शिकायत की है। नागरिकों का कहना था कि सुबह शौचालय समय पर नहीं खुलता। महापौर ने शिकायत को गंभीरता से ली। उन्होंने बिना देरी किए मौके पर ही केयर टेकर को तलब कर सुबह 5 बजे तक हर हाल में सार्वजनिक शौचालय खोलने निर्देश दी। महापौर ने जन स्वास्थ्य विभाग को भी निर्देश दी कि शौचालय खुलने के समय को निर्धारित कर ठेकेदार को नोटिस देकर अवगत कराए। महापौर के वार्ड निरीक्षण में एमआईसी अनिल देशमुख, पार्षद रेखा देवी, विनय नेताम, प्रभारी उप अभियंता गोपाल सिन्हा, जन स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी अधिकारी बृजेन्द्र परिहार एवं नागरिक गण उपस्थित थे।

### अतिक्रमण हटाने दिए निर्देश

वार्ड 18 भ्रमण के दौरान महापौर ने नहर किनारे हुए सौन्दर्यीकरण को भी देखा। यहां पर निगम ने पेवर ब्लाक लगाया है। इसी के ऊपर स्थानीय व्यापारियों ने ग्रील, गेट व अन्य सामान रखना शुरू कर दिया है। महापैर शशि ने पेवर ब्लाक के ऊपर हुए अतिक्रमण को हटाने के निर्देश दिए।

### लो प्रेसर को दूर करने बनाए योजना

नागरिकों ने महापौर को अवगत कराया कि क्षेत्र में पेयजल की समस्या है। लो प्रेसर की वजह से घरों में पानी नहीं पहुंचता। समस्या का समाधान करने महापौर ने निर्देश दिए और कहा कि निगम ओवर हेड टैंक निर्माण के लिए प्रस्ताव शासन को भेजे। इसके अलावा नागरिकों ने रामसाय साहू घर से ढाल सिंग के घर तक नाली निर्माण और संतु कॉपरेटिव से लालता प्रसाद घर तक पेवर ब्लाक लगाने की मांग की।

# खुर्सीपार में चल रहे सिवरेज लाईन संधारण कार्य का आयुक्त ने किया औचक निरीक्षण



पायनियर संवाददाता ∢ भिलाई
www.dailypioneer.com

आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय जोन क्रमांक 4 खुर्सीपार में चल रहे सिवरेज लाईन संधारण एवं अवैध अतिक्रमण का औचक निरीक्षण करने पहुंचे। वहां वार्ड क्रमांक 42 में सिवरेज लाईन संधारण का कार्य चल रहा है। जिसमें कुछ स्थानीय नागरिक सिवरेज लाईन चेम्बर के उपर स्लेब ढ़लाई कर अवैध निर्माण कर लिए है। जिसके वजह से संधारण कार्य में बाधा आ रही है। उसके लिए जोन राजस्व अधिकारी बालकृष्ण नायडू को निर्देशित किए कि संबंधित व्यक्ति के नाम पर नोटिस जारी करें, कि स्वयं से अवैध कब्जा को खाली कर दे नहीं तो निगम उसे खाली करवाया जाएगा, जिससे अधिक नुकसान होने की संभावना रहती है। इसी तारतम्य में वार्ड क्रमांक 43 एवं 44 में सफाई कार्य का निरीक्षण किया गया। जोन स्वास्थ्य अधिकारी हेमंत माझी को निर्देशित किए कि नाली पुरी तरह से साफ होना चाहिए, कहीं पर भी कचरा जाम न दिखे, पानी का निकासी आसानी से हो। नाली से निकाले गए गंदगी को तुरंत हटा लेवे। जिससे आस-पास के सहवासियों को बदबू का सामना न करना पड़े। वहीं वार्ड क्रमांक 41 में रोड का निर्माण किया जा रहा था, जिसे गुणवत्तापूर्ण बनाने निर्देशित किए और बताए कि सड़क किनारे कोर को सही तरीके से निर्माण करवाये, जिससे भविष्य में रोड का कोर न टूटे एवं पानी की तराई पर्याप्त मात्रा में करें। जिससे आवागमन सुगम हो, आने-जाने वाले नागरिको को परेशानी न हो। निरीक्षण के दौरान जोन आयुक्त अमरनाथ दुबे कार्यपालन अभियंता रवि सिन्हा, जोन स्वास्थ्य अधिकारी हेमंत मांझी, स्वच्छता निरीक्षक अतूल यादव, वार्ड सुपरवाइजर आदि उपस्थित रहे।

# पीएमश्री सेजेस स्कूल में लॉटरी से विद्यार्थी चयनित



**डोंगरगांव नगर।** नगर में शासन स्तर से संचालित पीएमश्री आत्मानंद अंग्रेजी मीडियम स्कूल में लॉटरी पद्धति से विद्यार्थियों का चयन किया गया। कक्षा पहली से आठवीं तक की कक्षाओं के लिए प्रक्रिया में कक्षा पहली में 33, कक्षा दूसरी में एक, कक्षा चौथी में एक, कक्षा छठवीं में 3, कक्षा सातवीं में 5, कक्षा आठवीं में 3 विद्यार्थियों का अध्ययन हेतु चयन किया गया। इस मौके पर अध्यक्ष हितेश्वरी बांधे संयुक्त कलेक्टर राजनांदगाँव, सदस्य मनोज मरकाम एपीसी, संस्था के प्राचार्य बीएल देवांगन, शाला विकास समिति अध्यक्ष अरुण जैन, गुलशन हिरवानी, व्याख्याता वायआर कोठारी, उषा साहू सहित संस्था के समस्त टीचर्स एवं विद्यार्थियों के पालकगण उपस्थित थे।

# 10वीं में योगिता साहू व 12वीं में डालेश्वरी साहू रही प्रथम



## छ.ग.मा.शि.मं. रायपुर द्वारा 10वीं एवं 12वीं का परीक्षा परिणाम घोषित

**बेमेतरा।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम कन्या विद्यालय बेमेतरा में कक्षा दसवीं में 294 छात्राओं में 188 छात्राएं उत्तीर्ण हुई परीक्षा परिणाम 64.6 प्रतिशत रहा। प्रथम योगिता साहू 95.83%, द्वितीय वीनस जोशी 93% एवं तृतीय न्यासा यादव 91.83% रही। 12वीं कला संकाय का परिणाम 73.98% रहा। प्रथम कविता यदु 83.60%, द्वितीय मेघा भट्ट 80.80% व तृतीय वर्षा पाठक 78.80% रही। विज्ञान संकाय का परिणाम 67.46% रहा। प्रथम नीलम सोनवानी 86.20%, द्वितीय पायल कोसे 83.80% तथा तृतीय कुमकुम साहू व योगिता वर्मा 82.80% रही। वाणिज्य संकाय का परिणाम 97.56% रहा। प्रथम डालेश्वरी साहू 89.60%, द्वितीय गरिमा चेलक 86.20% एवं तृतीय दुर्गा साहू 83.60% रही। प्राचार्य कविता बाजपेयी ने इन सभी छात्राओं का मुँह मीठा कराकर बधाई दी एवं उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर परीक्षा प्रभारी एच के साहू, डी आर साहू व पालक उपस्थित थे।

# माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित 10वीं बोर्ड परीक्षा में शत-प्रतिशत सफलता प्राप्त कर शिक्षा के क्षेत्र में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया

पायनियर संवाददाता ∢ मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com




सपने वो नहीं जो नींद में आएँ, सपने वो हैं जो नींद को चुराकर पूरे किए जाएँ। इन्हीं पंक्तियों को चरितार्थ करते हुए स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, केल्हारी ने छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित 10वीं बोर्ड परीक्षा में शत-प्रतिशत सफलता प्राप्त कर शिक्षा के क्षेत्र में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। विद्यालय के सभी 10 छात्र-छात्राएं उत्तीर्ण हुए, जिनमें से04 छात्र प्रथम श्रेणी, 02 छात्र द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। छात्रा चंचल साहू ने 600 में से 516 अंक (86%) प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान अर्जित किया और संस्था का गौरव बढ़ाया। इसी प्रकार हिंदी माध्यम का परीक्षा परिणाम भी प्रेरणादायक रहा। कक्षा 10वीं का परिणामः 78.68प्रतिशत व कक्षा 12वीं का परिणामः 75.75प्रतिशत रहा। शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष पीताम्बर गुप्ता एवं संस्था के प्राचार्य आरसी नामदेव ने सभी सफल विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं और उन्हें आने वाले वर्षों में राज्य प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया। संस्था के समर्पित शिक्षकों, विद्यार्थियों और अभिभावकों को हार्दिक बधाई देते हुये समिति अध्यक्ष ने कहा कि आप सभी ने यह सिद्ध किया कि परिश्रम, अनुशासन और समर्पण से हर लक्ष्य संभव है।

# पीएमश्री स्वामी आत्मानंद शिवलाल राठी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बेमेतरा का उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम: हिरामणी वर्मा ने राज्य की मेरिट सूची में बनाई जगह

पायनियर संवाददाता ∢ बेमेतरा
www.dailypioneer.com





पीएमश्री स्वामी आत्मानंद शिवलाल राठी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, बेमेतरा ने सत्र 2024-25 की बोर्ड परीक्षाओं में शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले और राज्य में अपनी विशेष पहचान बनाई है। कक्षा 10वीं और 12वीं के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त कर विद्यालय और जिले का नाम रोशन किया।

### कक्षा 10वीं में राज्य स्तर पर चमकीं हिरामणी वर्मा

विद्यालय की कक्षा 10वीं की छात्रा हिरामणी वर्मा ने 97.6% अंकों के साथ छत्तीसगढ़ राज्य की मेरिट सूची में स्थान प्राप्त किया, जो विद्यालय के लिए अत्यंत गौरव का विषय है। इस वर्ष कक्षा 10वीं में कुल 94 विद्यार्थी सम्मिलित हुए, जिनमें से 67 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण की। इसमें हिरामणी वर्मा (प्रथम 97.6%), दीक्षा पांडेय (द्वितीय 97.5%) एवं पलक दिवाकर (तृतीय 97.6%)।

### बहुआयामी प्रतिभा की परिचायक दीक्षा पांडेय

छात्रा दीक्षा पांडेय ने राष्ट्रीय स्तर पर बेसबॉल खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 10 बोनस अंक प्राप्त किए और कुल 99.16% अंक अर्जित किए। उन्होंने राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र (99.17%) के समकक्ष अंक प्राप्त कर अपने बहुमुखी प्रतिभा का परिचय दिया। विशेष रूप से, उन्होंने संस्कृत विषय में 100% अंक प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। कक्षा 10वीं का कुल परीक्षा परिणाम 92% रहा, जो विद्यालय की शिक्षा गुणवत्ता और विद्यार्थियों की मेहनत का प्रमाण है।

### कक्षा 12वीं का भी शानदार प्रदर्शन

कक्षा 12वीं में कुल 69 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए, जिनमें से 44 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में उत्तीर्णता हासिल की। वाणिज्य संकाय में श्रेया तिवारी एवं नैतिक गुप्ता प्रथम स्थान (90%), कुशाग्र श्रीवास्तव द्वितीय स्थान (87.2%), विज्ञान संकाय में चन्द्रप्रकाश जनार्दन एवं दिव्या वर्मा तृतीय स्थान (82.4%)। कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम 95% रहा, जो विद्यालय के शैक्षणिक वातावरण और समर्पित शिक्षकों के प्रयासों का प्रतिफल है। विद्यालय की प्राचार्या सुदेशा चटर्जी एवं सभी शिक्षकों ने विद्यार्थियों की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए सभी छात्र-छात्राओं और उनके अभिभावकों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि यह सफलता समर्पण, मेहनत और विद्यालय की उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रणाली का परिणाम है।

# पटरी पार बुधवारी बाजार में महापौर अलका बाघमार ने किया निरीक्षण: कहा बाजार में पानी, प्रकाश व्यवस्था सहित अन्य सुविधाओं में होगा सुधार

**महापौर ने निरीक्षण के मौके पर दुकानदारों को कचरा निपटान के लिए डस्टबिन उपलब्ध हैं और गुपचुप ठेले वालों को हाथों में दस्ताने पहनने के दिए निर्देश**

पायनियर संवाददाता ∢ दुर्ग
www.dailypioneer.com





नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत पटरी पार सिंधिया नगर स्थित बड़े और व्यस्त बुधवारी बाजार में महापौर अल्का बाघमार ने निरीक्षण किया। उन्होंने बाजार में लगभग 20 लाख रु की लागत से पेवर ब्लॉक और चीजों के लिए जितनी भी राशि लगेगी वह किया जाएगा वॉल पेनटिंग, प्रकाश व्यवस्था के अलावा बोर को जल्द सुधारने सहित बाजार क्षेत्र में पानी की व्यवस्था बेहतर करने के साथ अन्य सुविधा और बेहतर व्यवस्था का जायजा लिया। महापौर ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि बाजार में सभी जरूरी सुविधाएं जल्द से जल्द मुहैया कराई जाएं, ताकि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो। पटरीपार के सबसे बड़ा और स्वच्छ बाजार बुधवारी बाजार दुर्ग शहर का सबसे प्रमुख और पटरीपार का बड़ा बाजार है। यहां स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाता है। बाजार में पॉलीथिन के उपयोग पर पूरी तरह से प्रतिबंध है। दुकानदारों के पास कचरा निपटान के लिए डस्टबिन उपलब्ध हैं और ठेले वालों को हाथों में दस्ताने पहनने का निर्देश है। पूर्व पार्षद अरुण सिंह ने कहा रात में भी सुरक्षित और सक्रिय यह बाजार रात 11 से 12 बजे तक भी सक्रिय रहता है। इस दौरान स्थानीय लोगों की भारी भीड़ उमड़ी रहती है। बाजार में महिलाओं के लिए भी सुरक्षित माहौल है, जिससे वे निडर होकर खरीदारी कर सकती हैं। स्थानीय लोगों की सहभागिता निरीक्षण के दौरान प्रभारी निलेश अग्रवाल, शेखर चंद्राकर, अरुण सिंह, मनमोहन शर्मा, प्रीतम गोलू, अभय राहुल, अनूप, निखिल शर्मा अमन समेत अन्य क्षेत्रवासी भी उपस्थित थे। सभी ने बाजार की स्वच्छता और सुरक्षा बनाए रखने में अपना सहयोग देने की प्रतिबद्धता जताई। महापौर ने कहा कि बाजार में सफाई और सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ किया जाएगा। साथ ही व्यापारियों और ग्राहकों की सुविधा को प्राथमिकता दी जाएगी, ताकि यह बाजार सुरक्षित और स्वच्छ बना रहे।

# महापौर के मॉर्निंटिंग के दौरान नालियों में चलाया सफाई अभियान

पायनियर संवाददाता ∢ दुर्ग
www.dailypioneer.com



महापौर अलका बाघमार के निर्देश पर शहर में स्मार्ट सिटी के अनुरूप स्वच्छता कायम करने नगर निगम क्षेत्र में बडी नालियों एवं नालो में विशेष सफाई अभियान चलाने का कार्य जनहित में जनस्वास्थ्य सुरक्षा हेतु प्रतिदिन निरंतर प्रगति पर है। महापौर ने गली/ मोहल्ले के नालियों में सुगम निकास हेतु स्वच्छता कायम रखने नाले, नालियों में कचरा डालने वाले लोगो को समझाईश देकर व्यवस्था सुधारने जुर्माना करने की कार्यवाही के निर्देश दिए है। महापौर अलका बाघमार द्वारा स्वास्थ्य प्रभारी नीलेश अग्रवाल सहित एमआईसी सदस्य और अधिकारियों के साथ आज वार्ड क्रमांक 6 बैगा पारा सहित कायस्थ पारा सहित क्षेत्र के विभिन्न गलियों में घूमकर नालियों की सफाई के विशेष अभियान की प्रतिदिन मॉनिटरिंग किया। इस अभियान में महापौर के साथ प्रभारी एमआईसी प्रभारी नीलेश अग्रवाल, देवनारायण चंद्राकर, नरेन्द्र बंजारे, ज्ञानेश्वर ताम्रकार, स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा अभियंता विनोद मांझी, कर्मशाला प्रभारी शोएब अहमद, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी पंकज चंद्रवंशी, चंडीशीतला मंडल अध्यक्ष कमलेश फेकर, हरीश चौहान, सुरेश भारती, रामलाल भटट, रजनीश श्रीवास्तव सहित अनेक कर्मचारीगण उपस्थित रहें। बैगा पारा क्षेत्र में महापौर महा सफाई अभियान चलाकर बडी मात्रा में कचरा व गंदगी बाहर निकाली गई एवं उसका परिवहन करवाकर स्वच्छता कायम करते हुए बड़ी नालियों व छोटी नालियों में गंदे पानी की निकास व्यवस्था को सुगम बनाया गया। अभियान निरंतर जारी रहेगा। महापौर अलका बाघमार ने नागरिको से नगर निगम क्षेत्र में नालो, नालियों में कचरा, गंदगी ना डालने का आव्हान किया गया है एवं स्वच्छ शहर की परिकल्पना साकार करने सहभागी बनने का अनुरोध किया गया है।

## संपादकीय

### 'आपरेशन सिंदूर' सटीक जवाबी हमला

**सटीक और सोद्देश्य कार्रवाई** से भारत ने पहलगाम में हुए जघन्य आतंकी हमले का जवाब दिया है। सैनिक समन्वय का त्वरित एवं प्रभावी प्रदर्शन करते हुए भारत ने 'आपरेशन सिंदूर' को अंजाम दिया। यह पूरे पाकिस्तान और पाक अधिकृत कश्मीर-पीओके में नौ आतंकी शिविरों पर सटीक आतंकवाद-विरोधी कार्रवाई थी। 'आपरेशन सिंदूर' जम्मू कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले का जवाब है जिसमें एक नेपाली नागरिक समेत 26 निरपराध लोगों की जानें गई थीं। 25 मिनट के इस संयुक्त आपरेशन का क्रियान्वयन भारतीय सेना, नौसेना और वायुसेना ने किया जिसका प्रभाव व्यापक था। सवेरे 1.05 से 1.30 के बीच 24 मिसाइलों ने मुजफ्फराबाद, कोटली, बहावलपुर, रावलकोट, चकस्वारी, भिंबर, नीलम घाटी, झेलम और चकवाल में 9 स्थानों पर प्रमुख आतंकी ढांचों को नष्ट कर दिया जो लंबे समय से सीमापार आतंकियों को पालते-पोसते थे।

ये आतंकी अड्डे सर्वाधिक खतरनाक आतंकी संगठन लश्करे तैयबा-एलईटी व जैशे मुहम्मद-जेईएम से जुड़े थे। ये आतंकी संगठन भारत में अनेक घातक आतंकी हमलों के जिम्मेदार हैं। आपरेशन का मुख्य निशाना बहावलपुर में जैशे मुहम्मद का मजबूत किला था, जबकि मुजफ्फराबाद व भिंबर कश्मीर में घुसपैठ नेटवर्क के महत्वपूर्ण केन्द्र थे। लक्षित पांच ठिकाने पाक अधिकृत कश्मीर में थे, जबकि चार पाकिस्तान की मुख्यभूमि में भारतीय सीमा से बहुत दूर थे। इससे भारत की आतंकवाद-विरोधी कार्रवाई का विस्तार और उसमें व्याप्त विश्वास का पता चलता है। इन हमलों में 70 आतंकी मारे गए तथा 60 अन्य घायल हुए। इसमें किसी पाकिस्तानी सैनिक ठिकाने को निशाना नहीं बनाया गया जिससे भारत द्वारा 'राज्य' के बजाय केवल आतंकवाद को निशाना बनाने की प्रतिबद्धता पुष्ट होती है। इस प्रकार 'आपरेशन सिंदूर' केवल सैनिक सफलता न होकर भारत के सुरक्षा परिदृश्य में अवधारणात्मक परिवर्तन है। अब आतंक के मुकाबले रणनीतिक संयम का युग बीत गया है। इस आपरेशन ने नई सीमारेखा निर्धारित की है कि भारत अपनी धरती पर किसी हमले का त्वरित, निर्णायक व समानुपातिक जवाब देगा। भारत लंबे समय से निरंतर जारी आतंकवाद का शिकार रहा है जिसे पाकिस्तान के भीतर बसे तत्वों का समर्थन मिलता था।

तीन दशकों से अधिक समय से सीमापार से संचालित आतंकी गतिविधियों ने हजारों निरपराध लोगों की जानें लीं, समुदायों को व्यथित किया तथा राष्ट्रीय सुरक्षा पर निरंतर खतरा पैदा किया। इस अभियान के केन्द्र में पाकिस्तान के राज्य-समर्थित आतंकी समूह, जैसे लश्करे तैयबा, जैशे मुहम्मद और हिज्बुल मुजाहिदीन थे जो न केवल धड़ल्ले से पाकिस्तान में काम करते थे, बल्कि उनको देश की सुरक्षा अवस्थापना से लाजिस्टिक, वित्तीय एवं रणनीतिक समर्थन मिलता था। इस छद्म युद्ध की शुरुआत 1980 के दशकांत में उस समय हुई जब पाकिस्तान ने इस क्षेत्र में अस्थिरता और विद्रोह पैदा करने के इरादे से जम्मू कश्मीर में प्रशिक्षित आतंकी भेजने शुरू किए थे। इसके परिणामस्वरूप कश्मीरी पंडितों को पलायन करना पड़ा तथा नागरिकों और भारतीय सुरक्षा बलों पर हमलों में नाटकीय वृद्धि हुई। 1993 में मुंबई में पाकिस्तानी इंटर-सर्विसेज़ इंटेलीजेंस-आईएसआई ने अनेक बम धमाके कराए जिनमें 257 लोग मारे गए तथा 1,400 से अधिक घायल हुए थे।

2001 में जैशे मुहम्मद व लश्करे तैयबा के आतंकियों ने नई दिल्ली में भारतीय संसद पर हमला किया जिसमें अनेक सुरक्षा कर्मी मारे गए और इस पर भारत की आक्रामक प्रतिक्रिया से भारत-पाकिस्तान युद्ध के कगार पर पहुंच गए। पाकिस्तान-समर्थित आतंकियों का सर्वाधिक जघन्य हमला 2008 में मुंबई में हुआ जिसकी तुलना अमेरिका के 9-11 से की जाती है। 2016 में पठानकोट हवाईअड्डे पर और 2019 में पुलवामा में आत्मघाती हमला हुआ जिसमें भारतीय अर्धसैनिक बल के 40 जवान शहीद हुए। भारत ने इसके जवाब में बालाकोट में जैशे मुहम्मद के शिविर पर 'एयर स्ट्राइक' की। बढ़ते अंतरराष्ट्रीय दबाव और बार-बार दोमुंहापन उजागर होने के बावजूद पाकिस्तान आतंकी नेटवर्कों को पालता पोसता है। ऐसे में 'आपरेशन सिंदूर' इस बात का संकेत है कि अब आतंकवाद को बिल्कुल सहन नहीं किया जाएगा।

# जातीय जनगणना से उम्मीदें

जाति-आधारित जनगणना से भारतीय समाज की सच्ची संरचना के बारे में जानकारी मिल सकती है। लेकिन यह स्पष्टता अपने साथ जटिलता लाएगी जिससे हमें अनेक असहज करने वाली सच्चाइयों का सामना करना पड़ सकता है।

प्रफुल्ल गोराडिया
(लेखक, पूर्व राज्यसभा सदस्य हैं)






केंद्र सरकार ने हाल ही में जनगणना के साथ ही जातीय जनगणना कराने की घोषणा कर दी। इस घोषणा से देश के सभी क्षेत्रों में व्यापक उथलपुथल की स्थिति है और यह अनुमान लगाया जा रहा है कि जातीय जनगणना के क्या परिणाम निकलेंगे। मोटेतौर से कहा जा सकता है कि जाति-आधारित जनगणना से भारतीय समाज की सच्ची संरचना के बारे में ऐसी जानकारी मिल सकती है जिसकी लंबे समय से प्रतीक्षा थी। लेकिन यह स्पष्टता अपने साथ और जटिलता लाएगी जिससे हमें अनेक असहज करने वाली सच्चाइयों का सामना करना पड़ सकता है। हालांकि, कांग्रेस तथा अन्य विपक्षी दलों ने खुशी के साथ अगले दौर की जनगणना के साथ जातीय गणना कराने की घोषणा का स्वागत किया है।

इस प्रकार आगामी जनगणना 1931 में कराई जनगणना की तरह होगी जिसमें आखिरी बार जाति संबंधी विवरण शामिल किया गया था। एक बुजुर्ग सज्जन ने मुझे बहुत पहले बताया था कि 1941 में जाति का कालम हटा लिया गया था ताकि मुसलमानों को इससे कोई परेशानी न हो। उन्होंने दुनिया छोड़ने के पहले इसका खुलासा मेरे साथ किया था। इसके बाद धीरे-धीरे जनगणना में जनता की दिलचस्पी समाप्त हो गई और इसका महत्व कम हो गया। उस समय जनगणना में लोगों की दिलचस्पी केवल एक बात में होती थी कि भारत की जनसंख्या कितनी बढ़ी। इसे देखते हुए भावी जनगणना में जाति की गणना होने से इसके विस्तृत विवरण में लोगों की दिलचस्पी फिर जाग सकती है।

सभी समुदायों का ममान प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने के लिए मुसलमानों और ईसाइयों से भी उनकी जाति बताने के लिए कहा जाना चाहिए जैसा कि पहले सिखों से पूछा गया था। मुसलमानों में तीन प्रमुख विभाजन-अशराफ़, अजलाफ़ व अरज़ाल हैं। अरज़ाल मुसलमानों को पसमांदा भी कहा जा सकता है।

अशराफ़ मुसलमान सर्वोच्च स्तर पर हैं और उनका विश्वास है कि वे मूलत: भारत से बाहर के हैं या उन्होंने उच्च हिंदू जातियों, जैसे ब्राह्मण या राजपूतों से अपना धर्मांतरण किया है। अफ़ज़ाल मुसलमानों में धोबी, दर्जी और अन्य पेशे के लोग शामिल हैं जिनको मुसलमानों में दूसरे दर्जे का माना जाता है। लेकिन इसके साथ ही मुसलमानों में अनेक अन्य वर्गीकरण भी हैं जिनमें मुगल, पठान और अन्य शामिल हैं जो मूलत: उज्बेकिस्तान से यहां आए थे। पठान स्वयं को अफगानिस्तान का मूल निवासी मानते हैं। इसके साथ ही मुसलमानों में सैयद, शेख, अरब-मूल के मुसलमान, ईरानी मूल के शिया मुसलमान और बोहरा, खोजा, इस्माइली, सूफी, अहमदिया और खोजा की उप-प्रजाति मेमन, कोंकणी, मोपला, आदि शामिल हैं। जातीय विभाजन की इन स्थितियों को देखते हुए प्रस्तावित जातीय जनगणना की चुनावी उपयोगिता असाधारण हो सकती है।

चुनाव मैदान में उतरने वाले उम्मीदवार अपने देश में विभिन्न जातियों के मतदाताओं की संख्या फौरन जानना चाहेंगे ताकि वे स्थानीय लोगों की दिलचस्पी को देखते हुए चुनाव अभियान चला सकें। चुनावी उपयोगिता के साथ ही जातीय जनगणना की राजनीतिक उपयोगिता भी काफी होगी। विभिन्न जातियों की संख्या के आधार पर आसानी से यह पता लगाया जा सकता है कि किसे आरक्षण की जरूरत है। अदालतों के निर्णयों के अनुसार दलितों व कुछ ओबीसी को आरक्षण जारी रह सकता है। यदि मुसलमान हिंदू या सिख नहीं बनते हैं तो उनको किसी आरक्षण से बाहर रखा जाएगा। एक प्रतिष्ठित समाजविज्ञानी ने कहा था कि जातियों के विस्तृत अध्ययन से भारतीय समाज का सर्वोत्तम विश्लेषण किया जा सकता है।

डा. राम मनोहर लोहिया ने कहा था कि भारत में जाति ही वर्ग है। अनेक प्रकार से उनका कहना सही था। उदाहरण के लिए, बहुत से इतिहासकार स्वयं को 'ब्राह्मण कैथोलिक' कहलाना पसंद करेंगे। इसी प्रकार अनेक मुसलमान स्वयं को गर्व से 'राजपूत मुस्लिम' कहते हैं। मजेदार बात है कि इस लेखक को विश्वविद्यालय में अध्ययन के दौरान ज्यादातर सालों में यही बताया गया था कि मुस्लिम समुदाय में सभी समान हैं और निश्चित रूप से वे जातिवाद के अभिशाप से मुक्त हैं।

इसके बाद मुझे यह समझने में सालों लगे कि मुसलमानों में भी विशिष्ट वर्ग हैं। एक बोहरा व्यापारी ने मुझे बताया था कि सभी बोहरा पहले ब्राह्मण थे और बाद में उन्होंने इस्लाम स्वीकार किया। समय बीतने के साथ इस लेखक को यह भी पता लगा कि खोजा मुस्लिमों का अपना विशिष्ट मूल है। वे हलाई लोहान थे, जबकि मेमन कच्छी लोहान थे। बाद में एक उर्दू शिक्षक ने मुझे स्पष्ट किया किक वे मुगल थे और उज्बेकिस्तान से यहां आए थे। अफगान आमतौर से अपना उपनाम पठान रखते हैं, जबकि मुगल स्वयं को मिर्जा या बेग कहलाना पसंद करते हैं। इस बात में भी कोई संदेह नहीं है कि एक अवधारणा के रूप में आरक्षण औसत भारतीयों को आकर्षित करता है। जैसे ही जातीय जनगणना के माध्यम से जाति की घोषणा की जाएगी, वैसे ही एक या दूसरे बहाने से अनेक लोग अपने आरक्षण अधिकार की मांग करने लगेंगे। ऐसे लोगों को सरकार का संभावित नौकरशाही जवाब यही होगा कि 'नहीं तुम मुसलमान हो और इस कारण आरक्षण के अधिकारी नहीं हो।' हो सकता है कि इसके कारण कुछ अरज़ाल धर्म की सीमा तोड़ना पसंद करें। भारत में खासकर धार्मिक जुड़ाव के आधार पर उथलपुथल की स्थितियां दिख रही हैं। इसका कारण पिछले दशकों में देश की सामाजिक-आर्थिक और राजनीतिक स्थितियों में आया परिवर्तन है।

देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के शासनकाल में अल्पसंख्यक समुदाय से संबंध रखने का लाभ मिल सकता था। लेकिन वर्तमान समय में बदलती परिस्थितियों के कारण कुछ लोग बहुसंख्यक समाज का होने पर अधिक लाभ की उम्मीद कर सकते हैं। भारत के इतिहास पर गौर करने से स्पष्ट होगा कि मध्यकालीन युग में अनेक लोगों के धर्मान्तरण का कारण नौकरियां या रोजगार मिलना अथवा तत्कालीन शासकों द्वारा दिए जाने वाले दंड से बचना था। इस प्रकार धर्मान्तरण के माध्यम से बहुत बड़ी संख्या में लोगों ने स्वयं को तत्कालीन सत्ता के उत्पीड़न से बचाने का प्रयास किया था।

वर्तमान स्थितियों को देखते हुए यदि देश अपनी व्यवस्थाओं में वास्तव में सुधार लाना चाहता है तो उसे अनिवार्य मतदान शुरू करने पर विचार अवश्य करना चाहिए। अनिवार्य मतदान होने पर चुनाव परिणाम सचमुच पूरे मतदाताओं की इच्छा प्रकट करेंगे। अनिवार्य मतदान का प्राविधान होने पर भी यदि किसी मतदाता को मतदान के समय अथवा उसके एक महीने पहले तक किसी आपातस्थिति का सामना करना पड़े तो उसे अपवादस्वरूप इस प्राविधान से बाहर रखा जा सकता है। लेकिन चुनाव अधिकारियों से ऐसी किसी प्रार्थना और अपनी स्थिति स्पष्ट न करने के अभाव में मतदान न करने पर संबंधित मतदाता को मतदाता सूची से बाहर किया जा सकता है। हालांकि, मतदाता सूची से नाम काटने के पहले भी उसे अपना स्पष्टीकरण देने का अवसर दिया जा सकता है।

इसके पीछे उस मतदाता और वास्तव में सभी मतदाताओं को यह बताने का उद्देश्य है कि मत बहुत महत्वपूर्ण है। स्वतंत्रता के बाद शुरुआती वर्षों में अल्पंख्यकों का चुनाव परिणामों पर उनकी संख्या से अधिक प्रभाव पड़ता था। इसका करण बहुसंख्य समुदाय में मतदान प्रतिशत कम होना था।

जब बहुसंख्य समुदाय अपना कर्तव्य समझ कर मतदान करता है तो राष्ट्रीय नीति में व्यापक परिवर्तन दिखते हैं और ये परिवर्तन केवल विजयी पार्टियों में बदलाव से अधिक होते हैं। अतीत तथा वर्तमान स्थितियों को देखते हुए स्पष्ट है कि किसी भी लोकतंत्र की प्रकृति मुख्यत: इस बात पर निर्भर करती है कि प्रत्येक मतदाता चुनाव में देश की नीतियों पर मतदान के माध्यम से अपने विचार प्रकट करे। भारत में भी ऐसी व्यवस्था की जरूरत है। हमें इस बात पर भी गौर करना चाहिए कि दुनिया के अनेक लोकतंत्रों में अनिवार्य मतदान का प्राविधान है। आस्ट्रेलिया में इसके लिए नियम 22 लागू किया गया है। इसके साथ ही बेल्जियम, अनेक दक्षिण अमेरिकी देशों तथा अनेक अफ्रीकी देशों में भी अनिवार्य मतदान का प्राविधान है।

# आतंक के विरुद्ध प्रभावी रणनीति

पाकिस्तान की आतंकी हरकतें जगजाहिर है। प्रत्येक आतंकी घटना के तार परोक्ष या अपरोक्ष रूप में पाकिस्तान से जुड़े होते हैं।

दिलीप अग्निहोत्री
(लेखक, स्तम्भकार हैं)



आपरेशन सिंदूर के कहर से पाकिस्तान की सत्ता और सेना में बेचैनी है। ऐसे हालत वहां तख्ता पलट के पहले दिखाई देते हैं। पाकिस्तानी के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ झूठ बोलकर अपनी कुर्सी बचाने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने तो ऑपरेशन सिंदूर पर संसद में सियासी दलों को मुबारकबाद दी। वह ऐसा दिखाने का प्रयास कर रहे थे जैसे उन्होंने कोई जंग जीत ली हो। उन्होंने झूठा दावा किया कि पाकिस्तानी सेना ने पांच भारतीय विमानों को नष्ट कर दिया। पाकिस्तान की हवाई रक्षा प्रणाली के जरिए खतरे को प्रभावी ढंग से निष्प्रभावी कर दिया गया। लेकिन वह कोई प्रमाण नहीं दे सके। क्योंकि प्रमाण तो आतंकी ठिकानों की तबाही के हैं।

पाकिस्तान की आतंकी हरकतें जगजाहिर है। प्रत्येक आतंकी घटना के तार परोक्ष या अपरोक्ष रूप में पाकिस्तान से जुड़े होते हैं। यहां आतंकी संगठनों को पूरा संरक्षण मिलता है। वहां की सेना आतंकियों को प्रशिक्षण देती है। भव्य इमारतों में आतंकी संगठनों के कैंप और कार्यालय हैं। सब कुछ खुलेआम है। व्यापारिक या सरकारी प्रतिष्ठानों की तरह आतंकी संगठनों की इमारतें हैं।

आपरेशन सिंदूर में ऐसी इमारतें जमीन में मिला दी गईं। उनके पुरानी तस्वीर पाकिस्तान को ही बेनकाब करती है। अमेरिका और यूरोप में हुए आतंकी हमलों में भी इन्हीं संगठनों की भूमिका थी। पाकिस्तान ने स्वयं इन आतंकी हमले की जिम्मेदारी कबूल कर चुका है। पुख्ता सबूतों के बाद उसके पास कोई विकल्प भी नहीं था। पुलमावा आतंकी हमले को तो तत्कालीन मंत्री फवाद चौधरी ने इमरान सरकार की उपलब्धि बताया था। उसने ने संसद में कहा था कि पुलवामा में भारतीय सुरक्षा बल के काफिले पर हुए



हमले में पाकिस्तान का हाथ था। फवाद यहीं तक नहीं रुका था। उसने यह भी कहा कि पुलवामा हमला पाकिस्तान की कामयाबी है। फवाद चौधरी ने पुलवामा हमले का श्रेय इमरान खान और उनकी पार्टी को दिया। इस बयान से पाकिस्तान की सत्ता और सेना के लोगों के असली चेहरे सामने आ गए थे। यह पाकिस्तान की फितरत है। सरकार बदलने पर भी उसकी इस फितरत में कोई बदलाव नहीं होता है। यूरोप सहित दुनिया के अनेक देश आतंकवाद की चुनौती का सामना कर रहे हैं। दुनिया में शांति और मानवता का समर्थन करने वाले सर्जिकल स्ट्राइक को अपरिहार्य मानते है। आतंकवादियों को सबक सिखाने के लिए यह रणनीति उचित है। प्रत्येक देश को सीमापार के आतंकवाद को रोकने के लिए ऐसी कार्रवाई करने का अधिकार है। सर्जिकल स्ट्राइक के बाद दुनिया में आतंकवाद के माहौल बना है। इजरायल, रूस ,अमेरिका और यूरोप के देशों ने इसका समर्थन किया है। इन्होंने एक स्वर में कहा है कि वह आतंक के खिलाफ लड़ाई में भारत के साथ हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इसे अपरिहार्य बताया है। इजरायल ने पहलगाम हमले की कड़ी निंदा की और भारत के आत्मरक्षा के अधिकार की पुष्टि की है। इजरायल भारत के आत्मरक्षा के अधिकार का समर्थन करता है। आतंकवादियों को पता होना चाहिए कि निर्दोषों के खिलाफ उनके जघन्य अपराधों से बचने के लिए कोई जगह नहीं है। एनएसए अजीत डोभाल ने अमेरिका, ब्रिटेन, सऊदी अरब, यूएई, जापान, रूस, चीन और फ्रांस के अपने समकक्षों के साथ वार्ता की। दुनिया यह समझ रही है कि पाकिस्तान अब गलतबयानी करके अपनी शर्म छुपाने का प्रयास कर रहा है।

दुनिया ने देखा कि ऑपरेशन सिंदूर बहुत प्रभावी रहा है। अनेक आतंकी ठिकाने तबाह कर दिए गए। जबकि पाकिस्तान डींगे हांकने में लगा है। पुरानी तस्वीरें दिखा कर पाकिस्तान ध्यान भटकाने में जुट गया है। वैसे ऐसा करने से उसकी और फजीहत हो रही है।

पीआईबी फैक्ट चेक ने वायरल पुरानी तस्वीरें, जिसमें दावा किया गया कि पाकिस्तान की सेना ने बहावलपुर के पास एक भारतीय राफेल विमान को मार गिराया का हवाला देते हुए खारिज कर दिया। पीआईबी फैक्ट चेक ने पुष्टि की कि यह तस्वीर चार वर्ष पूर्व पंजाब के मोगा में हुए एक मिग दुर्घटना की है।

गत वर्ष खैबर पख्तूनख्वा, पाकिस्तान में हुए सांप्रदायिक झड़पों की फोटो दिखा कर पाकिस्तान यह बता रहा है कि यह भारतीय सीमा के दृश्य हैं। एक अलग अफवाह में यह भी दावा किया गया कि पाकिस्तान ने भारतीय ब्रिगेड मुख्यालय को नष्ट कर दिया, जबकि रक्षा सूत्रों के अनुसार यह दावा पूरी तरह से झूठा और मनगढ़ंत है। इस तरह पाकिस्तान अपने को दुनिया में हास्यास्पद बना रहा है।

## आप की बात

### आतंक पर प्रहार

**भारत** ने ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से आतंकवाद को जड़ से उखाड़ने का प्रयास किया है। यह केवल एक सैन्य अभियान नहीं, बल्कि मानवीय सुरक्षा और सार्वभौम न्याय की निर्णायक परिभाषा है। ऑपरेशन सिंदूर ने स्पष्ट कर दिया है कि भारत अब अपने नागरिकों की सुरक्षा को सीमाओं के भीतर तक सीमित नहीं रखेगा, बल्कि आतंकवाद के अड्डों को उनके जन्मस्थलों पर जाकर समाप्त करेगा। इस ऑपरेशन ने बहावलपुर जैसे क्षेत्रों में आतंकी ठिकानों को ध्वस्त कर दुनिया को दिखा दिया है कि भारत आतंकवाद पर केवल भाषण नहीं देता, बल्कि वह उसकी रीढ़ तोड़ने का साहस रखता है। पाकिस्तान का यह दावा पूरी तरह खोखला है कि वह खुद आतंकवाद का शिकार है। भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के जरिए सिद्ध कर दिया है कि जो राष्ट्र आतंकवाद का पोषण करते हैं वे अंतत: उसी आग में जलते हैं। स्पष्ट है कि भारत अब आतंकवाद को अपने सैनिकों और निरपराध नागरिकों की शहादत का उनकी ही भाषा में जवाब देगा। भारत की आत्मा व संस्कृति पर हुए आतंकी हमले के जवाब में आपरेशन सिंदूर का नामकरण तथा प्रेस सम्मेलन में सेना की दो महिलाओं की उपस्थिति ने भारतीय नारियों को भावनात्मक रूप से उत्साहित कर उनका सम्मान किया है।

**अवनीश कुमार गुप्ता**, आजमगढ़

### बाइडेन का साक्षात्कार

**अमेरिकी राष्ट्रपति** डोनाल्ड ट्रम्प की मनमानी से पूरी दुनिया परेशान है। उनका विरोध नहीं या बहुत कम हो रहा है। खासकर अमेरिका की विपक्षी डेमोक्रेटिक पार्टी को लगता है किसी ने नींद का इंजेक्शन दे दिया हो। ऐसे में पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडेन का इंटरव्यू बहुत महत्वपूर्ण है। देने की हिम्मत की है। इसमें उन्होंने अपनी विरासत, विदेश नीति और ट्रम्प के पहले 100 दिनों के बारे में अपने विचार रखे। उन्होंने यूक्रेन में युद्ध के प्रबंधन और वैश्विक सहयोगियों के साथ उनके व्यवहार पर हमला किया। उन्होंने यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर ज़ेलेंस्की के साथ ओवल ऑफिस में हुए व्यवहार पर भी कटाक्ष किया। उन्होंने कहा, मुझे यह अमेरिका के स्तर से नीचे लगा। बाइडेन ने मेक्सिको की खाड़ी का नाम बदलने, पनामा नहर को वापस लेने और ग्रीनलैंड एवं कनाडा को अधिग्रहीत करने के आह्वान को गलत बताया। उन्होंने कहा कि हम स्वतंत्रता, लोकतंत्र, अवसर के पक्ष में हैं जबरदस्ती के पक्ष में नहीं। बाइडेन के साक्षात्कार से स्पष्ट है कि अमेरिका में बहुत से लोग ट्रंप की आक्रामकता से सहमत नहीं हैं। उम्मीद है कि देर-सवेर अमेरिका की जनता ट्रंप की नीतियों की समुचित आलोचना का विमर्श आगे बढ़ाएगी।

- **जंग बहादुर सिंह**, जमशेदपुर

### पाकिस्तान की असलियत

**पहलगाम** में हुए आतंकी हमले का भारत ने करारा और सटीक जवाब दिया। इस मिसाइल स्ट्राइक में इतने आतंकी मारे गए कि पाकिस्तान को संभलने तक का मौका नहीं मिला। पाकिस्तान सरकार केवल 25 मिनट चले इस आपरेशन से हतप्रभ रह गई। भारत की कार्रवाई से स्पष्ट है कि अब वह आतंकवाद को बर्दाश्त नहीं करेगा, चाहे वह सीमा पार से ही क्यों न हो। भारत ने सिंधु जल समझौता रद्द कर पाकिस्तान पर दबाव और बढ़ाया जिससे उसे यह एहसास हुआ कि अब पुराने खेल नहीं चलने वाले। अमेरिकी विदेश मंत्री ने भारत के इस कदम को जायज़ ठहराया और कहा कि आतंकवादियों को मारना भारत का अधिकार है। साथ ही उन्होंने पाकिस्तान को चेताया कि यदि वह कोई जवाबी कार्यवाही करता हैए तो उसके लिए यह बहुत महंगा सौदा सिद्ध हो सकता है। भारत ने आपरेशन सिंदूर से पूरी दुनिया में अपनी धाक जमा दी है और कोई भी देश खुल कर पाकिस्तान के साथ आना पसंद नहीं कर रहा है। पाकिस्तान की असलियत इससे उजागर हुई कि मारे गए आतंकियों के ताबूतों पर पाकिस्तानी झंडा लपेटा गया तथा पुलिस व सेना के जवानों ने उनके अंतिम संस्कार में भाग लिया। सारी दुनिया के सामने पाकिस्तान की असलियत एक बार फिर उजागर हुई।

**सुभाष बुड़ावन वाला**, रतलाम

### मोदी की प्रशंसा

**पाक** में पले-छुपे आतंकियों द्वारा पहलगाम में हमला करके निर्दोष बहन-बेटियों का सिंदूर उजाड़ा तब तुर्की और चीन ने यह दर्द नहीं महसूस किया और अब वे भारतीय सैन्य कार्रवाई को पाक की सम्प्रभुता का उललंघन बता रहे हैं। तुर्की और चीन तब कहाँ गए थे जब धर्म पूछ-पूछ कर निर्दोषों की हत्या हुई और सिंदूर उजाड़ा। भारत ने पाकिस्तान पर नहीं, बल्कि वहां छुपे आतंकियों के अड्डों को ऑपरेशन सिन्दूर चलाकर तबाह करना शुरू किया और इस प्रकार सिन्दूर उजाड़ने का बदला लिया। आतंकियों से सारी दुनिया परेशान हैं, इसलिए भारत के मित्र देशों ने इस आपरेशन की प्रशंसा की है। आपरेशन सिंदूर इसके पहले आतंकवाद के खिलाफ भारत द्वारा की गई सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक की तुलना में अधिक व्यापक है। यदि पाकिस्तान आतंकियों को पालने-पोसने की इसी नीति पर चलता रहा तो भारत उसके खिलाफ भविष्य में और भी कठोर कदम उठाएगा। भारत के साथ सारी दुनिया की जनता आतंकवाद के खिलाफ मोदी से एकजुटता प्रदर्शित कर रही है ओर इससे विश्वसनीय वैश्विक नेता के रूप में उनका कद बढ़ा है।

- **महेश नेनावा**, इंदौर

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# महाविद्यालय में आयोजित हुआ योग से शारीरिक व मानसिक विकास पर कार्यशाला

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



सर्वतोमुखी समाधान शिक्षा संस्कार समिति द्वारा संचालित समाधान महाविद्यालय में योग से शारीरिक व मानसिक विकास विषय पर कार्यशाला आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ वंदना से किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में बिलासपुर जिले के महर्षि यूनिवर्सिटी की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. गरिमा रही। उन्होंने अपने विचारों को साझा करते हुए बताया कि आसन और प्राणायाम योग के महत्वपूर्ण अंग हैं जो शारीरिक, मानसिक और आत्मिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद करते हैं। आसन शारीरिक मुद्राओं को संदर्भित करते हैं जो लचीलापन, शक्ति और संतुलन को बढ़ावा देते हैं, जबकि प्राणायाम श्वास नियंत्रण तकनीकें हैं जो मानसिक शांति और ऊर्जा को बढ़ावा देती हैं। इनके नियमित अभ्यास से तनाव कम होता है, एकाग्रता बढ़ती है और समग्र कल्याण में सुधार होता है। इसी क्रम में बताया कि प्राणायाम एक प्राचीन योगिक अभ्यास है, जिसके विभिन्न प्रकारों के अलग-अलग मनो-शारीरिक प्रभाव होते हैं। यह तनाव से संबंधित विकारों में चिकित्सकीय क्षमता रखता है और शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य में सुधार करता है। प्राणायाम के विभिन्न प्रकार जैसे शीतली, भ्रामरी, और प्रणव प्राणायाम विशिष्ट लाभ प्रदान करते हैं, जैसे कि तनाव विकार, आंखों के विकार, और चिंता विकार में राहत। प्राणायाम का नियमित और जागरूक अभ्यास योग साधना में महत्वपूर्ण है, जिससे मानसिक शांति और स्थिरता प्राप्त होती है। इसके लिए यम, नियम और आसन जैसे पूर्व चरणों का पालन आवश्यक है। जागरूकता, चेतना और विचार, शब्द और कर्म की शुद्धता के साथ प्राणायाम का समर्पित और दृढ़ अभ्यास आवश्यक है, जिससे आत्मिक उन्नति की दिशा में कदम बढ़ते हैं और पूर्ण स्वास्थ्य लाभ प्राप्त होता है। उन्होंने हठ प्रदीपिका का उल्लेख करते हुए कहा कि श्वास की स्थिरता से मन की स्थिरता प्राप्त होती है। महाविद्यालय के डायरेक्टर डॉ. अवधेश पटेल ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस कार्यशाला से हमें योग की दिव्य शक्तियों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई। कार्यक्रम को-ऑर्डिनेट कराने में शिक्षक प्रतिनिधि आकाश हिरवानी ने भूमिका निभाई। अतिथि को महाविद्यालय के प्रतीक चिन्ह से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी उमेश सिंह राजपूत, उपप्राचार्य लक्ष्मीनारायण साहू एवं समस्त सहायक प्राध्यापक निधि तिवारी, संगीता अग्रवाल, विनीता अग्रवाल, नंदिनी वर्मा, रूपेंद्र डहरिया, राजेंद्र वर्मा, राजेश यादव, श्रद्धा राजपूत, अंशु दत्ता, शुभम गजभिये, गायत्री राजपूत व होरीलाल देवांगन सहित समस्त छात्र छात्राएं उपस्थित थें।

# दीपशिखा विद्यालय उतई का बोर्ड परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट

पायनियर संवाददाता ◄ उतई
www.dailypioneer.com







दीपशिखा विद्यालय डूमरडीह (उतई) का बोर्ड परीक्षा 10वीं एवं 12वीं का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट एवं संतोषजनक रहा। हाई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा कक्षा दसवीं में रागिनी साहू ने 94.66 प्रतिशत लेकर विद्यालय एवं पूरे अंचल को गौरवान्वित किया। वहीं गौरव चंद्राकर 93.83 प्रतिशत लेकर विद्यालय प्रावीण्य सूची में द्वितीय, योगिता 93.5 प्रतिशत तृतीय, दीक्षा बारले गणित विषय शत-प्रतिशत अंक लेकर 92.50 प्रतिशत से चतुर्थ, रुद्र कुमार चंद्राकर 91.66 प्रतिशत पंचम, मोक्षदा साहू 88.5 प्रतिशत छठवां, भावना 88 प्रतिशत सातवां, नियति साहू 85.33 प्रतिशत आठवां, कोहिना निर्मलकर 84.5 प्रतिशत नौवां, कुमकुम साहू 83 प्रतिशत दसवां, पुष्कर साहू, त्रिष्णा साहू 82.5 प्रतिशत ग्यारहवां, भोजराज साहू 82.33 प्रतिशत बारहवां, प्राची साहू 80.383 प्रतिशत तेरहवां, ओमिन 80.5 प्रतिशत चौदहवां स्थान अर्जित किया तथा 22 विद्यार्थियों ने 75% से अधिक अंक अर्जित कर उत्तीर्ण हुए। इसी प्रकार हायर सेकेंडरी सर्टिफिकेट परीक्षा कक्षा 12वीं में पुष्पांजलि साहू 85% लेकर विद्यालय प्रावीण्य सूची में प्रथम स्थान हासिल कर विद्यालय एवं अपने अभिभावकों का नाम रोशन किया। सुजाता यदु 84.2 प्रतिशत लेकर द्वितीय, तान्या देवांगन 81 प्रतिशत तृतीय, माही साहू 80.2 प्रतिशत चतुर्थ, सरिता देवांगन 79.8 प्रतिशत पांचवा, हर्ष कुमार साहू 79 प्रतिशत छठवां, मोनिश कुमार साहू 76 प्रतिशत सातवां, ज्योति महिपाल 75.6 प्रतिशत आठवां, हिमांशी वर्मा 71.8 प्रतिशत नौवां एवं आदित्य कुमार देवांगन 71.6% लेकर दसवां स्थान अर्जित किया। विद्यार्थियों के इस उपलब्धि पर विद्यालय प्रबंधन समिति के डायरेक्टर डीएल सिन्हा, चंदादेवी सिन्हा, प्राचार्य केआर सिन्हा, बोर्ड परीक्षा प्रभारी एनके चंद्राकर, उपप्राचार्य शांता सोनवानी, अनीता अहीर, प्रधान पाठक शरणजीत कौर, उपप्रधान पाठक एसआर सेन, प्रमोद कुमार, प्रदीप सिंह, बीएल यादव, विश्वजीत मुखर्जी, केके साहू, वंदना सोनवानी, भूमिका साहू, प्रियंका साहू, मंजू साहू, हेमलता वर्मा, विद्या साहू, हेमलता साहू द्रोण कुमार मांडले, तरुण यादव, वर्षा साहू, पूर्णिमा साहू, दीपाली साहू, सुनीता नायक, गीतांजलि मानिकपुरी, प्रतिभा साहू सहित समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं एवं पालक शिक्षक समिति के सदस्य डोमन साहू, उत्तम कुमार साहू, घनश्याम चंद्राकर, ललित कुमार, तुलसी देवांगन, झरना हिरवानी, विद्या साव, रजनीश कुमार सनोबर ने सभी सफल विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# 116 यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालको पर बेमेतरा पुलिस की सख्त कार्यवाही

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com




पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ज्योति सिंह, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, एसडीओपी बेरला विनय कुमार, डीएसपी राजेश कुमार झा, डीएसपी कौशिल्या साहू के मार्गदर्शन में बेमेतरा पुलिस द्वारा अवैध शराब, गांजा, नशीली पदार्थो, प्रतिबंधात्मक कार्यवाही, बाउंड ओवर, गुंडा बदमाशों, फरार स्थायी वारंटियो, सामाजिक सौहार्द बिगाडने वालों, यातायात नियमो का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों तथा माईनर एक्ट के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही लगातार की जा रही है जिसके तहत थाना बेमेतरा 10 चालान में 10 व्यक्ति, थाना नवागढ 30 चालान में 30 व्यक्ति, थाना नांदघाट 20 चालान में 20 व्यक्ति, थाना साजा 36 चालान में 36 व्यक्ति, थाना परपोडी 10 चालान में 10 व्यक्ति, थाना बेरला 02 चालान में 02 व्यक्ति, चौकी देवकर 01 चालान में 01 व्यक्ति, यातायात बेमेतरा 07 चालान में 07 व्यक्ति, कुल 116 वाहन चालको के विरूद्ध चालानी कार्यवाही किया गया। जिसमें 109 चालान न्यायालय पेश किया गया तथा बिना सीट बेल्ट, बिना हेलमेट, बिना परमिट, मालवाहक में सवारी बैठाने सहित 07 यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालको के विरूद्ध 05 प्रकरण में 5,400/- रूपये समन शुल्क लिया गया। बेमेतरा पुलिस आम नागरिको से अपील करता है कि यातायात नियमों का पालन करे, पीकअप, मालवाहक वाहन में सवारी न बैठाये, संयमित गति से वाहन चलाये एवं वाहन चलाते समय सीट बेल्ट एवं हेलमेट अवश्य लगावें। शराब सेवन कर वाहन न चलाये, मोटर सायकल में मोडिफाइड साइलेंसर न लगाये, अपने नाबालिक बच्चों को वाहन चलाने न देवे, बिना नंबर के वाहन न चलाएं। वाहन चलाते समय मोबाईल का उपयोंग न करें। बेमेतरा पुलिस आपकी सहायता के लिये है, वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस का सहयोग करें। नियमों का पालन नहीं करने वालों पर चालानी कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में माईनर एक्ट के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करते हुए थाना बेमेतरा 02 प्रकरण में 07 व्यक्ति, थाना दाढी 03 प्रकरण में 06 व्यक्ति, चौकी देवकर 01 प्रकरण में 01 व्यक्ति, के खिलाफ धारा 170, 126, 135 (3) बीएनएसएस के तहत 06 प्रकरण में 14 व्यक्ति के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही किया गया। इसी क्रम में थाना बेमेतरा, खम्हरिया, साजा, परपोडी एवं चौकी खण्डसरा स्टाफ द्वारा आम जगह में धुम्रपान करने एवं गुटका, पाउच, बीडी, सिगरेट बिक्री करने पर दुकान संचालकों एवं अन्य लोगो के खिलाफ कोटपा एक्ट के तहत थाना बेमेतरा में 17 प्रकरण, थाना खम्हरिया में 60 प्रकरण, थाना साजा में 24 प्रकरण, थाना परपोडी में 16 प्रकरण एवं पुलिस चौकी खण्डसरा में 15 प्रकरण, कुल 132 प्रकरण कोटपा एक्ट के तहत कार्यवाही की गई हैं।

# नेहरू युवा केन्द्र के स्वयंसेवक सिविल डिफेंस मॉकड्रिल में हुए शामिल

पायनियर संवाददाता ◄ उतई
www.dailypioneer.com



केंद्रीय गृह मंत्रालय के निर्देशन में दुर्ग जिला प्रशासन द्वारा सिविल डिफेंस मॉकड्रिल का आयोजन भिलाई के सूर्या मॉल, केंद्रीय विद्यालय सहित विभिन्न चौक चौराहों पर किया गया था। जिसमें माय भारत नेहरू युवा केन्द्र दुर्ग के स्वयंसेवकों ने हिस्सा लिया। जिला युवा अधिकारी नितीन शर्मा ने बताया 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत ने आतंकवादियों के खिलाफ कई बड़े एक्शन लिए हैं। भारत पाकिस्तान के बीच युध्द की स्थिति को देखते हुए भारत सरकार ने बुधवार को देश के सभी राज्यों में सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल कराने का एलान किया था। इस हेतु केंद्रीय गृह मंत्रालय ने देश भर के 244 जिलों को चिह्नित कर बड़े पैमाने पर सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल के आयोजन का निर्देश दिया गया था जिसमें छग राज्य से दुर्ग जिला का भी चयन किया गया था। नितिन शर्मा ने बताया सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल एक नियोजित अभ्यास है, जिसका उद्देश्य नागरिकों, प्रशासन और आपातकालीन सेवाओं को युद्ध, प्राकृतिक आपदा या अन्य आपात स्थितियों जैसे हवाई हमले, आतंकी हमले या रासायनिक हमले के लिए तैयार करना है। भारत में आज हुई यह मॉक ड्रिल युद्ध जैसी परिस्थितियों में नागरिकों की सुरक्षा और प्रतिक्रिया क्षमता को मजबूत करने के लिए आयोजित की जा रही है। यह 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के बाद पहला इतना बड़ा सिविल डिफेंस अभ्यास था, जो राष्ट्रीय सुरक्षा और नागरिकों के लिए महत्वपूर्ण है। युवा सामाजिक कार्यकर्ता आदित्य भारद्वाज ने बताया सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल का मुख्य लक्ष्य नागरिकों को आपात स्थिति में व्यवस्थित और त्वरित प्रतिक्रिया देना सिखाना है। इसमें हवाई हमले की चेतावनी (सायरन), ब्लैकआउट, निकासी, प्राथमिक चिकित्सा और बंकरों में शरण लेने जैसे अभ्यास शामिल होते हैं। यह ड्रिल प्रशासन, सिविल डिफेंस वॉलंटियर्स, होम गार्ड, अग्निशमन सेवाओं और पुलिस के बीच समन्वय को भी बेहतर बनाती है। आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए सभी नागरिकों को जागरूक होना बहुत जरूरी है इसके लिए नेहरू युवा केन्द्र अपने सम्बंधित युवा मण्डलों के माध्यम से लगातार प्रयास करेगी। दुर्ग जिले के विभिन्न चिन्हित स्थलों पर हुए मॉक ड्रिल में नेहरू युवा केन्द्र के मास्टर ट्रेनर एवं ग्राम कातरो सरपंच जितेंद्र सोनी, आदित्य भारद्वाज, आशीष मलिक, आकांक्षा, मृदुल निर्मल, सुशील एवं केंद्र से सम्बध्द संघर्ष युवा संगठन, शौर्य युवा संगठन, कर्मवीर युवा संगठन सहित विभिन्न युवा मंडलों के स्वयंसेवकों ने सराहनीय योगदान दिया।

# 10 और 20 रुपए के नोट व सिक्के ना होने से व्यापारियों को परेशानी बढ़ी

**दल्लीराजहरा।** नगर में चिल्लर रुपए और सिक्कों की भारी कमी चल रही है। 10 और 20 रुपए के नोट व सिक्के ना होने से लेनदेन में व्यापारियों को परेशानी बढ़ गई है। खुदरा व्यापारियों को ग्राहकों से बहस भी करनी पड़ रही है इससे ग्राहक एवं दुकानदार के संबंध भी बिगड़ रहे हैं। व्यापार के दौरान छोटे नोट और सिक्कों की जरूरत सबसे अधिक होती है ग्राहक 100 का नोट देता है और सामान 10 या 20 का होता है ऐसे में बाकी पैसे लौटना बड़ा मुश्किल हो रहा है। 20 की खरीदी पर 70-80 रुपए लौटाने में भी दिक्कत आ रही है 500 और 200 रूपये के नोट ज्यादा चलन में है जिससे लेनदेन में और परेशानी बढ़ गई है। ऑनलाइन पेमेंट से कुछ राहत मिलती तो है लेकिन अब भी कई लोग नगद में लेनदेन करते हैं ऐसे में चिल्लर की कमी से व्यापारियों को दिन भर जूझना पड़ता है। एक दो और पांच के सिक्के भी बाजार से गायब है। यही हाल 10 के सिक्के का भी है। सब्जी बाजार, किराना दुकान, दवा दुकान, मनिहारी, पान दुकान, जनरल स्टोर्स, होटल और गुपचुप चाट के ठेले हर जगह यही समस्या है। सभी व्यापारी बैंक से नियमित चिल्लर आपूर्ति की मांग कर रहे हैं। एक दो पांच 10 और 20 के सिक्कों की भारी कमी बैंकों में बनी हुई है। 10-20 और 50 के नोट भी बैंकों में बराबर नहीं मिल रहे हैं बैंक प्रबंधक लोग इस संबंध में कुछ बताने को तैयार नहीं है अनेक दुकानदारों द्वारा इसे शिकायत की गई है लेकिन इसके बावजूद भी सिक्के तथा छोटे नोटों की कमी को दूर नहीं किया जा रहा है।

# प्रदेश के शिक्षकों की युक्तियुक्तकरण से पहले पदोन्नति एवं स्थानांतरण करने की मांग

**दल्लीराजहरा।** छत्तीसगढ़ प्रदेश शासकीय शिक्षक फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष शंकर साहू ने प्रदेश मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, स्कूल शिक्षा विभाग सचिव सिद्धार्थ कोमल सिंह परदेशी एवं संचालक लोक शिक्षण संचालनालय ऋतुराज रघुवंशी शिक्षकों की युक्तियुक्तिकरण की विसंगतियों



को दूर करने की मांग किया है तथा प्रदेश के शिक्षकों की युक्तियुक्तकरण से पहले पदोन्नति एवं स्थानांतरण करने की मांग किया गया है। प्रदेश अध्यक्ष शंकर साहू ने कहा की युक्तियुक्तकरण लागू होने के बाद स्थानांतरण पर बेन हटाने व पदोन्नति करने से स्कूलों में शिक्षकों के पद पुनः रिक्त हो जाएंगे, यदि स्थानांतरण व पदोन्नति पहले की जाती है फिर युक्तियुक्तकरण की सारी चीज व्यवस्थित हो जाएगी। छत्तीसगढ़ प्रदेश शासकीय शिक्षक फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष शंकर साहू ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि 2008 के सेटअप के आधार पर युक्तियुक्तकरण की मांग फेडरेशन ने की है जिसके तहत प्राथमिक शालाओं में अधिकतम 60 दर्ज संख्या पर एक प्रधान पाठक सहित दो सहायक शिक्षक तथा मिडिल स्कूलों में एक प्रधान पाठक सहित पांच शिक्षक पदस्थ करने ज्ञापन के माध्यम से मांगपत्र प्रेषित किया गया है। ताकि शिक्षा की गुणवत्ता बनी रहे।

# समाधान शिविर में प्राप्त शिकायतों पर दो रोजगार सहायक और एक आवास मित्र सेवा से हटाया, एफआईआर भी दर्ज

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

समाधान शिविर में प्राप्त शिकायतों पर दो रोजगार सहायक और एक आवास मित्र सेवा से हटाया गया। साथ ही एफआईआर भी दर्ज किया गया है।

सुशासन तिहार के तीसरे चरण के दौरान छत्तीसगढ़ सरकार ने एक बार फिर यह स्पष्ट कर दिया है कि भ्रष्टाचार के प्रति उसकी नीति 'जीरो टॉलरेंस' की है। बेमेतरा जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना से जुड़े तीन संविदा कर्मियों द्वारा हितग्राहियों से रिश्वत मांगने एवं डरा-धमकाकर वसूली करने की पुष्टि के बाद मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश पर त्वरित और कड़ी कार्रवाई की गई है। घटना की जानकारी एक वायरल ऑडियो क्लिप के माध्यम से सामने आई, जिसमें ग्राम पंचायत ऐरमशाही की आवास मित्र नीरा साहू द्वारा प्रधानमंत्री आवास की किस्त जारी करने के एवज में 25 हजार रूपये की रिश्वत मांगने की बात स्पष्ट रूप से सामने आई। तहसीलदार की जांच में नीरा साहू ने स्वयं ऑडियो में अपनी आवाज होने की बात स्वीकार की। इसी प्रकरण में नारायण साहू, जो ग्राम पंचायत तेंदुआ में रोजगार सहायक हैं, द्वारा हितग्राहियों को धमकाते हुए 10 हजार रूपये की मांग किए जाने के प्रमाण मिले। वहीं उनकी पत्नी ईश्वरी साहू, जो ग्राम पंचायत ऐरमशाही में रोजगार सहायक के रूप में पदस्थ थीं, उन पर भी हितग्राहियों से डराकर पैसे मांगने के गंभीर आरोप ग्रामीणों द्वारा लगाए गए हैं। मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत नवागढ़ की लिखित रिपोर्ट तथा नांदघाट थाना में दर्ज प्राथमिकी के आधार पर तीनों दोषियों नीरा साहू, नारायण साहू और ईश्वरी साहू को तत्काल प्रभाव से सेवा से पृथक किया गया है। यह आदेश कलेक्टर बेमेतरा के अनुमोदन से जारी किया गया। उक्त मामले में नांदघाट थाना में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धाराएँ 308(2) और 3(5) के तहत एफआईआर दर्ज कर प्रकरण की विधिवत विवेचना प्रारंभ कर दी गई है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इस कार्रवाई को सुशासन तिहार के मूल उद्देश्य का प्रमाण बताया है। उन्होंने कहा कि जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में पारदर्शिता, जवाबदेही और ईमानदारी सर्वोपरि है। किसी भी स्तर पर भ्रष्टाचार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि प्रदेश सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि कोई भी अधिकारी या कर्मचारी आमजन के अधिकारों का दुरुपयोग न करे, और यदि करता है तो उसे तत्काल विधि सम्मत कठोर कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ यह सिर्फ कार्रवाई नहीं, सुशासन का संकल्प है।

# शिविर का उददेश्य छोटी-छोटी समस्याओं के समाधान लिए आमजन को कही भटकना ना पड़े: संभागायुक्त राठौर

## विभिन्न योजनाओं में हितग्राहियों को सामग्री वितरण, बुजुर्गों को आयुष्मान वय वंदना कार्ड व छड़ी

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर प्रभावी ढंग से लागू करने और ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के उददेश्य से बेमेतरा जिले के नवागढ़ विकासखंड के क्लस्टर ग्राम पंचायत मुरता में सुशासन समाधान शिविर का भव्य आयोजन किया गया। यह शिविर सुशासन तिहार 2025 के तहत किया गया। मुरता सहित 15 ग्राम पंचायत कामता, रनबोड़, घोघरा, मानिकपुर, मोतिमपुर, अतरगवां, गाडामोर, झाल, गांगपुर, बोरतरा, मोहतरा, हरमुड़ी, भैसामुडा, कौडिया, के ग्रामीण शामिल हुए। इन 15 ग्राम पंचायतों से विभिन्न समस्याओं, मांग व शिकायत के 5198 आवेदन प्राप्त हुए। जिनका संबंधित विभाग द्वारा गुणवत्ता पूर्ण निराकरण किया गया। शिविर में अधिकारियों ने किए गए निराकरण की बारी-बारी से माइक के जरिये ग्रामीणों व आवेदन कर्ता को जानकारी दी। अधिकारियों ने विभागीय योजना की भी जानकारी दी। शिविर में संभागायुक्त दुर्ग सत्यनारायण राठौर ने कहा कि राज्य शासन मंशा है कि छोटी-छोटी समस्याओं के समाधान लिए आमजन को कही भटकना ना पड़े। इसलिए सरकार ने सुसाशन तिहार अंतर्गत पहले आवेदन मंगाए फिर संबंधित विभाग से गुणवत्ता पूर्ण निराकार करवाए और अब किए गए निराकरण की जानकारी इस शिविर में आपके समक्ष संबंधित अधिकारी दे रहे है और विभागीय योजनाओं की जानकारी भी दे रहे है। इसका लाभ आप सब उठाये। एक आवेदनकर्ता ने शिविर में ही आवेदन दिया। परीक्षण कर शिविर में ही जाती प्रमाण पत्र सौपा। राठौर ने कहा कि आप इस शिविर में अभी भी आवेदन कर सकते है। जनदर्शन में भी यहां मेरे कार्यालय में भी दे सकते है। आवेदनों का समाधान किया जाएगा। संभागायुक्त ने महिला बाल विकास, कृषि, मत्स्य पालन,खाद्य और स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न योजनाओं और आवेदन में मांग अनुसार हितग्राहियों को सुकन्या योजना में पास बुक, प्रधानमंत्री मातृव, नोनी सुरक्षा प्रमाण पत्र, किसानों को स्प्रे मशीन, मछुआरों को मछली जाल और 70 साल से ज्यादा उम्र के बुजुर्गों को आयुष्मान वय वंदना कार्ड व छड़ी वितरित की। उन्होंने कहा इस योजना के तहत देश के 5 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज करा सकते हैं। शिविर में सभापति जिला पंचायत अंजू बघेल, अध्यक्ष जनपद नवागढ़ खोरबाहरा साहू, अजय साहू, मुख्य कार्यपालन अधिकारी टेकचन्द्र अग्रवाल, अपर कलेक्टर अनिल बाजपेयी, एसडीएम दिव्या पोटाई सहित जिला अधिकारी जनप्रतिनिति सहित ग्रामीण जन उपस्थित थे। शिविर में स्वास्थ्य, कृषि, महिला बाल विकास सौर मत्स्य पालन विभाग के स्टाल लगाये गए। स्वास्थ्य विभाग द्वारा लोगों की सुगर, बीपी आदि की जांच की गई। उन्हें जरूरी दवाईया दी गयी।

# नशीली दवा खपाने वाले गिरोह का भण्डाफोड़, 2 आरोपी गिरफ्तार

## भारी मात्रा में नशीली दवा बरामद, आरोपी के विरुद्ध धारा 21 (सी) 22,29 एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही

पायनियर संवाददाता ⩤ जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com





जिले में अवैध मादक पदार्थ की अवैध बिक्री पर पूर्ण रूप से अवैध नशीली दवाओ पर प्रभावी कार्यवाही करने हेतु लगातार दिये गये थे इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप एवं एसडीओपी चांपा यदुमणि सिदार के कुशल मार्गदर्शन में थाना प्रभारी चांपा के नेतृत्व में चांपा पुलिस टीम द्वारा रेड कार्यवाही किया गया। थाना प्रभारी चांपा जे.पी. गुप्ता के नेतृत्व में पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई की एक व्यक्ति रेल्वे ब्रिज के नीचे बेलदारपारा चांपा में अवैध रूप से नशीली दवा बेच रहा है कि सूचना पर अधिकारियो को अवगत कराते हुये, टीम के साथ मौके पर पहुचे जो एक व्यक्ति पुलिस टीम को देखकर भागने के फिराक में था जिसे घेराबंदी कर पकडा गया। नाम पता पूछने पर अपना नाम अविनाश यादव निवासी तलवापारा जांजगीर बताया जिसके पास मिले थैला को तलाशी करने पर उसके पास से अवैध नशीली कफ सिरफ प्रिकोप टी 120 नग तथा नशीली टेबलेट श्च4द्दद्ग1श्ठ्ठ स्श्चड्डह्य श्चद्यह्वह्य कुल 4,328 नग मिला जिसे विधिवत जप्त किया गया तथा नशीली पदार्थो के संबंध में पूछताछ करने पर बताया कि जांजगीर के दुर्गेश यादव निवासी न्यू चंदनियापारा जांजगीर के साथ मिलकर नशीली दवाओ को रखना और बेचना बताने पर तत्काल पुलिस टीम के द्वारा दुर्गेश यादव के मकान पर रेड कार्यवाही किया गया, जो दुर्गेश यादव के कब्जे से नशीला कफ सिरफ क्कद्धह्यहस्र -ञ्ज, 240 नग तथा नशीला टेबलेट क्क्षद्दद्ग1श्ठ्ठ स्श्चड्डह्य श्चद्यह्वह्य कुल 28,560 नग टेबलेट तथा नशीली टेबलेट स्श्चड्डह्यद्वश्-श्चह्न्श×41द्बठ्ठ श्चद्यह्वह्य कुल 2,592 नग बरामद हुआ, इस तरह पुलिस टीम के द्वारा दोनो आरोपियो के कब्जे से अवैध नशीली सिरफ कुल 360 नग तथा अवैध नशीली टेबलेट कुल 35,480 नग कुल कीमती 4,08362 रू को जप्त किया गया। दोनो आरोपियो को धारा 21(सी) 22,29 एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार कर वैधानिक कार्यवाही किया जा रहा है। प्रकरण में एंड टू एंड विवेचना के तहत संलिप्त अन्य आरोपियो के गिरोह तथा अवैध नशीली पदार्थो के सप्लायर के संबंध में जानकारी एकत्रित कर प्रभावी तथा कठोर वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक जय प्रकाश गुप्ता थाना प्रभारी चांपा, उनि भवानी सिंह, सउनि अरूण सिंह, मुकेश कुमार पाण्डेय, प्रधान आरक्षक अजय कृष्ण चतुर्वेदी, वीरेंद्र टंडन, अमृत सूर्या, आर. शंकर राजपूत, वीरेश सिंह, भूपेंद्र गोस्वामी, डिकेश्वर साहू, म.आर. शकुंतला नेताम का सराहनीय योगदान रहा। चांपा पुलिस की तत्परता एवं सजगता से भारी मात्रा में नशीली दवा बरामद कर आरोपियो के विरूद्ध गिर. करने में सफलता प्राप्त हुई है।

# लिटिल फ्लावर के दो विद्यार्थियों ने जिले की मेरिट सूची में बनाया स्थान

पायनियर संवाददाता ⩤ सक्ती
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ बोर्ड परीक्षाओं में शक्ति शहर के विद्यालय लिटिल फ्लावर स्कूल के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया। 12वीं के 100त्न बच्चे उत्तीर्ण हुए, वहीं कक्षा दसवीं के 28 में से 19 विद्यार्थियों ने 80% से अधिक अंक अर्जित किया। 11 विद्यार्थियों ने 90% से अधिक अंक अर्जित किया एवं 6 विद्यार्थियों ने 95% से अधिक अंक अर्जित कर विद्यालय एवं शहर का गौरव बढ़ाया। विद्यालय के दो विद्यार्थियों प्राची अग्रवाल एवं राधिका अग्रवाल ने जिले की मेरिट लिस्ट में अपना स्थान बनाया एवं विद्यालय तथा शक्ति शहर को गौरांवित किया। 10वीं के विद्यार्थियों ने विशेष योग्यता हासिल की जिसमें सुमेधा सिंह 96.33% उर्वशी सांडे 96.16% प्रेरणा अग्रवाल 96% वंदना पोर्ते 95.5% शुभ अग्रवाल 95. 33% हंसिका चौहान 93.66% शोएब अली 92.8% शगुन सिंह 92.6% गीत नागदेव 92% संतु कुमार 90.33% यामिनी देवांगन 89.8% स्नेहा द्विवेदी 88.16% शिवम अग्रवाल 87.33% आराध्या कुर्रे 88.5% ओम शर्मा 77.33% प्रकाश डनसेना 81.8% रवीना डहरिया 81.8% भौमिक देवांगन 81.16% सनी कुमार 74.66% विवेकानंद 88.83% कुलसुम 73.83% आराध्या कुर्रे 88.5% रहा। 12वीं का विशेष योग्यता वाले विद्यार्थी प्राची अग्रवाल 94.2% राधिका अग्रवाल 93.4% कनिष्का मानिकपुरी 91.6% महक अग्रवालह्न 87.4% माही अग्रवाल 86.6% आदित्य जयसवाल 85.6% एकता पटेल 85.2% मनीषा 82.49% दिव्या साहू 78% लव राजपूत 79.6% प्रखर पटेल 78.8% कविता यादव 76.4% विद्यालय के डायरेक्टर टी.पी. उपाध्याय एवं मोहम्मद अनीस ने सभी विद्यार्थियों को प्रोत्साहन हेतु उपहार प्रदान किए एवं शुभकामनाएं प्रेषित की तथा इस अच्छे परिणाम के लिए विद्यालय की प्राचार्या संध्या सोनी, शिक्षक शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों के योगदान की सराहना की।

# अग्रवाल समाज की 37 विभूतियों का 12 जून को खाटू धाम में होगा अलंकरण सम्मान

पायनियर संवाददाता ⩤ सक्ती
www.dailypioneer.com



अंतर्राष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन द्वारा विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी आगामी 12 जून 2025 को बाबा श्याम की नगरी खाटू धाम में द्वितीय अग्र अलंकरण समारोह का भव्य आयोजन किया है, तथा यह आयोजन अग्रवाल समाज की दुनिया के विभिन्न स्थानों में निवासरत प्रायोजक परिवारों एवं समाज बंधुओं के सहयोग से किया जा रहा है, जिसमें अलग-अलग क्षेत्र में कार्य करने वाली अग्रवाल समाज की 37 विभूतियों का सम्मान किया जाएगा, अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन के केंद्रीय मुख्यालय कोलकाता ने 37 चयनित विभूतियों की सूची जारी कर दी है, तथा अंतर्राष्ट्रीय द्वितीय अग्र विभूति अलंकरण समारोह 2025, 12 जून दिन-वृहस्पतिवार को आयोजन स्थल-श्याम अर्पण छत्तीसगढ़ भवन, खाटू श्यामजी, सीकर (राजस्थान) में होंगा। अंतर्राष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन परिवार की और से सभी चयनित विभूतियो को बहुत बहुत बधाई एवं हार्दिक शुभकामनाएं दी गई है, अंतर्राष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन परिवार ने सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की है, राज कुमार मित्तल अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष (अंतर्राष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन) एवम उमा बंसल राष्ट्रीय संयोजक (अग्र अलंकरण 2025) ने सभी चयनित विभूतियो एवं प्रायोजक परिवारों से निवेदन किया है कि 12 जून को सुबह 10:00 बजे तक अवश्य रूप से कार्यक्रम स्थल पर सभी जरुर पहुंचे एवं अपने आगमन की सूचना हमें 15 दिवस पूर्व दें ताकि सभी की बेहतर व्यवस्थाएं की जा सके।

# सरस्वती शिशु मंदिर के छात्र-छात्राओं ने 10वीं 12वीं बोर्ड की परीक्षाओं में किया बेहतर प्रदर्शन

पायनियर संवाददाता ⩤ सक्ती
www.dailypioneer.com

शक्ति शहर के अखराभाटा में स्थित 60 वर्षो पुराने सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों ने शैक्षणिक सत्र 2024-25 में दसवीं, बारहवीं बोर्ड परीक्षाओं सहित अन्य कक्षाओं में भी अपना बेहतर प्रदर्शन किया है, बच्चों के इस प्रदर्शन पर जहां विद्यालय परिवार भी हर्षित है, तो वहीं विद्यालय प्रबंधन ने सभी विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए उन्हें बधाई दी है, तथा विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष कपूरचंद्र अग्रवाल, व्यवस्थापक मांगेराम अग्रवाल, कोषाध्यक्ष राम अवतार अग्रवाल, प्राचार्य पुरण गिरी गोस्वामी, प्रधानाचार्य बलदाऊ प्रसाद साहू ने कहा है कि सरस्वती शिशु मंदिर सदैव बच्चों को एक अच्छे संस्कार एवं बेहतर शिक्षा दे रहा है, तथा आने वाले समय में भी इस विद्यालय के बच्चे उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे। कक्षा पांचवी के बोर्ड परीक्षा परिणाम में कुमारी दीपांजलि पटेल पिता शैलेंद्र कुमार पटेल ने 177 अंक प्राप्त कर 88.5% के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं द्वितीय स्थान पर भैया दीक्षित कुमार श्रीवास पिता स्वर्गीय ओमप्रकाश श्रीवास ने 160 अंक के साथ 80% प्राप्त कर द्वितीय स्थान पर रहा। भैया चिराग सिंह सिदार पिता नर्मदा सिंह सिदार ने 157 अंक प्राप्त कर 78.5% के साथ तृतीय स्थान पर रहा।कक्षा पांचवी बोर्ड परीक्षा का 100% रिजल्ट रहा। कक्षा आठवीं का बोर्ड परीक्षा परिणाम इस प्रकार से रहा बहन नूपुर साहू पिता राम अवतार साहू ने 541 अंक प्राप्त कर 90.17 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान पर रही। द्वितीय स्थान पर बहन टिनकेश्वरी पटेल पिता शैलेंद्र कुमार पटेल ने 538 अंक प्राप्त कर 89.67 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान रही हैं। तृतीय स्थान पर वहां अवनी देवांगन पिता डिलेश्वर देवांगन ने 529 अंक प्राप्त कर 88.17% के साथ तृतीय स्थान पर रही। इस प्रकार कक्षा आठवीं का भी रिजल्ट 100% रहा। इस प्रकार सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शक्ति का इस वर्ष का रिजल्ट 100% रहा हैं। कक्षा 12वीं एवं 10वीं का परीक्षा परिणाम घोषित हुआ जिसमें सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शक्ति की बहन कुमारी वंशिका देवांगन पिता प्रहलाद देवांगन जो कक्षा 12वीं की छात्रा है ।500 अंक में से 391 अंक प्राप्त कर 78.2 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान पर रही। वहीं दूसरे स्थान पर भैया दुष्यंत कुमार टंडन पिता अवध राम टंडन ने 500 अंक में से 377 अंक प्राप्त कर 75.4% के साथ द्वितीय स्थान पर रहा। भाई लोकेश पिता रथराम ने 500 अंक में से 347 अंक प्राप्त कर 69.4% के साथ तृतीय स्थान पर रहा इस तरह कक्षा 12वीं के सभी भैया बहनों का परीक्षा परिणाम अच्छा रहा हैं। कक्षा दशम में बहन प्रथा सिंह राजपूत पिता बलदेव सिंह राजपूत ने 600 अंक में से 528 अंक प्राप्त कर 88त्न के साथ प्रथम स्थान प्राप्त की है। शिफा साहू पिता राजबिहारी साहू ने 600 अंक में से 502 अंक प्राप्त कर 83.66 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान पर रही।टिम्पल टंडन पिता अवध राम टंडन ने 600 अंक में से 486 अंक प्राप्त कर 81% के साथ तृतीय स्थान पर रही। कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम अच्छा रहा।

# वासु रिसोर्ट में 25 मई को होगा एक दिवसीय जुम्बा वर्कशाप

पायनियर संवाददाता ⩤ सक्ती
www.dailypioneer.com




वर्तमान समय में इस भागम भाग जीवन की यात्रा में अपनी थकान एवं तनाव को दूर करने के लिए शक्ति शहर के रॉयल डांस स्टूडियो ने एक अनुकरणीय पहल की है, आगामी 25 मई 2025 को सुबह 7:00 से शक्ति शहर के फुलवारी चौक स्थित वासु रिसोर्ट में एक दिवसीय जुंबा वर्कशॉप का आयोजन किया गया है, यह एक्वा जुंबा वर्कशॉप में स्विमिंग पूल में खड़े होकर जहां यह वर्कशॉप होगी तो वही इस वर्कशॉप में आने वाले लोगों को शरीर की संपूर्ण थकान तथा तनाव भी दूर-दूर से हो सकेगा, एवं यह वर्कशॉप शरीर की मांसपेशियों को जहां मजबूत करेगी तो वही जोड़ों पर भी कम दबाव पड़ेगा एवं शरीर के हृदय सहित स्वास्थ्य में भी बहुत ही सुधार होगा एवं शरीर के वजन घटाने में मदद मिलने के साथ ही पानी के प्रभाव से तनाव स्वत ही कम हो जाएगा। रॉयल डांस स्टूडियो की संचालक प्रांजल राजपूतानी ने बताया कि इस विशेष एक दिवसीय वर्कशॉप के लिए कार्यक्रम हेतु पास अनिवार्य है, तथा इस वर्कशॉप की सीटे निर्धारित है, एवं पहले आओ पहले पाओ के आधार पर पास खरीद कर अपनी सीट आरक्षित करवा सकते हैं, शक्ति शहर में पहली बार ऐसा वर्कशॉप आयोजित किया जा रहा है, जिसमें किसी भी वर्ग के लोग इसमें शामिल हो सकते हैं।

# छत्तीसगढ़ बोर्ड परीक्षा टॉप टेन में कक्षा 10वीं की छात्रा मेघा चन्द्रा ने प्राप्त किया 5वां स्थान

पायनियर संवाददाता ⩤ जैजैपुर
www.dailypioneer.com





शिक्षा के क्षेत्र में सक्ती जिला ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। सक्ती जिला के जैजैपुर नगर के प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान जी.एस.सी. मॉडल कान्वेंट उच्च. माध्य. विद्यालय, जैजैपुर की कक्षा 10वीं की छात्रा मेघा चन्द्रा पिता रिसब लाल चन्द्रा की होनहार पुत्री ने छत्तीसगढ़ राज्य के टॉप 10 मेरिट लिस्ट में 5वां रैंक प्राप्त कर जिले और स्कूल का नाम गौरवान्वित किया है। मेघा चन्द्रा की इस शानदार सफलता पर विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकों और परिजनों में खुशी की लहर दौड़ गई है। स्कूल के प्राचार्य विजय कुमार यादव ने कहा कि मेघा चन्द्रा ने अपनी मेहनत, अनुशासन और समर्पण से यह मुकाम हासिल किया है। मेघा चन्द्रा शुरू से ही पढ़ाई में अव्वल रही हैं और उनकी यह उपलब्धि अन्य छात्रों के लिए प्रेरणा बनेगी। परिजनों ने मेघा चन्द्रा की मेहनत और विद्यालय के योगदान को इस सफलता का श्रेय दिया है। उन्होंने बताया कि मेघा चन्द्रा दिन-रात पढ़ाई में जुटी रहती थी और उसका सपना था कि वह राज्य स्तर पर टॉप करे। यह उपलब्धि न केवल मेघा चन्द्रा के लिए बल्कि पूरे सक्ती जिला के जैजैपुर क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। छात्रा मेघा चन्द्रा ने कहा कि पूरे छत्तीसगढ़ मे टॉप 10 मे आने से वह बहुत खुश है। उन्होंने इस सफलता का श्रेय स्कूल के संस्था प्रबंधक सहित सभी टीचरों एवं माता- पिता को दिया है। मेघा चन्द्रा ने कहा कि स्कूल के टीचर्स की मदद के बिना यह मुमकिन नहीं था।

**संस्था प्रबंधक और टीचर्स ने दी शुभकामनाएं** - जी.एस.सी. मॉडल कान्वेंट उच्च माध्य विद्यालय, जैजैपुर के संस्था प्रबंधक जी.एस. चन्द्रा और टीचर्स ने मेघा चन्द्रा की इस उपलब्धि पर हर्ष जताया और उन्हें उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि, मेघा चन्द्रा की यह सफलता न केवल उनके परिश्रम का फल है, बल्कि यह पूरे विद्यालय परिवार के लिए गर्व की बात है। हम मेघा चन्द्रा के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं और उम्मीद करते हैं कि वह आगे चलकर अपने गांव, समाज, देश, माता-पिता और विद्यालय का नाम रौशन करेंगी।

## मारवाड़ी युवा मंच जागृति शाखा का आयोजन

# रेडक्रॉस दिवस के उपलक्ष्य पर अग्नि सेवा योद्धा एवं आपातकालीन सेवा योद्धाओं का किया गया सम्मान

पायनियर संवाददाता ⩤ चांपा
www.dailypioneer.com



रेड क्रॉस दिवस के अवसर पर मारवाड़ी युवा मंच जागृति शाखा नैला-जांजगीर ने राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जोन-4 अमर सुल्तानिया के मार्गदर्शन एवं प्रदेश अध्यक्ष प्रशांत गांधी के निर्देशानुसार उक्त कार्यक्रम का आयोजन किया। शाखा की अध्यक्ष पूनम अग्रवाल के नेतृत्व मे रेड क्रॉस दिवस के उपलक्ष पर खोखरा भाटा स्थित अग्निशमन आपदा नियंत्रण कार्यालय में जाकर अग्निशमन योद्धाओं का एवं आपदा नियंत्रक योद्धाओं का श्रीफल साल और पुष्प गुच्छा देकर सम्मान किया गया। जिसके अंतर्गत साल और श्रीफल देकर सम्मान किया गया। इसी क्रम में अग्निशमन एवं आपदा नियंत्रक के अधिकारियों द्वारा शाखा के सदस्यों को अपने कार्यों की जानकारी दी गई एवं अधिकारी कर्मचारियों द्वारा शाखा का धन्यवाद ज्ञापित किया गया। शाखा द्वारा आयोजित कार्यक्रम सफल रहा। शाखा की अध्यक्ष पूनम अग्रवाल ने कहा कि आप योद्धाओं द्वारा अपने जान पर खेल कर हमेशा दूसरों की जान बचाया जाता है। कहीं अचानक आग लगी हो या कोई डूब रहा हो या किसी भी प्रकार की आपदा आई हो आप लोग हमेशा उससे लड़ने के लिए तत्पर रहते हैं। आप जैसे योद्धाओं के चलते ही हर व्यक्ति विशेष सुरक्षित है। आपका सम्मान करना हमारे लिए गर्व की बात है। उक्त कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारी कर्मचारी द्वारा फायर सेफ्टी एवं आपदा नियंत्रण के संबंध में शाखा के सदस्यों को जानकारी प्रदान की गई और सुरक्षित रहने हेतु सलाह भी दी गई। अधिकारी कर्मचारियों द्वारा शाखा के सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापित किया गया। शाखा के सदस्यों द्वारा भी उनके द्वारा दिए गए कीमती समय को ध्यान में रखते हुए उक्त कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया गया। रेड क्रॉस दिवस पर अग्निशमन एवं आपदा नियंत्रक के अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहे। उक्त रेडक्रॉस दिवस के सम्मान कार्यक्रम में हायर सेफ्टी आपदा नियंत्रक की प्रभारी अधिकारी योगिता साहू के नेतृत्व में हवलदार विशंभर राठौर प्रभारी कन्हैया राठौर, रवि राठौर, कन्हैया बरेठ, राजेश तिवारी, देवेश हंसराज अरविंद राठौड़ मुकेश राठौर राजेंद्र खरे शाहिद कर्मचारीगण उपस्थित थे। उक्त कार्यक्रम में मारवाड़ी युवा मंच जागृति शाखा के कई गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे, जिनमें प्रमुख रूप से प्रांतीय सदस्य सुनीता मोदी पूर्व अध्यक्ष शिखा अग्रवाल अध्यक्ष पूनम अग्रवाल, सचिव मनीषा अग्रवाल, कोषाध्यक्ष पूनम जगनी सहित सदस्यगण उपस्थित रहे।

# बोर्ड परीक्षाओं में शक्ति के गुंजन एजुकेशन सेंटर के विद्यार्थियों ने किया बेहतर प्रदर्शन

पायनियर संवाददाता ⩤ सक्ती
www.dailypioneer.com



नगर के प्रतिष्ठित स्कूल गुंजन एजुकेशन सेंटर के छात्र-छात्राओं ने माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित 10वीं तथा 12 वीं बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन कर स्कूल तथा अपने माता-पिता का नाम रौशन किया। कक्षा 12 वीं में संस्था की छात्रा आस्था देवांगन पिता दिलेश देवांगन ने 93.4% के साथ कामर्स संकाय सक्ती जिले में छठवां स्थान प्राप्त किया। तथा वेदिका राठौर पिता सालिक राम राठौर ने बायो संकाय में 93% के साथ सातवां स्थान प्राप्त किया। इन्होंने स्कूल में पहले तथा दूसरे स्थान पर रहे। स्कूल में तीसरे स्थान पर कामर्स संकाय से श्रेयस अग्रवाल पिता अजय अग्रवाल 91% के साथ तीसरे स्थान पर रहे। चौथे स्थान पर कामर्स संकाय से परी शर्मा पिता रन्जू शर्मा 88.20% रही। पांचवें स्थान पर इशिका धमवानी पिता नरेश धमवानी ने 87.2% प्राप्त किया। छठवें स्थान पर खुशी शर्मा पिता संजय शर्मा 86.8% रही। सातवे स्थान पर कुलदीप सिंह पिता गोविंद देवांगन ने 82.2% प्राप्त किया। आठवें स्थान पर बायो संकाय की रोशनी देवांगन पिता जीवन देवांगन ने 81.40% अंक प्राप्त किए। नवें स्थान पर जिया देवांगन पिता हेमंत देवांगन ने 80.40% ने प्राप्त किया। दसवें स्थान पर कामर्स संकाय की साक्षी चौहान पिता प्रशांत चौहान ने 77.40% प्राप्त किया। इसी प्रकार कक्षा 10वीं के बोर्ड परीक्षा में प्रथम स्थान रूचि राठौर पिता जगनमोहन राठौर ने 91% के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया, दूसरे स्थान पर सार्थक पांडे पिता लोकेश पांडे ने तथा रिचा पटेल पिता धनेश्वर प्रसाद पटेल ने 89.33% रहे। तीसरे स्थान पर प्रिया पांडे पिता संजय कुमार पांडे 87.89% रही। चौथे स्थान पर प्राची पटेल पिता लखन लाल पटेल 87.33% प्राप्त किया। पांचवें स्थान पर विनय पटेल पिता लक्ष्मन पटेल 84.33% रहे। हिमांशी कंवर पिता बेद प्रकाश कंवर 84.16% ने छठवें स्थान पर रही। सातवे स्थान पर सामीन खान पिता आमीन खान 78% प्राप्त किया। आठवें स्थान पर समृद्धि सिंह पिता ठाकुर प्रमेंद्र सिंह ने 75.16% प्राप्त किया। शक्ति की कुंजन एजुकेशन सेंटर संस्था के डायरेक्टर नितिन सोनी ने सभी छात्र-छात्राओं को उत्कृष्ट परिणाम के लिए शुभकामनाएं देते हुए उन्हें उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। तथा अन्य छात्र-छात्राओं को निराश ना होने एवं कठिन परिश्रम करने को प्रेरित किया। बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन में स्कूल के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं का योगदान रहा, ज्ञात हो की शक्ति का गुंजन एजुकेशन सेंटर शिक्षा के साथ-साथ विभिन्न प्रकार की गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाता है, तथा यहां के बच्चे राष्ट्रीय एवं प्रदेश स्तर पर खेलकूद सहित विभिन्न प्रतिस्पर्धाओ में भाग लेकर शहर का नाम रोशन करते हैं।

# इम्यूनिटी बढ़ाने और तनाव खत्म करने में मदद करता है लाफ्टर थेरेपी, जानिए इसके फायदे

अंग्रेजी की एक कहावत लाफ्टर इज द बेस्ट मेडिसन के बारे में तो आप सभी ने सुना होगा। लेकिन वर्तमान समय में लोग शायद इस कहावत को जैसे भूल चुके हैं। आजकल की बिजी लाइफस्टाइल की वजह से लोगों के पास खुलकर हंसने का भी समय नहीं है। लेकिन अगर आप दिनभर में सिर्फ एक बार खुलकर हंसते हैं, तो इससे आपकी कई परेशानियां दूर हो सकती हैं। बता दें कि खुलकर हंसने को लाफ्टर थेरेपी या हास्य योग भी कहा जाता है।

लाफ्टर थेरेपी में सिर्फ खुलकर हंसा जाता है। यह योग एक प्राकृतिक तरीका है मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को ठीक रखने का। हालांकि बहुत सारे लोगों को इसके लाभ के बारे में नहीं पता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको हास्य योग के फायदे के बारे में बताने जा रहे हैं। जिससे कि आप भी अपनी डेली रूटीन का हिस्सा बना लेना चाहिए और खुद को फिट रख सकते हैं।

### तनाव से मिलेगी मुक्ति

अगर आप दिन में लाफ्टर क्लब में अपने दोस्तों, करीबियों और परिवार के साथ कुछ समय बिताते हैं और खुलकर हंसते हैं। तो इससे तनाव से राहत मिलती है। क्योंकि जब आप खुलकर हंसते हैं, तो शरीर में एंडोर्फिन नामक हार्मोन रिलीज होता है। जोकि आपके मानसिक स्वास्थ्य को सुधारने के साथ ही तनाव को भी कम करता है।

### दिल होगा मजबूत

जब आप खुलकर हंसते हैं तो इससे आपका दिल मजबूत होता है। क्योंकि हंसने से ब्लड प्रेशर कंट्रोल में रहता है। इसलिए दिन में किसी ऐसे इंसान से जरूर बात करें, जिनसे बात करके आपको अच्छा महसूस होता है।


### पाचन तंत्र में होगा सुधार

खुलकर हंसने से पेट की मांसपेशियों पर सीधा असर होता है। अगर आप दिन में एक अच्छे से हसेंगे तो इससे पाचन तंत्र भी मजबूत होगा। वहीं पेट संबंधी समस्याओं का खतरा भी कम होता है। साथ ही यह कैलोरी बर्न करने में भी सहायता करता है।

### इम्यूनिटी होगी मजबूत

बता दें कि हंसने की वजह से आपकी इम्यूनिटी बढ़ती है। ऐसे में आप बिता बात के लाफ्टर क्लब में हंसे या फिर अपने दोस्तों के साथ ठहाके लगाएं। इससे आपकी इम्यूनिटी पर अच्छा असर पड़ता है। क्योंकि हंसने से शरीर में ऑक्सीजन का संचार होता है और इम्यूनिटी भी मजबूत होती है।






# हाई कोलेस्ट्रॉल को कंट्रोल करने में लाभकारी हो सकता है ये उपाय, दवाओं की नहीं पड़ेगी जरूरत

बढ़े हुए कोलेस्ट्रॉल के लिए कई कारण जिम्मेदार हो सकते हैं। जिन लोगों का खानपान और लाइफस्टाइल ठीक नहीं होता है, उन लोगों में हाई कोलेस्ट्रॉल की समस्या अधिक देखने को मिलती है। हालांकि हाई कोलेस्ट्रॉल को कंट्रोल करने के लिए करने के लिए 80/20 उपाय एक लाइफस्टाइल के तौर पर अपनाया जा सकता है। 80/20 के उपाय में 80न समय सक्रिय रहने और व्यायाम करने पर जोर दिया जाता है, तो वहीं 20न का समय आराम के लिए होता है। वहीं डाइट और व्यायाम आदि के जरिए हाई कोलेस्ट्रॉल को कंट्रोल किया जा सकता है। ऐसे में अगर आपका भी कोलेस्ट्रॉल बढ़ा हुआ है, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज इस आर्टिकल के लिए हम आपको हाई कोलेस्ट्रॉल को कंट्रोल में रखने के तरीके के बारे में बताने जा रहे हैं।

## 80/20 उपाय के लिए डाइट

### फाइबर से भरपूर डाइट

फल, सब्जियां, दालें, साबुत अनाज और बीन्स में पर्याप्त मात्रा में घुलनशील फाइबर पाया जाता है, जोकि कोलेस्ट्रॉल को कम करने में सहायता करता है।

### स्वस्थ वसा

वहीं एवोकाडो, नट्स, ऑलिव ऑयल और अलसी के बीज में वसा पाई जाती है, जो हृदय की सेहत के लिए अच्छा होता है। वहीं यह हाई कोलेस्ट्रॉल को कंट्रोल करने में मदद कर सकते हैं।

### संतृप्त और ट्रांस वसा

डेयरी उत्पाद, लाल मांस और संसाधित खाद्य पदार्थों में संतृप्त वसा होती है। इसलिए हाई कोलेस्ट्रॉल को कंट्रोल करने के लिए संतृप्त और ट्रांस वसा का कम से कम सेवन करना चाहिए।

### व्यायाम

नियमित रूप से दौड़ना, चलना, साइकिल चलाना और तैरना जैसे कार्डियो व्यायाम करना चाहिए। यह कोलेस्ट्रॉल को कंट्रोल करने में मदद करता है।

इसके अलावा रोजाना कम से कम 30 मिनट व्यायाम जरूर करना चाहिए। या फिर डॉक्टर द्वारा बताए गए व्यायाम करें।

अगर आप ऑफिस में काम करते हैं, तो थोड़ी-थोड़ी देर पर टहलते रहें या फिर अन्य तरीके से सक्रिय रहें।

वहीं वजन कम करने से भी एलडीएल कोलेस्ट्रॉल कम हो सकता है।

### धूम्रपान

कोलेस्ट्रॉल की समस्या होने पर धूम्रपान का सेवन नहीं करना चाहिए। क्योंकि यह कोलेस्ट्रॉल के लेवल को बढ़ा सकता है और साथ ही धूम्रपान करने से हृदय रोग का खतरा भी बढ़ता है।

वहीं लहसुन और प्याज में कोलेस्ट्रॉल को कम करने वाले गुण पाए जाते हैं।

कोलेस्ट्रॉल बढ़ने पर अर्जुन की छाल को पानी में उबालकर पीने से यह समस्या काफी हद तक कम की जा सकती है।

कोलेस्ट्रॉल को कंट्रोल करने के लिए अधिक पानी पीना चाहिए।

### जानिए क्या कहते हैं एक्सपर्ट

अगर कोलेस्ट्रॉल का लेवल अधिक है, तो डॉक्टर से फौरन संपर्क करना चाहिए।

अगर आपको हाई कोलेस्ट्रॉल के लिए दवा की जरूरत है तो आपको डॉक्टर से परामर्श के बाद ही दवा का सेवन करना चाहिए।

80/20 का उपाय अपनाकर कोलेस्ट्रॉल को कंट्रोल किया जा सकता है। साथ ही यह हृदय रोग के खतरे को भी कम करता है।

# सेब खाने के कितने देर बाद पानी पीना चाहिए?

हेल्थ एक्सपर्ट्स अक्सर सेब खाने की सलाह देते हैं। सेब का सेवन कर आप न केवल अपने इम्यून सिस्टम को बूस्ट कर सकते हैं बल्कि अपनी ओवरऑल हेल्थ को भी काफी हद तक सुधार सकते हैं। बेहतर परिणाम हासिल करने के लिए सेब को सही तरीके से कंज्यूम करना बेहद जरूरी है। क्या आप जानते हैं कि सेब खाने के तुरंत बाद पानी पीने से आपकी सेहत पर नेगेटिव असर भी पड़ सकता है?

### सेब कंज्यूम करने का तरीका

आप एक दिन में एक से दो सेब खा सकते हैं। सुबह-सुबह खाली पेट सेब का सेवन करने से बचना चाहिए। शाम के समय भी सेब खाने से सेहत पर पॉजिटिव की जगह नेगेटिव असर पड़ सकता है। सेब को नाश्ते के बाद कंज्यूम किया जा सकता है। सेब खाने के कम से कम आधे से एक घंटे बाद ही पानी पीना चाहिए। सेब का सेवन करने के तुरंत बाद पानी पीना सेहत के लिए नुकसानदायक साबित हो सकता है।



### गौर करने वाली बात

आइए जानते हैं कि आपको सेब खाने के तुरंत बाद किन-किन चीजों को कंज्यूम करने से बचना चाहिए। सेब खाने के बाद मूली या फिर अचार जैसी चीजों का सेवन नहीं करना चाहिए। इसके अलावा इस फल को खाने के बाद चाय पीने से भी बचना चाहिए। सेब खाने के तुरंत बाद दूध पीना गट हेल्थ के लिए नुकसानदायक साबित हो सकता है। सेब खाते समय आपको इन छोटी-छोटी बातों को अपने दिमाग में जरूर रखना चाहिए।

### सेहत के लिए वरदान

दादी-नानी के जमाने से सेब को सेहत के लिए वरदान माना जाता रहा है। सेब आपकी बॉडी के मेटाबॉलिज्म को बूस्ट कर मोटापे को दूर करने में भी कारगर साबित हो सकता है। सेब बोन हेल्थ से लेकर हार्ट हेल्थ तक, आपकी सेहत को चौतरफा फायदे पहुंचाने में मददगार साबित हो सकता है।

# बढ़ती उम्र में जवां दिखने के लिए महिलाएं रोजाना करें ये एक्सरसाइज, सेहत को भी मिलेंगे फायदे

**हर महिला के लिए 30-40 साल की उम्र का समय बेहद महत्वपूर्ण होता है। क्योंकि इस दौरान महिलाओं के शरीर में कई तरह के हार्मोनल बदलाव होते हैं। जो महिलाओं के शारीरिक और मानसिक स्थिति को प्रभावित करते हैं। इन हार्मोनल बदलाव की वजह से 30 से 40 साल की उम्र की महिलाओं को मेटाबॉलिज्म भी धीमा हो जाता है। जिसकी वजह से महिलाओं को पाचन संबंधी समस्या और वजन आदि बढ़ने लगता है। वहीं 30 से 40 साल की उम्र में हेल्दी और फिट रहने के लिए महिलाओं को एक्सरसाइज जरूर करना चाहिए। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि इस उम्र में महिलाओं को कौन सी एक्सरसाइज करना चाहिए।**



### कार्डियो एक्सरसाइज

रोजाना 30 से 40 साल की उम्र वाली महिलाओं को कार्डियो एक्सरसाइज करना चाहिए। क्योंकि इससे आपकी दिल की सेहत में सुधार होता है और वेट कंट्रोल होता है। इसलिए रोजाना 30 मिनट जॉगिंग, वॉकिंग, स्विमिंग या साइकिलिंग जैसी एक्सरसाइज करना चाहिए। कार्डियो करने से उम्र के साथ हार्मोन असंतुलन भी ठीक होता है।

### पिलाटेज

रोजाना 20 से 25 मिनट तक पिलाटेज एक्सरसाइज करने से महिलाओं की कोर स्ट्रेंथ मजबूत होती है और बैलेंस को मेंनटेन करने में सहायता मिलती है। वहीं 30 उम्र के बाद कमर, पीठ और शरीर के दर्द से राहत मिलती है।

### स्ट्रेंथ ट्रेनिंग

स्ट्रेंथ ट्रेनिंग करने से महिलाओं की मांसपेशियां मजबूत होती हैं। इसलिए रोजाना पुशअप्स, स्क्वाट्स और वेट लिफ्टिंग जैसी एक्सरसाइज करना महिलाओं के लिए फायदेमंद होता है।

### हाई-इंटेंसिटी इंटरवल ट्रेनिंग

वहीं 30 साल की उम्र के बाद मेटाबॉलिज्म को स्ट्रांग बनाने और वेट लॉस में हाई-इंटेंसिटी इंटरवल ट्रेनिंग लाभकारी होती है। यह एक्सरसाइज करने से शरीर की एक्स्ट्रा कैलोरी कम करने और फिट रहने में सहायता मिलती है।

### ब्रीदिंग और बैलेंसिंग एक्सरसाइज

बता दें कि सांस संबंधित एक्सरसाइज जैसे डीप ब्रीदिंग और प्राणायाम करने से मानसिक तनाव कम होता है। वहीं रोजाना ब्रीदिंग करने से शरीर को पर्याप्त रूप से ऑक्सीजन मिलता है, जिससे शरीर का विषाक्त पदार्थ बाहर निकालने में सहायता मिलती है। वहीं बैलेंस एक्सरसाइज करने से सही तरीके से चलने और उठने-बैठने में आसानी होती है।

# 1 महीने सुबह अनार का जूस पीने के 10 फायदे, सेहत से लेकर सुंदरता तक के लिए रामबाण उपाय

**अनार को पोषक तत्वों का पावर हाउस कहा जाता है। लाल-सुर्ख स्वाद में मीठा अनार कई तरह के औषधीय गुणों से भरपूर होता है। इसमें आयरन, पोटेशियम, फाइबर, विटामिन सी, विटामिन के, विटामिन बी, जिंक और ओमेगा-6 फैटी एसिड जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं। रोजाना अगर सुबह एक गिलास अनार का ताजा जूस पिया जाए तो सेहत में कई तरह के चमत्कारिक बदलाव नजर आ सकते हैं। आइए जानते हैं इसके बारे में।**

### त्वचा पर लाए चमक

अनार विटामिन सी और एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होता है। इसका सेवन करने से कोलेजन उत्पादन को बढ़ावा मिलता है। इससे त्वचा पर प्राकृतिक चमक आती है।

### वेटलॉस में करे मदद

सुबह खाली पेट एक अनार का जूस पीने से वजन को कंट्रोल करने में मदद मिलती है। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि अनार कम कैलोरी वाला फल होता है।

### स्ट्रेस करे कम

आज के समय में हर कोई किसी न किसी वजह से तनाव में रहता है। ऐसे में अनार के जूस का सेवन करने से मानसिक तनाव कम होता है।

### खून की कमी करे दूर

महिलाओं में अक्सर खून की कमी देखी जाती है। ऐसे में उन्हें रोजाना अनार का जूस पीना चाहिए। यह आयरन का अच्छा सोर्स माना जाता है, जो खून की कमी को दूर करने में मदद कर सकता है।

### इम्यूनिटी को करे बूस्ट

अनार के जूस में विटामिन सी, ई और के जैसे पोषक तत्व होते हैं। इसके साथ ही अनार का जूस प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करता है। इसे पीने से आपकी इम्यूनिटी बूस्ट होती है।

### सूजन घटाने में करे मदद

कई लोग शरीर के अलग-अलग हिस्से पर कई वजहों से सूजन आने से परेशान रहते हैं। ऐसे में अनार का जूस सूजन से लड़ने में मदद करता है।



### याददाश्त बनाए बेहतर

इसे नियमित रूप से पीने से मस्तिष्क को ऑक्सीजन की आपूर्ति बढ़ाकर याददाश्त और सीखने की क्षमता बढ़ सकती है।

### दिल को रखे स्वस्थ्य

अनार का जूस रोजाना पीने से रक्तचाप कम होता है। कोलेस्ट्रॉल का स्तर बेहतर रहता है। इसके सेवन से आपका दिल स्वस्थ रहता है।

### पाचन में करे मदद

अनार का रस पाचन को उत्तेजित करता है। इसके साथ ही आंत को आराम देता है। खासकर सुबह के समय इसे पीने से शरीर को कई तरह के लाभ मिलते हैं।

### नेचुरल एनर्जी करे बूस्ट

रोजाना अनार का जूस पीने से नेचुरल एनर्जी बूस्ट होती है। इसमें प्राकृतिक शर्करा और पोषक तत्व होते हैं, जो शरीर को ऊर्जा प्रदान करते हैं।

# पहलगाम आतंकवादी हमला न्याय की सौगात

## पाकिस्तान पर किए गए हमले को सही बताया, सबने कहा भारतीय सेना पर गर्व है

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में भारत ने 'ऑपरेशन सिंदूर' नाम से पाकिस्तान और पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में नौ आतंकी ठिकानों पर टार्गेटेड हमले किए. इन आतंकी ठिकानों पर हमले के बाद भारतीय सेना ने अपने एक्स हैंडल पर इसकी तस्वीरें पोस्ट कीं। हमले के बाद, भारतीय सेना ने एक्स पर पोस्ट किया, पहलगाम आतंकवादी हमला न्याय की सौगात. जय हिंद। इस ऑपरेशन के तहत भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान और पीओके में स्थित स्पेसिफिक आतंकी ठिकानों पर सटीक हमले किए, जिनका इस्तेमाल भारत के खिलाफ हमलों की योजना बनाने और उन्हें अंजाम देने के लिए किया गया था।

### किसने दिया ऑपरेशन सिंदूर नाम?

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने व्यक्तिगत रूप से पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में आतंकी ठिकानों पर सैन्य हमले को 'ऑपरेशन सिंदूर' नाम दिया, ताकि उन महिलाओं को सम्मान दिया जा सके जिनके पति 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए थे।

### क्यों दिया ऑपरेशन सिंदूर नाम?

ऑपरेशन सिंदूर नाम उन महिलाओं को ट्रिब्यूट है जिन्होंने पिछले महीने पहलगाम में हिंदू पर्यटकों पर हुए भयानक हमले में अपने पतियों को खो दिया था। कई हिंदू महिलाएं अपनी शादीशुदा स्टेट्स को दर्शाने के लिए सिंदूर को अपने मांग में लगाती हैं। पहलगाम आतंकी हमले के दौरान कई महिलाओं ने अपने पतियों को खो दिया, जिन्हें उनके सामने ही मार दिया गया।

### पति के शव के पास सदमे में बैठी महिला

गौरतलब है कि 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले में अपने पति के शव के पास सदमे में बैठी एक हिंदू महिला की दिल दहला देने वाली तस्वीर सोशल मीडिया पर व्यापक रूप से वायरल हुई थी, जो जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए उस दुखद आतंकी हमले का प्रतीक है, जिसमें 26 लोगों की जान चली गई थी।

### ऑपरेशन सिंदूर पर हमारे नगर के संवाददाता दिलीप माहेश्वरी ने नगर के लोगों से बात की



#### भारतीय सेवा के शौर्य को सलाम

कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के हित में लेते हुए निर्णय लिया भारतीय सेवा द्वारा पाकिस्तान के आतंकवादी ठिकानों पर किया गया हमला गर्व की बात है पहलगाम में 26 महिलाओं बहनों के सिंदूर को मिटाने वाले आतंकवादियों का खात्मा कर सेना ने बदला लिया है भारतीय सेनानी नौ आतंकवादी ठिकानों को ध्वस्त किया।

ऑपरेशन सिंदूर पर भारत सरकार ने जो कदम उठाया है वह बिल्कुल सही है उनके 9 ठिकानों पर कड़ा प्रहार किया गया है यह सदैव उनके जहन में गूंजता रहेगा।

#### भारतीय सेना पर अत्यंत गर्व

भारतीय जनता पार्टी की नेता लक्ष्मी वर्मा ने कहा हमारी सेना पर हमें अत्यंत गर्व है हमारे बहादुर जवान हमारे स्वतंत्रता और अखंडता को सुरक्षित रखते हैं भगवान उनकी रक्षा करें और उन्हें धैर्य और वीरता से चुनौती का सामना करने की अपार हिम्मत दे। आतंकवादी मारे जाने पर जिनके सिंदूर उजड़े हैं उनको शगुन मिलेगा।

#### जवान ऐसे ही बदला लेते रहें

मानव कुर्मी समाज की राज्य प्रधान सुनीता वर्मा पहलगाम आतंकवादी हमले मे मारे गए लोगों को मैं श्रद्धांजलि देती हूं।

डॉ आशा मिश्रा ने कहा ऑपरेशन सिंदूर में जवानों ने जिस वीरता और संकल्प का परिचय दिया है वह हर भारतीय को गर्व से भर देता है ऐतिहासिक सैन्य कार्यवाही पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद देते हुए उनके नेतृत्व की सराहना की।

भाजपा नेता विजय केसरवानी कहां मोर्चा देश की रक्षा के लिए अपने प्राणों की बाजी लगाने वाले सैनिकों को नमन किया और उनके परिजनों के प्रति सम्मान प्रकट किया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश और मजबूत हुआ है सेना का मनोबल मिला है वह अभूतपूर्व है ऑपरेशन में मिली सफलता देश की सुरक्षा नीति की मजबूती को दर्शाता है।

## किआ कैरेन्से क्लैकविस लॉन्च: फैमिली कार में बोल्ड डिज़ाइन और हाईटेक कम्फर्ट का मेल




पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

किआ इंडिया, एक अग्रणी मास-प्रीमियम कार निर्माता कंपनी, ने अपने कैरेन्सर पोर्टफोलियो में एक नया मॉडल कैरेन्स क्लैविस लॉन्च किया है। यह एक बड़ी, बोल्ड और बेहद स्पेवशियस 3-रो कार है, जिसे आज के समय के आधुनिक और बड़े भारतीय परिवारों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। कैरेन्स क्लैविसएमपीवी और एसयूवी के बीच की दूरी को कम करती है और इसमें आराम, जगह और बोल्ड डिजाइन को आधुनिक तकनीक, सुरक्षा और भविष्यवादी लुक के साथ खूबसूरती से जोड़ा गया है। 'क्लैविस' नाम लैटिन शब्द क्लैववविस औरिया से लिया गया है, जिसका अर्थ है 'गोल्डन की'। यह नाम यादगार पारिवारिक रोमांच और हमेशा सहेज कर रखने वाली यादों का प्रतीक है। कैरेन्से क्लैविस के ज़रिए किआ एक ऐसी कार पेश कर रहा है जो नई पीढ़ी के परिवारों की आकांक्षाओं को दर्शाती है, जिसमें सूझबूझ से लिया गया डिज़ाइन, सोच-समझ कर दी गई खूबियाँ और वैश्विक स्तर की आधुनिक तकनीक शामिल हैं। कैरेन्स के लॉन्च के बाद से ही किआ ने भारत में फैमिली कार सेगमेंट की परिभाषा बदल दी है। सिर्फ तीन वर्षों में 2 लाख से ज्यादा भारतीय परिवारों ने इस पर भरोसा जताया है।

## आम, मैच और महाबचत: अमेजन फ्रेश के साथ अपनी समर बॉस्केट को फुल करें

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

सूरज की तपिश बढ़ने के साथ, सीजन के बेस्ट डिलाइट्स से अपनी कार्ट और अपनी बचत को बढ़ाएं। फिर बात चाहे रसीले, फार्म-फ्रेश आम का स्टॉक जमा करने की हों या आपके मपनपसंद स्नैक्स के साथ आईपीएल मैच का लुत?फउठाने की, अमेज़ॅन फ्रेश सीधे आपके घर पर 2 घंटे में सुपर फॉस्ट डिलीवरी एवं विश्वसनीय और स्लॉटेड डिलीवरी सुविधा के साथ अल्टीमेट सीजनल बचत प्रदान करता है। वीकली सुपर वेल्यु डेय के साथ, हर शुक्रवार से रविवार तक ग्राहक किराने के सामान पर बड़ी बचत के साथ शानदार डील और वैल्यू ऑफर का आनंद उठा सकते हैं। अमेजन फ्रेश द्वारा विशेष रूप से तैयार किए गए मेंगो मानिया स्टोर से इस मौसम के सबसे मीठे उत्पादों का लुत्फ उठाएँ और आम की 10 से ज़्यादा किस्मों, मिठाइयों, कैंडीज़, ड्रिंक्स और अन्य पर बड़ी बचत पाएं। सीधे 260 से ज़्यादा भरोसेमंद किसानों से लिए गए इन आमों को प्राकृतिक तरीकों से पकाया गया है और इनमें कार्बाइड का उपयोग नहीं किया गया है। इनकी गुणवत्ता की जांच चार चरण वाली प्रक्रिया से की जाती है। अमेजन फ्रेश पर कोका कोला और हेरिटेज द्वारा प्रायोजित, क्रिकेट रेडी स्टोर मैच के हर दिन के लिए एक डेडिकेटेड स्नैकिंग डेस्टिनेशन प्रदान करता है, जिसमें चिप्स, पेय पदार्थ, रेडी-टू-ईट ट्रीट और अन्य ढेर सारी मजेदार चीजें मिलती हैं; स्वाद और बचत को सीधे आपके घर तक पहुँचाया जाता है। ग्राहक इन गर्मियों में क्वालिटी वॉल्स, नेस्कैफे, रियल, कोका कोला, मिल्की मिस्ट, प्लक, लेज़ जैसे शीर्ष ब्रांड पर 40% तक की और आइसक्रीम पर 50% तक की छूट भी पा सकते हैं। अमेजन पे का उपयोग करके अधिक बचत और सुविधा का आनंद लें।

## सैमसंग ने भारत में अपना सबसे स्लिम एफ सीरीज स्मार्टफोन, गैलेक्सी एफ 56 लॉन्च किया




पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

भारत के सबसे बड़े कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने अपने एफ-सीरीज़ पोर्टफोलियो में सबसे स्लिम स्मार्टफोन गैलेक्सी एफ56 5जी को लॉन्च किया। यह स्मार्टफोन केवल 7.2एमएम पतला है और फ्लैगशिप ग्रेड कैमरा, 6 जेनरेशंस एंड्रॉइड अपग्रेड साइकिल, आगे और पीछे दोनों तरफ गोरिल्ला ग्लास विक्टस+ प्रोटेक्शन और एडवांस एआई एडिटिंग टूल के साथ कई सेगमेंट-लीडिंग फीचर्स से लैस है। सैमसंग इंडिया के एमएक्स बिजनेस के डायरेक्टर अक्षय एस राव ने कहा, गैलेक्सी एफ56 5जी के लॉन्च के साथ, सैमसंग ने शक्तिशाली और भविष्य के लिए तैयार तकनीक के जरिए ग्राहकों के जीवन को बेहतर बनाने की अपनी प्रतिबद्धता दिखाई है। गैलेक्सी एफ56 5जी युवाओं के लिए बनाया गया है, जो स्टाइलिश डिजाइन और बेहतरीन फीचर्स के साथ उनकी लाइफस्टाइल को सपोर्ट करने वाला स्मार्टफोन चाहते हैं।

## ऋतिक-राकेश रोशन पहली बार एक साथ पर्दे पर मोबिल1 के साथ दिखाया 'अनफॉरगेटेबल जर्नीज' का जज़्बा

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com




एक्सॉनमोबिल लुब्रिकेंट्स प्राइवेट लिमिटेड, जो भारत में मोबिल, ब्रांड के लुब्रिकेंट्स बेचती है, ने आज अपने 'अन फॉरगेटेबलजर्नीज़' कैंपेन की नई विज्ञापन फिल्म लॉन्च की। इस फिल्म में बॉलीवुड सुपर स्टार ऋतिक रोशन नजर आएंगे और इसमें दुनिया के अग्रणी सिंथेटिक इंजन ऑयल ब्रांड मोबिल 1 को प्रमुखता से दिखाया गया है। यह विज्ञापन ऋतिक के जुनून, भारत जैसे देश के सपने देखने वाले और मेहनती लोगों की सोच, और मोबिल 1 के शानदार प्रदर्शन को एक साथ जोड़ता है। ये तीनों बातें एक समान भावना से जुड़ी हैं, कुछ अलग और बेहतर करने की लगातार चाह। इस नई फिल्म की खास बात यह है कि इसमें पहली बार ऋतिक रोशन अपने पिता, मशहूर फिल्म निर्माता और निर्देशक राकेश रोशन के साथ स्क्रीन पर दिखाई दे रहे हैं। ऋतिक की पहली सुपरहिट फिल्म 'कहो ना प्यार है' को 25 साल पूरे हो गए हैं। यह कैंपेन उनके कभी न रुकने वाले जोश और यादगार परफॉर्मेंसेस की तलाश को सलाम करता है। ऋतिक की यह यात्रा भारत जैसे देश की भी कहानी है, जहां सपने देखने वाले हर चुनौती का सामना करते हैं और मेहनती लोग अपने सपनों को साकार करते हैं। यह उस भारत की भावना को दर्शाता है जो हमेशा आगे बढ़ता है, जहां हर नई पीढ़ी एक बेहतर कल का सपना देखती है और उसे सच करने के लिए जी-जान से मेहनत करती है।

## लक्ष्य प्राप्ति एवं महान बनने का आधार समय की महत्ता एवं प्रबंधन, मन बुद्धि से श्रेष्ठ कार्य संभव शांति की शक्ति से



पायनियर संवाददाता < भाटापारा
www.dailypioneer.com

समर कैंप के छठे दिन समय की वैल्यू विषय पर बी.के. प्रभा दीदी ने समय को प्रभु का अनमोल उपहार बताते हुए जीवन में समय को सदुपयोग करने के लिए कहा। साथ ही समय का सही प्रबंधन कर लक्ष्य की प्राप्ति एवं महान बन सकने की बात कही। आगे बताते हुए कहा काम को टालने एवं बहाना करने से मंजिल से दूर हो जाएंगे। समय को दोस्त बनाएं उसकी कद्र करें तो वह हमारा कद्र करेगा एवं प्राथमिकता के आधार पर कार्य को करना आवश्यक बताया गया। समय का सदुपयोग करना या व्यर्थ गंवाना हमारे ऊपर निर्भर करता है इसे हम सब को समझने की आवश्यकता है। कार्य कल आज नहीं करें जो भी करना है उसे वर्तमान में ही करें। दूसरे सत्र में बी.के. मंजू दीदी ने शांति विषय पर विचार व्यक्त करते हुए शांति को अंदर की स्थिति का नाम बताया। आगे कहा कि मन एवं बुद्धि से श्रेष्ठ कार्य करना शांति की स्थिति में ही संभव है।किसी की प्रतिक्रिया एवं विषम परिस्थितियाँ भी बदल दी जा सकती है इसके लिए हमारी दृष्टिकोण सकारात्मक हो। अतः भगवान द्वारा दिया गया गिफ्ट विशेषताओं का सदुपयोग करते हुए मन को प्रतिदिन अभ्यास देवें, मैं शांत स्वरूप आत्मा हूं। इस प्रकार हमारा हर कार्य अच्छा से अच्छा और समय पर होगा, और निश्चित है आगे बढ़ते हुए सफलता कदम चूमेगी।

## बिलासा इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग में नर्सिंग के छात्र-छात्राओं के लिए दीप प्रज्जवलन एवं शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com




बिलासा इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग में नर्सिंग के छात्र-छात्राओं के लिए दीप प्रज्वलन एवं शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन गरिमामय वातावरण में किया गया। इस कार्यक्रम का उददेश्य छात्रों को बीमार और घायल व्यक्तियों की सेवा हेतु समर्पित करने तथा उनमें मानवीय मूल्यों के प्रति दृढ़ संकल्प विकसित करना था। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान बिलासपुर की उप नर्सिंग अधीक्षक शीला दिलीप बोगी रहीं, जबकि अतिथि के रूप में शासकीय नर्सिंग महाविद्यालय बिलासपुर की प्राचार्य डॉ. वर्तिका गौरहा उपस्थित थीं। बोगी ने अपने संबोधन में कहा, मानवता से बड़ा कोई धर्म नहीं होता। नर्सिंग एक ऐसा पेशा है जो सेवा, करुणा और समर्पण का प्रतीक है। उन्होंने छात्रों को मानव सेवा को सर्वोपरि रखने की प्रेरणा दी। डॉ. गौरहा ने कहा, नर्सिंग केवल एक पेशा नहीं बल्कि एक आध्यात्मिक सेवा है, जिसमें सेवा को ही धर्म समझा जाता है। इस अवसर पर दीक्षांत समारोह और भूतपूर्व छात्र सम्मेलन का भी आयोजन किया गया। समारोह के दौरान छात्र-छात्राओं ने मनमोहक नृत्य और गायन प्रस्तुतियाँ दीं, जिससे वातावरण जीवंत हो उठा। बिलासा इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग की प्राचार्य वीणा चौहान ने छात्रों को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। वहीं, संस्था के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी अंशुल मुदलियार ने छात्रों को सामाजिक हित में निरंतर कार्यरत रहने के लिए प्रेरित किया। यह आयोजन न केवल विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बना, बल्कि नर्सिंग की भावना और सेवा के आदर्शों को भी सजीव रूप में प्रस्तुत करने का एक सशक्त मंच सिद्ध हुआ।

## पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देशन में पैनल/बुक ऑनलाईन आईपीएल क्रिकेट सटटा को पकडने में मिली सफलता



**भाटापारा।** थाना भाटापारा शहर के अपराध क्र. 288/2025 धारा 07 छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिशेध अधिनियम 2022 आईपीएल सट्टा के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर जांच कार्यवाही में लिया गया था। पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देशन में प्रकरण की जांच एवं विवेचना कार्यवाही तथा तकनीकी विश्लेषण में यह ज्ञात हुआ कि आरोपियों द्वारा विभिन्न ऑनलाइन सटटा एप का लॉगिन आईडी के माध्यम से आईपीएल क्रिकेट मैंचो पर ऑनलाइन क्रिकेट सटटा पैनल का संचालन किया जा रहा है। साथ ही सभी आरोपियों का मुख्यालय बोगमालो गोवा में है, जहां से इस पूरे ऑनलाइन क्रिकेट सटटा का संचालन किया जा रहा है। कि सूचना पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार अभिषेक सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भाटापारा हेमसागर सिदार एवं एसडीओपी भाटापारा तारेश साहू के मार्गदर्शन में थाना भाटापारा शहर एवं साइबर सेल की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा योजना बनाकर बोगमालो गोवा में घेराबंदी कर छापा मारा गया। इस दौरान 15 आरोपियों को आईपीएल क्रिकेट मैंचो पर मोबाइल, टीवी, लैपटॉप आदि इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस के माध्यम से ऑनलाइन क्रिकेट सटटा का संचालन करते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया है। आरोपियों द्वारा आनलाईन सटटा 03 पैनल खेलो यार, आरबीसी 139 एवं वीनबज 7 का संचालन किया जा रहा था।

## मुझे कभी ऐसा दौर देखने को ही नहीं मिला, जब यह फ्रेंचाइज़ी मौजूद न हो, इसका हिस्सा बनना किसी सपने को जीने जैसा है: ब्रेक बैसिंजर

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



न्यू लाइन सिनेमा की लंबे समय से सफल और लोकप्रिय हॉरर फ्रेंचाइज़ी का नया चैप्टर 'फाइनल डेस्टिनेशनः ब्लडलाइन्स' दर्शकों को एक बार फिर मौत की अजीब और डरावनी दुनिया से रूबरू कराने के लिए तैयार है। इस फिल्म का निर्देशन एडम स्टीन और ज़ैक लिपोवस्की ने किया है। फाइनल डेस्टिनेशन फ्रेंचाइज़ी को 25 साल पूरे हो चुके हैं, और इस फिल्म की कास्ट में शामिल कई युवा कलाकार या तो इतने ही साल के हैं या फिर इससे भी कम उम्र के। इस नई फिल्म 'फाइनल डेस्टिनेशनः ब्लडलाइन्स' में ब्रेक बैसिंजर ने आईरिस का किरदार निभाया है। यह एक ऐसी युवा लड़की है, जो 1969 में एक बेहद खास डेट पर निकली है। बैसिंजर कहती हैं, फाइनल डेस्टिनेशन फ्रेंचाइज़ी तो हमेशा से ही मेरी जिंदगी का हिस्सा रही है। मुझे कभी ऐसा दौर देखने को ही नहीं मिला, जब यह फ्रेंचाइज़ी मौजूद न हो। और अब जब मैं खुद इसका हिस्सा बनी हूँ, तो ऐसा लगता है, जैसे मैं किसी सपने को जी रही हूँ। लेकिन, बैसिंजर का इस फ्रेंचाइज़ी से रिश्ता सिर्फ इतना भर नहीं रहा कि वे हमेशा से इसके साथ बड़ी हुई हैं। इसके अलावा, वे डायरेक्टर एडम स्टीन के साथ एक पायलट प्रोजेक्ट में भी काम कर चुकी हैं। और खास बात यह है कि 'फाइनल डेस्टिनेशन' की पहली दो फिल्मों में नजर आने वाली ऐली लार्टर ने 'द मैन इन द व्हाइट वैन' में बैसिंजर की माँ का किरदार निभाया था। बैसिंजर बताती हैं कि शूटिंग के दौरान उन्होंने ऐली से यह जानने की बहुत कोशिश की थी कि इन डरावनी फिल्मों को करने का अनुभव कैसा होता है। वे कहती हैं, और अब जब मैं खुद इसका हिस्सा बनी हूँ, तो सबसे मज़ेदार पल था जब मैंने ऐली को मैसेज किया और बताया कि अब मैं भी उन्हीं के रास्ते पर चल रही हूँ।

## नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा के नेतृत्व में भाटापारा में दिव्यांगजन एवं जरूरतमंदों को मिली त्वरित राहत सहायता



**भाटापारा।** नगर पालिका परिषद भाटापारा में नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा के नेतृत्व में नागरिकों की समस्याओं का संवेदनशीलता से निराकरण किया गया। इस अवसर पर दिव्यांगजन देवेश पर्यानी को आवश्यकतानुसार व्हीलचेयर प्रदान की गई, जिससे उनकी दैनिक दिनचर्या में सुविधा सुनिश्चित हो सके। साथ ही श्रद्धांजलि योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राही कुटिन सौरा को स्वीकृत सहायता राशि प्रदान की गई। यह कार्य भाटापारा नगर पालिका की जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता और मानवीय संवेदनाओं के प्रति सजग दृष्टिकोण का प्रत्यक्ष उदाहरण है। नगरवासियों की आवश्यकता को सर्वोपरि रखते हुए, प्रशासन द्वारा त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा के साथ पार्षद नंदू वैष्णव, भुवन सिंह ठाकुर, बब्बू मंधान, सतीश साहू, देवेंद्र साहू, गोपी ध्रुव तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारी जफर खान की गरिमामयी उपस्थिति रही।

### कामेश्वरी का निधन



**रायपुर।** तिलक नगर गुड़ियारी निवासी कामेश्वरी (उम्र 76) का आकस्मिक निधन शुक्रवार को हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा शनिवार को उनके निवास स्थान एल ई जी 55, तिलक नगर से सुबह 10.30 बजे से कोटा श्मशान घाट ले जाई जाएगी। वे के वी एस एन मूर्ति की पत्नी एवं के वी सुब्रमण्यम, के वी भास्कर की माता थी।

## शांतिनिकेतन पब्लिक स्कूल का परीक्षा परिणाम रहा उत्कृष्ट

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com




प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी शांतिनिकेतन पब्लिक स्कूल का बोर्ड परीक्षा सत्र 2024-25 10वीं 12 वीं के विद्यार्थियों का वार्षिक परीक्षाफल अच्छा रहा। जिसमें हायर सेकेंडरी स्कूल से कक्षा बारहवीं की सृष्टि प्रजापति ने 89.2% के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर साक्षी देवांगन 80%, तृतीय स्थान पर मयंक रामचंदानी 76% प्राप्त हुए एवं हाई स्कूल से कक्षा दसवीं की जागृति शर्मा ने 82.16% के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर सुजल तिवारी-80.5% तृतीय स्थान पर लक्ष्य अग्रवाल 77.5% प्राप्त हुए। उनकी इस सफलता पर शांतिनिकेतन परिवार द्वारा छात्रों एवं उनके पालकों को उनके इस सफलता के लिए बधाई देते हुए बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करता है।

# यूनिसेफ-पुलिस के प्रयास से तैयार साइबर योद्धा निकल पड़े लोगों को जागरूक करने

## आपकी पुलिस, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत जशपुर पुलिस ने ग्राम पोरतेंगा में मानव तस्करी, सायबर सुरक्षा, महिला सुरक्षा और यातायात नियमों के प्रति आम जनता को किया जागरूक

पायनियर संवाददाता ∢ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

थाना लोदाम क्षेत्रांतर्गत ग्राम पोरतेंगा में पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह के दिशा निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार सोनी के मुख्य आतिथ्य व पुलिस अनुविभागीय अधिकारी चंद्र शेखर परमा की उपस्थिति में आपकी पुलिस आपके द्वार कार्यक्रम के तहत जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें ग्राम पोरतेंगा के सरपंच सहित गणमान्य नागरिक व आम जन उपस्थित रहे। गौरतलब है कि जशपुर पुलिस के द्वारा वर्तमान समय में बढ़ते ऑनलाइन ठगी के मद्देनजर आमजनों को साइबर अपराध के प्रति जागरूक करने हेतु



यूनीसेफ के सहयोग से साइबर योद्धा तैयार किया गया है, जिनके द्वारा आम जनता के मध्य जाकर उन्हें साइबर अपराध के संबंध में जानकारी देते हुए, उससे बचाव हेतु आम जनों को जागरूक करना है। कार्यक्रम के दौरान पुलिस के द्वारा मानव तस्करी, साइबर अपराध, यातायात नियमों व महिलाओं हेतु विशेष रूप से संचालित नोनी रक्षा दल के बारे में बताया गया। एसडीओपी चंद्रशेखर परमा ने आम जनता को संबोधित करते हुए कहा कि दुर्घनाओं से बचाव हेतु यातायात नियमों का पालन करें, शराब पीकर वाहन न चलाए, आपका जीवन आपके व आपके परिजनों के लिए बहुत कीमती है, साथ ही समाज में व्याप्त अंधविश्वास, जैसे टोनही प्रताड़ना, के संबंध में भी आम जनता को जागरूक किया, व सर्प दंश के मामले में, झाड़ फूंक, न कर तत्काल अस्पताल से इलाज कराने की समझाइश दी और बताया कि साइबर ठगी होने पर तत्काल साइबर हेल्प लाइन नंबर 1903 में कॉल करके मदद ले सकते हैं। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार सोनी ने अपने संबोधन में बताया कि साइबर फ्रॉड से कैसे बचे, यदि किसी अनजाने व्यक्ति के द्वारा आपको फोन के माध्यम से ज्यादा पैसे का लालच दिया जाता है तो, सतर्क हो जाए, वे साइबर अपराधी हो सकते है, किसी भी अंजान व्यक्ति को अपना गोपनीय नंबर न बताए, जागरूक रहकर ही साइबर अपराध से बचा जा सकता है। साथ ही पुलिस की अभिव्यक्ति एप के महत्व को बताते हुए कहा कि सभी को अभिव्यक्ति एप को डाउनलोड करना चाहिए, इसके माध्यम से आप अपने शिकायत ऑनलाइन दर्ज कर सकते हैं, जिस पर पुलिस के द्वारा नियत समय में कार्यवाही की जाती है, तथा अभिव्यक्ति एप में एक एसओएस बटन होता है, यदि आप अभिव्यक्ति एप में रजिस्ट्रीकृत है, और किसी आकस्मिक समस्या में पड़ जाते हैं तब एसओएस बटन दबाने से पुलिस आपका लोकेशन ट्रेस कर यथा संभव आपकी सहायता के लिए पहुंच जाएगी। कार्यक्रम के दौरान जय हो के वालेंटियर्स के द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से भी लोगों को साइबर अपराध के संबंध में जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान यूनिसेफ की अधिकारी शालिनी गुप्ता, जय हो से तेज राम सारथी, सरपंच पोरतेंगा प्रेमा खलखो, सरपंच चैली टांगर टोली अशोक एक्का, थाना प्रभारी लोदाम निरीक्षक हर्ष वर्धन चौरासे सहित गणमान्य नागरिक व आम जनता मौजूद रहे। कार्यक्रम के सम्बन्ध में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, अनिल कुमार सोनी ने बताया कि पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह के द्वारा जिले के समस्त थाना/चौकी प्रभारियों व राजपत्रित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने अपने क्षेत्र ग्रामों, बाजार हाटों में जाकर साइबर अपराध, मानव तस्करी, महिला सुरक्षा व यातायात नियमों के संबंध में लोगों को जागरूक करें, यह जागरूकता कार्यक्रम जारी रहेगा।

## विष्णु के सुशासन में राजस्व प्रकरणों का हो रहा है गुणवत्तापूर्ण एवं त्वरित निराकरण

पायनियर संवाददाता ∢ मुंगेली
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन में जिले में राजस्व प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण एवं त्वरित निराकरण हो रहा है। कलेक्टर कुन्दन कुमार के कुशल निर्देशन में लोरमी विकासखण्ड के ग्राम राम्हेपुर एन में आयोजित समाधान शिविर में नक्शा बंटवारा, त्रुटि सुधार, एवं भूमि चिन्हांकन जैसे प्रकरणों का मौके पर ही निराकरण कर आवेदकों को संतुष्टि प्रदान की गई।

राजस्व निरीक्षक गीता देवांगन ने बताया कि आवेदक कृष्ण कुमार प्रजापति द्वारा कुंभकार समाज के लिए भूमि की मांग की गई थी, जिसे चिन्हित कर आवश्यक प्रक्रिया पूरी की गई है। वहीं, जीवनलाल साहू द्वारा खेल मैदान हेतु भूमि मांग पर भी शीघ्र कार्यवाही करते हुए चिन्हांकन कर दिया गया है। पटवारी खलेश चंद्र ने बताया कि लीलापुर हल्का में लालजी और मोहर राम द्वारा प्रस्तुत खसरा बंटवारा प्रकरणों का निराकरण कर उन्हें संबंधित दस्तावेज सौंपे गए हैं। इसी तरह



अन्य पटवारियों ने भी राजस्व प्रकरणों के निराकरण की जानकारी दी। गौरतलब है कि कलेक्टर द्वारा दिए गए स्पष्ट निर्देशों के अनुरूप सभी अधिकारी एवं कर्मचारी संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रहे हैं, जिससे आम नागरिकों को त्वरित न्याय और राहत मिल रही है। समाधान शिविरों के माध्यम से शासन की योजनाओं का वास्तविक लाभ अब ज़मीनी स्तर पर दिखाई देने लगा है।

## उप मुख्य मंत्री अरुण साव ने किया सुशासन तिहार के अन्तर्गत कुम्हारी नगर का आकस्मिक निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ∢ कुम्हारी
www.dailypioneer.com

उप मुख्यमंत्री अरुण साव छ.ग. शासन का काफिला अचानक पहुंचा कुम्हारी नगरपालिका परिषद, जहाँ पर विभिन्न शासकीय योजनाओं से सम्बंधित फाइलों की जांच किया।

विभिन्न निर्माण कार्यों की प्रगति के बारे में जानकारी सम्बंधित अधिकारियों से प्राप्त किया। पालिका के अनुपस्थित कर्मचारी एवं अधिकारियों की जानकारी ली तथा उनके विरुद्ध उचित कार्रवाई करने का आदेश दिया। साथ ही उनके आवेदन पत्र की जांच की जो कर्मचारी समय पर उपस्थित नहीं होते हैं उन्हें भी कड़ी हिदायत दी गई और चेतावनी के साथ कहा गया कि समय पर उपस्थित हुए और उपस्थिति पंजी में अपना हस्ताक्षर करें। स्वच्छता पेयजल व्यवस्था अमृत जल मिशन




कार्य प्रगति और अटल परिसर निर्माण की गुणवत्ता की जांच स्थल पर जाकर उपमुख्यमंत्री द्वारा की गई। संबंधितों को इस कार्य को 30 में तक पूर्ण करने का आदेश दिया निरीक्षण के दौरान नगर पालिका परिषद कुम्हारी अध्यक्ष मीना वर्मा भाजपा मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र सिन्हा, नगर पालिका परिषद के पार्षद गण अश्विनी देशलहरे, लोकेश साहू, अनुराग गुप्ता, प्रवीण राव, डीकेश पटेल जनप्रतिनिधि मिथिलेश यादव, अवधेश शुक्ला, फिंगेश्वर साहू, पंकज वर्मा, सुनील सिंह तथा नगर पालिका परिषद कुम्हारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी नेतराम चंद्राकर एवं अभियंता कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

## समाधान शिविर में लेखराम को चिंता से मिली मुक्ति, हुई पेंशन की स्वीकृति

पायनियर संवाददाता ∢ मुंगेली
www.dailypioneer.com

शासन की जनकल्याणकारी योजनाएं जब संवेदनशीलता और त्वरित कार्यवाही के साथ ज़मीन पर उतरती हैं, तो वह जरूरतमंदों के जीवन में बड़ा परिवर्तन ला सकती हैं। इसी का मिसाल लोरमी विकासखंड के ग्राम रामपुर एन में आयोजित समाधान शिविर, जहां ग्राम मेघापारा निवासी लेखराम साहू को वर्षों पुरानी सामाजिक पेंशन संबंधी समस्या का तत्काल और प्रभावी समाधान मिला। लेखराम साहू लंबे समय से सामाजिक पेंशन से वंचित थे। कई बार आवेदन करने के बावजूद समाधान न मिलने से वे बेहद परेशान थे, लेकिन मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशा के अनुरूप आयोजित सुशासन तिहार ने उनके लिए राहत की राह खोली। जैसे ही उन्हें इस शिविर की जानकारी मिली, उन्होंने अपने पंचायत में आवेदन प्रस्तुत



किया। केवल कुछ ही समय बाद समाधान शिविर में उन्हें सामाजिक पेंशन का प्रमाण पत्र प्राप्त हो गया। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने अपने हाथों से लेखराम को प्रमाण पत्र सौंपा और उन्हें शुभकामनाएं दीं। इस दौरान कलेक्टर कुन्दन कुमार, पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल, जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय सहित अन्य अधिकारी और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। लेखराम साहू ने शासन-प्रशासन के प्रति आभार जताते हुए कहा कि वर्षों की चिंता आज समाधान शिविर में समाप्त हो गई।

## पार्षद विकाश गुप्ता बने जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष

पायनियर संवाददाता ∢ रामानुजगंज
www.dailypioneer.com

जिले में राज्य सरकार द्वारा संचालित शासकीय लरंगसाय महाविद्यालय में जनभागीदारी समिति के नये अध्यक्ष नियुक्त किये गये हैं। जिले के प्रभारी मंत्री एवं महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण विभाग लक्ष्मी राजवाड़े के अनुशंसा पर शासकीय अग्रड़ी लरंगसाय महाविद्यालय रामानुजगंज हेतु नगर पंचायत रामानुजगंज वार्ड क्रमांक 06 के पार्षद विकाश गुप्ता को जनभागीदारी समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया हैं। अनुमोदन के बाद जिला कलेक्टर ने अध्यक्ष की नियुक्ति हेतु आदेश जारी कर दी गई हैं। विकाश गुप्ता को जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष बनाए जाने पर विधायक राम विचार नेताम सहित भारतीय जनता पार्टी के निर्वाचित एवं मनोनीत जनप्रतिनिधियों सहित कार्यकर्ताओं एवं ईस्ट मित्रों ने उन्हें



बधाई दी। गौरतलब है कि युवा नेता के रुप में विकास गुप्ता अपने प्रथम राजनीति की शुरुआती दौर में नगर पालिका परिषद के पार्षद चुने गए, वहीं दूसरी जिम्मेदारी के रूप में उन्हें जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया है।

### प्राथमिकता से निभाऊंगा अध्यक्ष का दायित्व

अध्यक्ष बनाए जाने पर विकाश गुप्ता ने कहा कि माननीय जिले के प्रभारी मंत्री के मंशा अनुरूप अपने काम में खरा उतरने का पूरा प्रयास करूंगा। महाविद्यालय में अभी भी बहुत काम करने की जरूरत है। वर्षों की मांग व जरूरत के बाद रामानुजगंज में कॉलेज प्रारंभ हुआ है। इस अंचल का यह महाविद्यालय हजारों युवाओं के सपनों को साकार करने के लिए शिक्षा का मंदिर है। विशेषकर महिलाओं की उच्च शिक्षा के लिए इस महाविद्यालय से छात्राओं को बहुत विश्वास है। अभी भी इस कॉलेज में कुल दर्ज संख्या में 60 से 65 प्रतिशंत संख्या छात्राओं की है। विकास गुप्ता ने महाविद्यालय में दर्ज संख्या तथा विषयों के हिसाब से शिक्षकों की कमी को सबसे पहले प्राथमिकता देने की बात कही। जब तक समुचित शिक्षक नहीं होंगे तब तक पढ़ाई का स्तर के बारे में विकास नहीं हो सकेगा। इस बारे में विधायक राम विचार नेताम से चर्चा कर उच्च शिक्षा मंत्री के समक्ष प्रस्ताव रखा जायेगा।

## समाधान शिविर में अशोक को मिला आइस बॉक्स एवं महाजाल, अपने व्यवसाय का करेगा विस्तार

पायनियर संवाददाता ∢ मुंगेली
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आयोजित सुशासन तिहार के अंतर्गत जिले में चल रहे समाधान शिविरों से हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ मिल रहा है। इसी क्रम में लोरमी विकासखण्ड के राम्हेपुर एन में आयोजित समाधान शिविर में ग्राम फुलझर निवासी अशोक पात्रे को मछली पालन व्यवसाय के लिए आइस बॉक्स और मछली पकड़ने का महाजाल प्रदान किया गया। कलेक्टर कुन्दन कुमार ने यह सामग्री प्रदान करते हुए अशोक को व्यवसाय विस्तार हेतु प्रोत्साहित किया। इस दौरान अशोक ने बताया कि वह लंबे समय से मछली पालन का कार्य कर रहे हैं और उन्होंने हाल ही में सुशासन तिहार के तहत विभाग को आवेदन सौंपा था। मछली पालन विभाग ने तत्परता से कार्यवाही करते हुए उन्हें यह संसाधन उपलब्ध कराए। अशोक ने बताया कि आइस बॉक्स के माध्यम से वह मछलियों



को लंबे समय तक ताजगी के साथ संरक्षित कर पाएंगे, जिससे बाजार में उसकी गुणवत्ता बनी रहेगी और आमदनी में इजाफा होगा। उन्होंने शासन और प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस सहयोग से उनका व्यवसाय अब एक नई दिशा में आगे बढ़ेगा। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मंशा के अनुरूप जिले में सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है, जिसके तहत विभिन्न ग्राम पंचायतों में समाधान शिविरों का आयोजन कर योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को प्रदान किया जा रहा है।

## उल्लास कार्यक्रम की राष्ट्रीय स्तर पर प्रस्तुति मुंगेली जिले का प्रदर्शन प्रशंसनीय

- जिले के 09 हजार 259 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी, 07 हजार 232 हुए सफल
- 78 स्वयंसेवी शिक्षकों को बोर्ड परीक्षा में प्रदान किया गया 10 बोनस अंक

पायनियर संवाददाता ∢ मुंगेली
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण द्वारा संचालित 'उल्लास कार्यक्रम' की उपलब्धियों और नवाचारों पर आधारित विशेष प्रस्तुति का राष्ट्रीय प्रसारण एनसीईआरटी के यूट्यूब चैनल पर किया गया। असिस्टेंट डायरेक्टर प्रशांत पांडेय ने विशेषज्ञ वक्ता के रूप में कार्यक्रम की रूपरेखा, नवाचारों और सफ्लताओं की प्रभावशाली जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में कार्यक्रम को जनांदोलन का स्वरूप मिला है। राज्य में उल्लास रैली, साक्षरता चैक, क्यू आर कोड युक्त पाठ्य सामग्री और हाइब्रिड



प्रशिक्षण जैसी नवाचारी गतिविधियाँ चलाई जा रही हैं। 23 मार्च को हुई महापरीक्षा में 04 लाख 60 हजार लाख शिक्षार्थियों ने सफलता पाई और 07 हजार 128 स्वयंसेवी विद्यार्थियों को 10 बोनस अंक प्रदान किए गए। जिले में कलेक्टर कुंदन कुमार के निर्देशानुसार और सीईओ प्रभाकर पांडेय के मार्गदर्शन में उल्लास कार्यक्रम का प्रदर्शन उल्लेखनीय रहा। जिला परियोजना अधिकारी रामनाथ गुप्ता ने बताया कि जिले को मिले 12 हजार 260 के लक्ष्य में से 09 हजार 259 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी, जिनमें से 07 हजार 232 सफ्ल रहे। 78 स्वयंसेवी शिक्षकों को बोर्ड परीक्षा में 10 बोनस अंक प्रदान किए गए। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण जिला स्तर पर भी देखा गया।

## सुशासन तिहार में पशुपालक मोहनदास को पशु शेड निर्माण हेतु मिली स्वीकृति

पायनियर संवाददाता ∢ मुंगेली
www.dailypioneer.com

राज्य सरकार द्वारा सुशासन तिहार के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से चलाए जा रहे अभियान का लाभ अब जमीनी स्तर पर स्पष्ट रूप से नजर आने लगा है। ग्राम सेतगंगा में आयोजित समाधान शिविर में पशुपालन कर जीवनयापन कर रहे मोहनदास सहित सात हितग्राहियों को पशु शेड निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई।

मोहनदास ने बताया कि वे लंबे समय से पशुपालन कर रहे हैं, लेकिन आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण वे अब तक पशु शेड का निर्माण नहीं करवा पाए थे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में आयोजित सुशासन तिहार के अंतर्गत उन्होंने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत पशु शेड के लिए आवेदन किया था। विभागीय अधिकारियों द्वारा त्वरित कार्यवाही



करते हुए उन्हें स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया। शिविर में कलेक्टर कुन्दन कुमार ने स्वयं मोहनदास को स्वीकृति पत्र सौंपते हुए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय, जनपद पंचायत अधिकारी राजीव तिवारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## कलेक्टर ने मुंगेली शहर में एस.टी.पी. निर्माण हेतु किया भूमि आबंटित

**मुंगेली।** कलेक्टर कुन्दन कुमार ने नगर पालिका परिषद मुंगेली अंतर्गत सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एस.टी.पी.) के निर्माण हेतु भूमि का आबंटन कर दिया है। उन्होंने नगरपालिका मुंगेली के परमहंस वार्ड स्थित रेहुंटाखार क्षेत्र में भू-मापन क्रमांक 983, कुल रकबा 6.096 हेक्टेयर शासकीय भूमि में से ठोस अपशिष्ट प्रबंधन हेतु पूर्व में आबंटित भूमि को छोड़कर शेष भूमि को एस.टी.पी. निर्माण के लिए चिन्हित किया है, इससे शहरी जल-निकासी व्यवस्था में व्यापक सुधार आएगा।

## प्रयास आवासीय विद्यालयः कक्षा 9वीं में प्राक्चयन परीक्षा का मॉडल उत्तर जारी, दावा-आपत्ति 15 मई तक

**मुंगेली।** प्रयास आवासीय विद्यालय अंतर्गत कक्षा 09वीं में प्रवेश के लिए आयोजित प्राक्चयन परीक्षा का मॉडल उत्तर जारी किया गया है। इस संबंध में दावा-आपत्ति 15 मई तक किया जा सकता है। आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया कि अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट का अवलोकन कर सकते हैं।

## वन विभाग द्वारा कराये जा रहे निर्माण कार्यों का अवलोकन कर दिये निर्देश

# जिले के नव पदस्य डीएफओ ने किया रामानुजगंज वन परिक्षेत्र का निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ∢ रामानुजगंज
www.dailypioneer.com

जिले में नव सदस्य वनमंडलाधिकारी आलोक कुमार बाजपेयी ने वन परिक्षेत्र रामानुजगंज अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण कर वन वाटिका रामानुजगंज, कन्हर बैरियर तथा क्षेत्र में वन विभाग द्वारा कराये जा रहे निर्माण कार्यों का अवलोकन कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने वन वाटिका में सुधार कार्य, पौधों की ग्रेडिंग एवं शिफ्टिंग, ग्रीन हाउस एवं पॉली हाउस में मरम्मत करने हेतु आवश्यक निर्देश दिये।

तत्पश्चात उन्होंने सुशासन तिहार 2025 में प्राप्त आवेदन का निराकरण करते हुये विश्वास महिला स्व सहायता समूह की महिलाओं से मिलकर उनकी मांग अनुसार वन वाटिका में बोटिंग, कैंटीन संचालन, गेट पास के प्रस्ताव पारित करते हुए उनकी मांगों का निराकरण किया गया। उक्त संबंध में कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश



दिये। इस दौरान उप वनमण्डलाधिकारी बलरामपुर संतोष कुमार पाण्डेय एवं वन परिक्षेत्राधिकारी रामानुजगंज निखिल सक्सेना सहित विभाग के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।


### अवैध परिवहन पर होगी कड़ी कार्रवाई

वनमंडलाधिकारी वाजपेयी ने अन्तर्राज्यीय कन्हर बेरियर (झारखण्ड-छत्तीसगढ़ सीमा) का भी निरीक्षण करते हुए उन्होंने उपस्थित वनोपज जांच नाका के कर्मचारियों से बात कर स्थिति की जानकारी ली। साथ ही उन्होंने पंजी का भी अवलोकन कर कर्मचारियों को निर्देशित देते हुए कहां की वनोपज से संबंधित वाहनों का सघन जांच किया जावे,ताकि अवैध परिवहन न हो सके यदि कोई लापरवाही होती है तो कड़ी कार्यवाही की जावेगी।

### 06 लाख रुपए का किया मुआवजा वितरण

तत्पश्चात उन्होंने हाथी प्रभावित क्षेत्र एवं दूरस्थ ग्राम फुलवार का भ्रमण कर ग्रामीणों से बातचीत कर उनकी समस्याओं को सुना एवं त्वरित निराकरण हेतु आश्वस्त करते हुए हाल में हुई हाथी द्वारा जनहानि प्रकरण में मृतिका के परिजन को मुआवजा राशि 06 लाख रूपये चेक के माध्यम से भुगतान करते हुए उपस्थित ग्रामीणों को हाथियों से दूरी बनाये रखने की समझाइश दी तथा कहा कि हाथी आने की सूचना तत्काल वन विभाग को दें। उसके पश्चात उन्होंने वन्यप्राणी हाथियों की सुरक्षा हेतु समन्वय स्थापित करने विद्युत विभाग/वन विभाग के अधिकारी/कर्मचारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

## मप्र से शादी में आया युवक सांकरदाहरा में लापता एसडीआरएफ व पुलिस कर रही नदी में खोजबीन



पायनियर संवाददाता ∢ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

अंचल की जीवनदायिनी शिवनाथ नदी में स्थित सांकरदाहरा में डूबकर एक युवक के लापता होने की खबर है। घटना लगभग दोपहर 3 बजे की बताई जा रही है। युवक को मध्यप्रदेश का बताया जा रहा है। युवक सांकरदाहरा नदी में नहाने आया था। इसी दौरान से युवक लापता है। पुलिस ने मीडिया को बताया कि नदी में लापता युवक देव कुमार चोरिया पिता संतराम चोरिया, 25 वर्ष, ग्राम उकवा, थाना रूपझर, जिला बालाघाट मध्यप्रदेश का निवासी है। वह सांकरदाहरा के समीप के ग्राम खुर्सीटिकुल गांव में विवाह में शामिल होने आया था। इस दौरान सांकरदाहरा नदी में नहाने आया था। खबर लिखे जाने तक पुलिस युवक के डूबने का अंदाजा लगाकर गोताखोरों की मदद से युवक के खोजबीन में जुटी है।

# नौनिहालों के दिलों में भी बसते हैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय

## मुख्यमंत्री साय ने आंगनबाड़ी में बच्चों से किया आत्मीय संवाद, टॉफियां बांटी और पूछा हालचाल

पायनियर संवाददाता ◄ गरियाबंद
www.dailypioneer.com



गरियाबंद जिले के मड़ेली में आयोजित समाधान शिविर के दौरान आज एक अनोखा दृश्य देखने को मिला, जब मुख्यमंत्री विष्णु देव साय अचानक आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण करने पहुँच गए। नन्हें बच्चों के बीच पहुँचे मुख्यमंत्री ने जब पूछा– बच्चों, हमारे देश के प्रधानमंत्री कौन हैं? तो सबने उत्साह से कहा– नरेंद्र मोदी! फिर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री का नाम पूछने पर सभी ने तुरंत उत्तर दिया– विष्णु देव साय! यह दृश्य सिर्फ एक सामान्य संवाद नहीं था, बल्कि यह बताता है कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री की लोकप्रियता केवल युवाओं और बड़े बुजुर्गों तक सीमित नहीं, बल्कि बच्चों के दिलों तक भी पहुँच चुकी है। मुख्यमंत्री साय ने बच्चों को दुलारा, चॉकलेट और टॉफियां बांटी और कुछ पल उनके साथ बिताए। बच्चों की मासूम मुस्कान और स्नेह ने मुख्यमंत्री साय को भी भाव-विभोर कर दिया। उन्होंने आंगनबाड़ी परिसर का अवलोकन किया और बच्चों के साथ आत्मीय संवाद करते हुए कहा कि हमारी सरकार बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए पूरी तरह समर्पित है। आंगनबाड़ियों के माध्यम से हर बच्चे को बेहतर पोषण, स्वच्छता और शिक्षा मिले, यह हम सबकी प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री साय ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि राज्य की सभी आंगनबाड़ियों में बच्चों को पोषण आहार के साथ-साथ एक सुरक्षित, सुंदर और प्रोत्साहनपूर्ण वातावरण भी मिले। उन्होंने कहा कि हमारे बच्चों की परवरिश जितनी श्रेष्ठ होगी, देश का भविष्य उतना ही सशक्त होगा। इस अवसर पर मड़ेली आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 03 की कार्यकर्ता उर्वशी नंदे ने जानकारी दी कि केंद्र में 15 बच्चे नियमित रूप से आते हैं और उन्हें निर्धारित मेन्यू के अनुसार नाश्ता और गर्म भोजन प्रदान किया जाता है। पूरक पोषण आहार वितरण की प्रक्रिया भी प्रतिदिन जारी है। मुख्यमंत्री साय का यह दौरा न केवल योजनाओं की निगरानी का माध्यम बना, बल्कि मुख्यमंत्री और नौनिहालों के बीच एक भावनात्मक संवाद की अनमोल झलक भी दिखा गया।

## 45 साल बाद पूरी होगी पीपरछेड़ी सिंचाई परियोजना, मुख्यमंत्री ने दी ऐतिहासिक स्वीकृति

गरियाबंद जिले के सुदूर वनांचल मड़ेली में एक ऐतिहासिक क्षण उस समय आया, जब मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने 45 वर्षों से अधूरी पड़ी पीपरछेड़ी सिंचाई परियोजना को पूरा करने की घोषणा की। यह घोषणा न केवल एक अधूरे वादे की पूर्णता है, बल्कि क्षेत्र के हजारों किसानों के सपनों की भी पुनर्स्थापना है। 1977 में प्रारंभ हुई इस योजना को घुनघुट्टी नाला पर बांध बनाकर सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुरू किया गया था, लेकिन 1980 में वन अधिनियम लागू होने के कारण वन एवं पर्यावरणीय स्वीकृति न मिलने से कार्य अधर में लटक गया। इसके बाद की कई सरकारों ने इस ओर गंभीर पहल नहीं की, और किसानों की आशाएं धीरे-धीरे धुंधली पड़ती गईं। परंतु मुख्यमंत्री साय ने इस मुद्दे को प्राथमिकता में लिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने पर्यावरणीय स्वीकृति देकर वर्षों पुरानी इस परियोजना को जीवनदान दिया। मुख्यमंत्री साय ने सुशासन तिहार समाधान शिविर में इस बहुप्रतीक्षित स्वीकृति की घोषणा की, जिसे सुनकर उपस्थित जनसमूह ने हर्षोल्लास से वातावरण गुंजायमान कर दिया। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि यह सिर्फ एक परियोजना नहीं, बल्कि किसानों के संघर्ष, प्रतीक्षा और उम्मीद की जीत है। यह सुशासन तिहार का असली अर्थ है लोगों के जीवन में वास्तविक बदलाव लाना। इस निर्णय से न केवल क्षेत्र के किसानों को स्थायी सिंचाई सुविधा मिलेगी, बल्कि फसल उत्पादन और किसानों की आर्थिक स्थिति में भी व्यापक सुधार होगा, जिससे क्षेत्र में समग्र विकास की नई धारा बहेगी।

## मुख्यमंत्री साय ने कमार बस्ती में बांस शिल्प को सराहा परिवार में शादी के लिए स्वयं खरीदे पर्रा, धुकना और सुपा

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



प्रदेशव्यापी सुशासन तिहार के तहत मुख्यमंत्री विष्णु देव साय बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के कसडोल विकासखंड स्थित विशेष पिछड़ी जनजाति क्षेत्र बलदाकछार पहुंचे। यहां उन्होंने बरगद के नीचे चौपाल लगाकर ग्रामीणों से आत्मीय संवाद किया और योजनाओं के क्रियान्वयन की जमीनी हकीकत जानी। चौपाल के उपरांत वे सीधे कमार बस्ती पहुंचे, जहां बांस शिल्प से जीविका चला रहे परिवारों से भी मुलाकात की। मुख्यमंत्री साय ने बस्ती में कुलेश्वरी कमार के परिवार को बांस से परंपरागत घरेलू उपयोग की सामग्री पर्रा, धुकना, सुपा बनाते देखा। उन्होंने न केवल उनके कार्य में गहरी रुचि दिखाई, बल्कि प्रत्येक वस्तु की जानकारी एवं कीमत भी खुद पूछी। मुख्यमंत्री की यह संवेदनशीलता वहां मौजूद सभी ग्रामीणों को आत्मीयता का अनुभव करा गई। मुख्यमंत्री साय को बांस से बनी सामग्रियाँ इतनी पसंद आई कि उन्होंने अपने परिवार में होने वाली शादी के लिए तुरंत दो पर्रा, दो धुकना और एक सुपा खरीद लिया। कुल 600 रुपए की राशि बनती थी, लेकिन मुख्यमंत्री ने कुलेश्वरी को 700 रुपए देकर न केवल उनकी मेहनत का सम्मान किया, बल्कि उनके आत्मविश्वास को भी नई ऊर्जा दी। मुख्यमंत्री साय का यह सहज और संवेदनशील व्यवहार जनप्रतिनिधि के रूप में उनके धरातल से जुड़ाव को दर्शाता है। मुख्यमंत्री साय ने चौपाल में भी यह संदेश दिया कि प्रदेश के हर कोने में बसे अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुँचना चाहिए और पारंपरिक ज्ञान एवं स्थानीय शिल्प को भी राज्य सरकार निरंतर प्रोत्साहन देती रहेगी। परंपरागत शिल्प को प्रोत्साहन देने और स्थानीय कारीगरों की मेहनत को मान्यता देने का यह उदाहरण शासन और समाज के बीच सेतु निर्माण की दिशा में एक प्रेरक कदम है।

## डॉट्स एण्ड लाईन्स का होगा आयोजन देश भर से जुटेंगे ख्याति नाम चित्रकार

■ आज से 16 मई तक राष्ट्रीय प्रिंटकला (प्लेटोग्राफी) पर होगा कार्यशाला

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com




लोक कला, संस्कृति के संरक्षण के लिए वेदांता सिटी, कांदूल रायपुर में 10 से 16 मई तक सात दिवसीय राष्ट्रीय प्रिंटकला (प्लेटोग्राफी) कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन डॉट्स एण्ड लाईन्स नाम से रायपुर में प्रथम बार होगा। इस कार्यशाला में प्रिंटकला के क्षेत्र में आ रहे बदलाव पर विस्तार से चर्चा होगी। कार्यशाल के आयोजनकर्ता चित्रकार एवं प्रिंटमेकर प्रो. व्ही. नागदास ने बताया कि इस कार्यशाला में देश के सुप्रसिद्ध प्रिंटमेकर एवं चित्रकार प्रो. अजित शील (शांति निकेतन, पं. बंगाल), रमेन्द्रनाथ काष्ठा (कोलकाता, पं. बंगाल), प्रो. विजय बगोड़ी (बड़ोदरा, गुजरात), प्रो. धनंजय पाठक (नागपुर, महाराष्ट्र) के साथ प्रतिभागी के रूप में मोना गुप्ता (राउरकेला, ओडिसा), दुर्गा दास (खैरागढ़, छत्तीसगढ़), मुक्ता यदू दास (रायपुर, छत्तीसगढ़), डॉ. अंबरीश मिश्र (प्रयागराज, उत्तरप्रदेश), अर्चना जैन (कोरबा, छत्तीसगढ़), डॉ. निशा चड्ढा (अंबाला, हिमाचल प्रदेश), हेमलता दत्त (बोकारो, झारखण्ड), सुकांत दास (रायपुर, छत्तीसगढ़), अंकिता दौलतबोड़कर (औरंगाबाद, महाराष्ट्र), प्रभात बरमैया (शिवनी, म. प्र.), अर्चना कुमारी (पटना, बिहार) एवं राजन ठाकुर (रायपुर, छत्तीसगढ़) शामिल होंगे।

## प्रयास के 13 बच्चों ने मेरिट में बनाया स्थान, मुख्यमंत्री साय और मंत्री नेताम ने दी शुभकामनाएं

**रायपुर।** कौन कहता है आसमां में सुराख नहीं हो सकता, एक पत्थर तो तबीयत से उछालो यारों" इस उक्ति को प्रयास आवासीय विद्यालय के बच्चों ने अपनी कठिन मेहनत और लगन से आज सच कर दिखाया है। माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा शैक्षणिक सत्र 2024-25 के 10वीं बोर्ड के घोषित परीक्षा परिणामों में प्रयास के 13 बच्चों का मेरिट में आना निश्चित ही एक बड़ी उपलब्धि है। 10वीं बोर्ड का ओवरऑल परीक्षा परिणाम शत् प्रतिशत रहा है, इसमें 98.35 प्रतिशत विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण की है। इन विद्यार्थियों की सफलता पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, मंत्री रामविचार नेताम सहित प्रमुख सचिव सोनमणि वोरा और आयुक्त डॉ. साराशं मित्तर ने शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। खासकर तब, जबकि ये बच्चे बहुत ही सामान्य पृष्ठभूमि से आते हैं एवं अधिकतर नक्सल प्रभावित क्षेत्रों से संबंधित हैं। इन्होंने अपनी मेहनत, दृढ़ इच्छाशक्ति तथा विद्यालय के कड़े अनुशासन एवं अध्यापकों द्वारा दिए गए बेहतर मार्गदर्शन के बल पर बड़ी सफलता प्राप्त की है। अब इनके सपनों को मानों पखों की उड़ान मिल गई है इनमें किसी का लक्ष्य आईएएस बनने का है, तो कोई आईपीएस बनना चाहता है कोई डॉक्टर तो कोई इंजीनियर, तो कोई सीए बनना चाहता है।

## समस्याओं का समाधान करना ही सरकार की प्रथम प्राथमिकता : रामविचार नेताम

पायनियर संवाददाता ◄ रामानुजगंज
www.dailypioneer.com



रामानुजगंज विधानसभा के विधायक एवं कैबिनेट मंत्री रामविचार नेताम ने रामचंद्रपुर विकासखंड अन्तर्गत ग्राम दोलंगी में आयोजित समाधान शिविर में ग्रामीणों की समस्याओं से जुड़े आवेदनो के निराकरण के संबंध में जानकारी लेते हुए 5 गर्भवती महिलाओं का गोदभराई करते हुए पोषण सामग्री का वितरण कर 5 बच्चों का अन्नप्राशन कराया। उन्होंने आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि समस्याओं का समाधान करना ही हमारी सरकार की प्रथम प्राथमिकता है और शासन प्रशासन के प्रयासों से अब सभी के पास पक्का आवास है और जो अभी भी आवास से वंचित है उनका सर्वे जारी है। सर्वे में अपना नाम अवश्य जुड़वाएं। उन्होंने बताया कि इस कलस्टर अंतर्गत 939 लोगों को पहली किस्त जारी की जा चुकी है, 474 हितग्राहियों को दूसरी और 181 हितग्राहियों का आवास पूरा हो चुका है। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कलस्टर अंतर्गत सभी जनों का आयुष्मान कार्ड, केसीसी कार्ड एवं किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत शत-प्रतिशत लाभान्वित करने निर्देश दिए। उन्होंने स्टालों का भी निरीक्षण करते हुए उपस्थित अधिकारियों से कहां की प्राप्त हुए आवेदनों का तत्काल निराकरण करें ताकि जरूरतमंदों को बेहतर लाभ दिलाया जा सके। इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष, जिला पंचायत सदस्य, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व देवेंद्र प्रधान, तहसीलदार मनोज पैकरा सहित स्थानीय जनप्रतिनिधिगण एवं बड़ी संख्या में आम नागरिकगण मौजूद रहे।

### हितग्राही मूलक सामग्री का किया वितरण

उन्होंने शिविर स्थल पर 172 हितग्राहियों को राशन कार्ड,7 किसानों को राष्ट्रीय बागबानी मिशन योजनांतर्गत भिंडी बीज,6 हितग्राहियों को ऋण पुस्तिका, 5 हितग्राहियों को आवास की चाबी, आयुष्मान कार्ड, स्व सहायता का चेक का वितरण किया।

## नौ ईएचवी उपकेंद्रों के लिये कनिष्ठ अभियंता के पद स्वीकृत

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी ने नवनिर्मित 132 केवी ईएचवी उपकेंद्रों (एक्ट्रा हाई वोल्ट सब स्टेशन) में नए पदों की स्वीकृति प्रदान की है, जिसके तहत नौ कनिष्ठ अभियंताओं के पद स्वीकृत किये गए हैं। वे इन उपकेंद्रों में ऑपरेशन एवं मेन्टेनेंस का कार्य संपादन करेंगे। पॉवर कंपनी के अधिशासी निकाय की 117वीं बैठक में इसका निर्णय लिया गया, जिसके बाद ट्रांसमिशन कंपनी के मानव संसाधन विभाग ने पद संरचना का आदेश जारी कर दिया है। इसमें 132 केवी सबस्टेशन छापनी, गुल्लु (आरंग), बैजलपुर, टेमरी, जनकपुर, मेटल पार्क, मल्हार (मस्तुरी), जामगांव व महराजपुर में नौ कनिष्ठ अभियंता के पद स्वीकृत किये गए हैं। इनके अलावा क्षेत्रीय भंडार गृह भिलाई व बिलासपुर में भी कनिष्ठ अभियंता के एक-एक पद स्वीकृत किये गए हैं। जल्द ही यहां पदस्थापना की जाएगी।

## भारतीय सेना के सम्मान में कांग्रेस की तिरंगा यात्रा



पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

भारतीय सेना ने पहलगाम आतंकी हमला का मुंहतोड़ जवाब देते हुये आतंकियों के ठिकानों को ध्वस्त किया। सेना ने जो शौर्य साहस वीरता का परिचय दिया है। प्रदेश कांग्रेस ने भारतीय सेना के सम्मान में राजधानी रायपुर के इंदिरा गांधी चौक कालीबाड़ी से जयस्तंभ चौक तक तिरंगा यात्रा निकाली और सेना को सलामी दी। तिरंगा यात्रा में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, प्रभारी सचिवद्वय जरिता लैतफलांग, विजय जांगिड़ सहित कांग्रेस के नेता एवं कार्यकर्ता हाथों में तिरंगा झंडा लेकर भारत माता जयकारा लगाते हुये पदयात्रा की। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने तिरंगा यात्रा निकाली। तिरंगा यात्रा देश के मान और सम्मान के लिए, देश की एकता भाईचारा के लिए, एकता और अखंडता को बनाए रखने के लिए वर्तमान में हमारा देश आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई लड़ रही है।

## बैंक अधिकारियों पर जमीन घोटाले का आरोप

**रायपुर।** राजधानी रायपुर में स्थित आईडीएफसी फर्स्ट बैंक की रजबंधा मैदान शाखा में बैंक अधिकारियों पर आरोप है कि उन्होंने एक बड़े जमीन घोटाले को अंजाम दिया है। उन्होंने बिना अस्तित्व वाली जमीन को गिरवी रखकर और फिर फर्जी इश्तेहारों के जरिए उसकी नीलामी कर करोड़ों रुपये की हेराफेरी की है। इस घोटाले का मास्टरमाइंड हेमंत नाग जिसने बैंक के ब्रांच मैनेजर, चेन्नई स्थित लोन रिकवरी ऑफिसर और खुद बैंक के सीईओ के साथ मिलकर एक सुनियोजित षड्यंत्र को अंजाम दिया। आरोपियों ने फर्जी दस्तावेजों और अखबार में निकाले गए फर्जी विज्ञापनों के जरिए जमीन बेच दी। जो वास्तव में अस्तित्व में ही नहीं थी। इस मामले में डीडी नगर थाना में एफआईआर दर्ज की गई है, जिसमें षड्यंत्र रचने, धोखाधड़ी और आपराधिक साजिश समेत कई गंभीर धाराएं लगाई गई हैं।


Dr. SARVJEET KAUR'S HOLISTIC HEALING CLINIC
Timing: 12:00 to 8:00 PM
Advance Homoeopathic Treatment with Psychological Counseling for all Cases
विशेष थैरेपिस उपलब्ध
• सूजोक, एक्यूप्रेशर
• रेफ्लेक्सोलॉजी एवं मसाज
• इलेक्ट्रॉनिक एक्यूपंक्चर
• सीड एवं मैग्नेट थैरेपी
• मोक्सिबसन मोक्सा थैरेपी
• कलर थैरेपी, प्राणिक हीलिंग
Dr. Kaur's Clinic
Street Opposite to Deshbandhu School Near Nehar Para, Station Road, Raipur
7898631345
Facilities Online Consultation & Dispatch of Medicines any where in India

शांतिनिकेतन पब्लिक स्कूल
प्रवेश प्रारंभ
AFFILIATED BY C.G. BOARD
CBSE Pattern
नर्सरी से कक्षा 12 वीं तक
प्रथम 50 विद्यार्थियों को निःशुल्क प्रवेश
द्वितीय 50 विद्यार्थियों को प्रवेश शुल्क में 50% की विशेष छूट
साइंस लैब स्पोर्ट्स कम्प्यूटर लैब सी.सी.टी.वी कैमरा बस सुविधा भ्रमण
बाजार चौक के पास, चंगोराभाटा, रायपुर
मो. : 0771 2243085, 2242890, 9425526891, 8827376688
हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, गोल चौक के पास, बोरियाकला
रायपुर मो. 9479116868, 7828168418

10 May 2025 Pride Of Raipur

होमलोन व मार्डगेज लोन
10 लाख से 10 करोड़ तक राष्ट्रीयकृत एवं प्रतिष्ठित बैंक द्वारा
होम लोन ब्याज दर मात्र 8.70%*
मार्डगेज लोन ब्याज दर मात्र 9.50%*
SHRI SIDDHI VINAYAK FINACE
Near Samudayik Bhawan, Jorapara, Raipur
Mob.: 9329002356

दुकान एक कूलर अनेक
कूलर हाउस
रूम ठंडा करने की गारंटी फिटिंग के साथ
75 नये माडलों के साथ विशाल शो-रूम
रूम-विन्डो, हॉल, डक्टिंग, इण्डस्ट्रीयल कूलर

M A K AZAD COLLEGE OF PHARMACY RAIPUR
(Approved/ Affiliated-CSVTU-DTE-PCI)
SANTOSHI NAGAR MATHPURENA, RAIPUR (C.G.)
1 KM FROM RAIPUR BUS STAND
D.PHARMA
B.PHARMA
B.PHARMA (Lateral Entry) (2nd Yr. Direct Admission)
(THE ONLY COLLEGE IN RAIPUR CITY)
HOSTEL/SCHOLARSHIP FACILITY
www.makazadpharmacy.com
CONTACT FOR ADMISSION OR REGISTRATION
0771-4913335, 9425214413, 9329621221

ROYAL PUBLIC SCHOOL
In Pursuit of Excellence
Admission Open
For Play Group, Nursery, Pre-Primary, Classes 1st to 12th (Maths, Bio, Com. Arts)
Audio, Visual, and Play-Way Method of Teaching for Pre-Primary Classes
Chourasiya Coloney Near, Simran City Santoshi Nagar, Raipur
Call - 0771-4913336, 9589085558, 9329621221

R.B.PLUS TENSILE SHADE
WE PERSENT ONLY THE BEST CAR PARK SHADE
WEATHER PROTECTION
Tensile + Membrane + Structure
R.B.Plus RAIPUR 81091 11313 86028 11220

MODEL ENGLISH HR. SEC. SCHOOL
"EDUCATION MAKES FUTURE BETTER"
ADMISSION OPEN
SPECIAL DISCOUNT ON ADMISSION FEES
NURSERY TO 12TH (Biology, Maths, Commerce)
Register Now at www.mesraipur.com
Civil lines, Katora Talab Road, Raipur (C.G.)
Contact : 0771-4000123, 93296-21221

अंकित बाउण्ड्रीवॉल
अब आपके बेशकीमती प्लाट को सुरक्षित रखना हुआ आसान
प्रिकास्ट, ब्रिक्स बाउण्ड्रीवाल, डी.पी. सी पोल फेंसिंग करवाने हेतु संपर्क करें।
V.I.P. रोड रायपुर
98279-59655

Waterproofing With 3 to 10 Years Gurantee
DR. FIXIT WATERPROOFING EXPERT
Bathroom waterproofing
Terrace waterproofing
Terrace garden waterproofing
External wall waterproofing
आपके घर को रखें लिक प्रूफ
9301117779

Cartridge Refilling
Refiling @ Your Door Step
JB Mall, Lower Ground Floor, M.G. Road, Raipur (C.G.)
Callaway Print Your Omagination With Us..
9302787900, 9425211789

विज्ञापन के लिये संपर्क करें : 9827146567, 9329846567


सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी* समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403